नई दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक, से प्रकाशित

# राजस्थान पत्रिका



**जयपुर.** रिमोट दबाकर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, साथ में हैं राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उद्योगपति आनंद महिन्द्रा, कुमार मंगलम बिड़ला, गौतम अदाणी, संजीव पुरी और अजय एस श्रीराम व अन्य ।

**राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट : देश-विदेश के बड़े उद्योगपति-निवेशक हुए शामिल**

# राजस्थान राइजिंग-रिलायबल-रिसेप्टिव भी : पीएम मोदी

### ■ निवेश समिट में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा

### ■ पीएम ने की सीएम भजनलाल एवं उनकी टीम की तारीफ

धरा पर उतरे निवेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का आगाज किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 35 लाख करोड़ के एमओयू होने की घोषणा की। राज्यों के निवेश समिट में ये अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान राजस्थान के आर फैक्टर का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने राजस्थान को 'ट्रिपल आर' से समझाते हुए कहा कि राजस्थान राइजिंग है तो रिलायबल भी, रिसेप्टिव है तो समय के साथ खुद को रिफाइन करना भी जानता है। राजस्थान चुनौतियों से टकराने में माहिर है तो नए अवसर बनाना भी बखूबी जानता है। राजस्थान के लोगों ने भारी बहुमत से रिस्पोंसिव रिफॉर्मिव सरकार बनाई है। राजस्थान का क्षेत्रफल जितना बड़ा है, उसी तरह यहां के लोगों का दिल भी बहुत बड़ा है। पीएम ने अपने भाषण में पूरी तरह से राजस्थान को केन्द्र में रखते हुए निवेशकों को यहां की खूबियां और निवेश वाले क्षेत्र के बारे में बताया।

जेईसीसी में समिट के उद्घाटन सत्र में देश के कई बड़े उद्योगपतियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम ग्लोबल विजन और ग्लोबल इंपैक्ट पर काम करते हुए आत्मनिर्भर भारत के नए सफर पर चल चुके हैं। उन्होंने कहा सरकार औद्योगिक प्रगति के लिए 'होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच' पर काम करते हुए हर सेक्टर, हर फैक्टर को एक साथ बढ़ावा दे रही है।

पढ़ें राजस्थान@पेज 09

### आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने में अहम

**पीएम** मोदी ने कहा कि राजस्थान, दिल्ली एवं मुंबई जैसे दो बड़े आर्थिक केन्द्रों और महाराष्ट्र व गुजरात के पोर्ट्स को उत्तर भारत से जोड़ता है। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का बड़ा हिस्सा राजस्थान से गुजरता है। राजस्थान में जिंक, लेड, कॉपर, मार्बल, लाइमस्टोन, ग्रेनाइट, पोटाश जैसे खनिजों के बड़े भंडार हैं। इस दशक के अंत तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है। इस तरह आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने में राजस्थान का अहम योगदान है।




**प्रधानमंत्री** ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में राजस्थान भारत के टॉप 5 राज्यों में से एक है। यह सेक्टर राजस्थान की बढ़ती ताकत है। यहां 27 लाख से ज्यादा छोटे और लघु उद्योग हैं और 50 लाख से ज्यादा लोग इनमें काम करते हैं।

सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री को चंदन की लकड़ी से बनी कलात्मक तलवार भेंट की।

### राजस्थान निवेश का आकर्षक गंतव्य

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि राजस्थान के पास रोड से लेकर रेलवेज तक, हैंडलूम से लेकर हैंडीक्राफ्ट तक, फार्म से लेकर फोर्ट तक बहुत कुछ है। प्राकृतिक संसाधनों के भंडार,समृद्ध विरासत, विस्तृत लैंडमास, आधुनिक कनेक्टिविटी नेटवर्क और समर्थ युवा शक्ति के कारण राजस्थान निवेश का आकर्षक गंतव्य है। उन्होंने राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में जैतून और जेट्रोपा की खेती, जयपुर की ब्लू पॉटरी, प्रतापगढ़ की थेवा ज्वैलरी, भीलवाड़ा के टेक्सटाइल, मकराना के मार्बल, कोटा डोरिया और नागौर की पान मेथी का जिक्र करते हुए कहा कि आज यहां की सरकार, हर जिले के सामर्थ्य को पहचानते हुए काम कर रही है।

### '35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू'



**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले वर्ष में ही समिट का आयोजन किया है, ताकि इससे मिले निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए सभी आवश्यक कदम ठीक ढंग से और समय पर उठाए जा सकें। इस समिट के प्रारंभ होने से पूर्व ही 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू हो चुके हैं। सीएम ने प्रधानमंत्री को विकसित भारत के शिल्पकार की उपमा देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने ने कहा कि खनिज, पेट्रोलियम, ऑटोमोबाइल, टैक्सटाइल, पर्यटन, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में राजस्थान में निवेश कर अच्छा लाभ अर्जित किया जा सकता है। सीएम ने एक साल में किए प्रमुख कार्यों को भी गिनाया।

## जे नहीं देख्यो राजस्थान, जग में आके के करयो : आनंद महिन्द्रा



आनंद महिन्द्रा | अनिल अग्रवाल | कुमार मंगलम बिड़ला | करण अदाणी

*राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र में चार बड़े उद्योगपतियों के भाषण भी हुए। इनमें से तीन ने राजस्थानी संस्कृति और राजस्थानी अंदाज में भाषण शुरू करते हुए आगामी निवेश की योजनाएं बताई।*

### बड़े उद्योगपतियों ने बताई आगामी निवेश की योजनाएं

■ **महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा** ने खम्मा घणी से अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि राजस्थान की बावड़ियां प्राचीन काल से ही यहां के निवासियों की नवाचारों की प्रवृत्ति को दर्शाती हैं। साथ ही, इन बावड़ियों में राजस्थान के तकनीकी उज्ज्वल भविष्य के बीज भी समाए हैं। उन्होंने जयपुर में महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी से जुड़े अपने अनुभव के बारे में बताया और कहा कि 5 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने मारवाड़ी में बात करते हुए कहा कि 'जे नहीं देख्यो राजस्थान जग में आके के करयो।'

■ **वेदांता समूह के संस्थापक अनिल अग्रवाल** ने राम-राम सा और खम्मा घणी से अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि विश्व में वे देश ही आज सर्वाधिक सफल और विकसित हैं, जिन्होंने भूगर्भ के



संसाधनों का समुचित दोहन किया है। प्राकृतिक संसाधनों से अत्यंत समृद्ध राजस्थान में भी विकास एवं प्रगति की प्रबल संभावनाएं हैं। हमने हिंदुस्तान जिंक और केयर्न एनर्जी के माध्यम से राजस्थान में एक लाख करोड़ रुपए का निवेश कर लगभग एक लाख लोगों को रोजगार प्रदान किया है।

■ **आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला** ने पधारो म्हारे देश से अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि वे मेहमान नहीं, मेजबान हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान से उनका पीढ़ियों से नाता रहा है। राजस्थान से जुड़ाव के कारण ही विश्व में राजस्थान के एम्बेसडर के रूप में उनकी पहचान है। राजस्थान में बिट्स पिलानी व अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ व्यावसायिक क्षेत्र में भी उनके समूह की महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

■ **अदाणी पोर्ट्स एण्ड स्पेशल इकॉनॉमिक जोन के प्रबंध निदेशक करण अदाणी** ने कहा कि राजा-महाराजाओं की धरती रही राजस्थान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए होने वाली प्रगति ही सही मायनों में प्रगति है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में दस साल में 23 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे, अब यह संख्या 11 प्रतिशत रह गई है। करीब ढाई करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

---

**गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड**

### भारतीय फिल्म दो श्रेणी में नामांकित



**लॉस एंजिल्स @ पत्रिका.** 82वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड के लिए भारतीय फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' को दो श्रेणी में नामांकित किया गया है। पहला, गैर अंग्रेजी भाषा श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर के लिए और दूसरा सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए फिल्म निर्देशक पायल कपाड़िया को नामित किया गया है। सोमवार को नामांकन की घोषणा की गई। 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' तीन महिलाओं की कहानी है।

## न्यूज विंडो

### ■ तकनीकी गड़बड़ी पर दो विमान उतारे

**पटना@ पत्रिका.** दिल्ली से शिलांग जा रहे स्पाइस जेट के विमान से सोमवार को पक्षी टकराने के बाद इसकी पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। स्पाइसजेट की ही एक दूसरी उड़ान (चेन्नई-कोच्चि) की तकनीकी गड़बड़ी के बाद चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

### ■ आइएएस मेन्स का रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2024 के परिणाम सोमवार को जारी कर दिए गए। इसे यूपीएससी की वेबसाइट https//upsc.gov. in/ पर जाकर देखा जा सकता है। सिविल सेवा मुख्य परीक्षा, 2024 का लिखित रिजल्ट www. upsconline. nic. in पर भी उपलब्ध है।

---

**बदलेगा मौसम : राजस्थान-मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में बढ़ेगी सर्दी**

# पहाड़ों ने पर्यटकों को बुलाया, बर्फबारी से मैदानों में हल्की शीतलहर आज से

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी ने पर्यटकों को आमंत्रित करना शुरू कर दिया है। शिमला में दशकों बार दिसंबर में बर्फबारी हुई है। हालांकि पहाड़ों में बर्फबारी के कारण अगले चार-पांच दिन मैदानी इलाकों में शीतलहर का नया दौड़ शुरू हो सकता है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अगले तीन दिन तक धीरे-धीरे न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। उसके बाद इस सप्ताह कोई खास बदलाव नहीं दिखेगा। राजस्थान में 13 दिसंबर तक हल्की शीतलहर चलेगी। मध्यप्रदेश में 11 दिसंबर से 13 दिसंबर तो शीत लहर रह सकती है। इनके अतिरिक्त उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी ठंडी हवाएं चलेंगी।

लंबे इंतजार के बाद रविवार को उत्तर भारत के पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में एक साथ अच्छी बर्फबारी और बारिश हुई। मैदानी इलाकों में सामान्य सर्दियों के मौसम के साथ धूप और ठंडी हवा का आनंद फिर से शुरू हो गया है। इस सप्ताह के दौरान मौसम और बेहतर होगा और सामान्य सर्दी बनी रहेगी। यानी सुबह के तापमान में गिरावट और धुंध के साथ हल्की शीतलहर महसूस होगी। दिल्ली में रविवार रात को कुछ इलाकों में हुई हल्की बारिश ने ठंड का अहसास बढ़ा दिया है।

शेष@पेज09




**हिमाचल : लाहौल-स्पीति में -13.1 डिग्री**

■ शिमला के रिज मैदान, कुफरी और सिरमौर के चूड़धार में मौसम की पहली हल्की बर्फबारी हुई।

■ रोहतांग दर्रा, बारालाचा और लाहौल-स्पीति के ताबो में सबसे कम तापमान -13.1 डिग्री दर्ज किया गया।

■ नारकंडा, मनाली और सोलन सहित अन्य क्षेत्रों में पारा शून्य के आसपास पहुंच गया। चंबा के आदिवासी क्षेत्रों में 30 सेंटीमीटर तक बर्फ पड़ी।

**जम्मू-कश्मीर : गुलमर्ग शून्य से 9° नीचे**

■ श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। गुलमर्ग में तापमान शून्य से 9.0 डिग्री से. कम दर्ज किया गया।

■ पहलगाम का तापमान शून्य से 6.8 डिग्री नीचे चला गया, श्रीनगर-लद्दाख राजमार्ग पर जोजिला में न्यूनतम तापमान शून्य से 20 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

**उत्तराखंड : नैनीताल में बर्फ के फाहे**

■ उत्तराखंड में मौसम में एकाएक हुए बदलाव के बाद सोमवार को सीजन का पहला हिमपात हुआ। कुमाऊं के नैनीताल और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भी हिमपात हुआ है। मुनस्यारी की चोटियों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है।

■ सरोवर नगरी नैनीताल में भी सीजन में पहली बार कुछ देर तक बर्फ के फाहे (हिमकण) गिरे। पर्यटन कारोबारी इससे काफी उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि दिसंबर में वर्षों बाद हिमपात देखने को मिल सकता है।

---

**नियुक्ति : राजस्थान कैडर के आइएएस अधिकारी को अहम जिम्मेदारी**

# देश का खजाना भरने वाले आइएएस संजय मल्होत्रा नए आरबीआइ गवर्नर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सरकार ने सोमवार को संजय मल्होत्रा को तीन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) का 26वां गवर्नर नियुक्त किया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंजूरी दी। वह शक्तिकांत दास की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल मंगलवार को पूरा हो रहा है। वह बुधवार को पद संभालेंगे। उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब अर्थव्यवस्था में नए सुधारों के साथ ग्रोथ रेट बढ़ाना चुनौती है। महंगाई पर नियंत्रण और ब्याज दर कम करने का दबाव है।

बीकानेर के मूल निवासी संजय मल्होत्रा 1990 बैच के राजस्थान कैडर के आइएएस अधिकारी हैं। फिलहाल वह वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव हैं, जिनका जिम्मा केंद्र सरकार का खजाना भरने का है। उर्जित पटेल के अचानक पद छोड़ने के बाद शक्तिकांत दास को 12 दिसंबर, 2018 को गवर्नर नियुक्त किया गया था। उन्हें 2021 में तीन साल का सेवा विस्तार भी दिया गया।



संजय मल्होत्रा

### विभिन्न क्षेत्रों में 33 साल का अनुभव

**संजय** मल्होत्रा को फाइनेंस, पावर, आइटी, टैक्सेशन और माइंस समेत अलग-अलग सेक्टर में काम का 33 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने केंद्र और राज्य, दोनों स्तरों पर वरिष्ठ भूमिकाओं में काम किया। दिसंबर 2022 मे राजस्व सचिव नियुक्त होने से पहले वह फाइनेंस सर्विस डिपार्टमेंट में सेक्रेटरी थे। उन्होंने वित्त सुधारों को आगे बढ़ाने और बैंकिंग सेक्टर को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

**बड़ी डील : पिछले साल भी दिया था 470 का ऑर्डर**

## एयर इंडिया फ्रांस की एयरबस से खरीदेगा 100 नए विमान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया ने फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी एयरबस को 100 नए विमानों का ऑर्डर दिया है। इसमें 10 चौड़ी बॉडी वाले ए-350 और 90 संकरी बॉडी वाले ए-320 परिवार के विमान शामिल हैं। यह ऑर्डर एयरबस और बोइंग से पिछले साल किए गए 470 विमानों के ऑर्डर के अतिरिक्त है। एयर इंडिया ने 2023 में एयरबस को 350 विमानों का ऑर्डर दिया था। इसमें 40 ए-350 और 310 ए-320 विमान शामिल हैं। एयर इंडिया ने एयरबस के साथ विमानों के रख-रखाव और मरम्मत के लिए भी समझौता किया है।

### विमानों की खासियत

**एयर इंडिया** ए-350 विमानों को ऑपरेट करने वाली भारत की पहली एयरलाइन है। रोल्स-रॉयस ट्रेंट एक्सडब्लूबी इंजन से चलने वाले ये विमान ईंधन की खपत में किफायती, आरामदायक और लंबी दूरी की उड़ानों में सक्षम हैं। दिल्ली से लंदन और न्यूयार्क तक बिना रुके उड़ान भरने वाले इन विमानों में यात्रियों को नया अनुभव मिलेगा।

---

**बच्चों को घर भेजा**

## दिल्ली के चालीस स्कूलों को बम की धमकी से हड़कंप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली के करीब 40 स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया। कई स्कूलों में बच्चों को घर भेज दिया गया। स्कूलों को मिले ई-मेल में कहा गया कि बम लगा दिए गए हैं। बम छोटे हैं और अच्छी तरह छिपाए गए हैं। अगर 30 हजार डॉलर नहीं दिए गए तो धमाके शुरू हो जाएंगे। डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दल की टीमों ने सभी स्कूलों की तलाशी ली, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ■ अलवर ■ अहमदाबाद ■ इंदौर ■ उज्जैन ■ उदयपुर ■ कोटा ■ कोलकाता ■ खंडवा ■ ग्वालियर ■ चेन्नई ■ छिंदवाड़ा ■ जगदलपुर ■ जबलपुर ■ जयपुर ■ जोधपुर ■ झुंझुनूं ■ दिल्ली ■ नागौर ■ नर्मदापुरम ■ पाली ■ बाड़मेर ■ बांसवाड़ा ■ बिलासपुर ■ बीकानेर ■ बेंगलूरु ■ भरतपुर ■ भिलाई ■ भीलवाड़ा ■ भोपाल ■ रतलाम ■ रायपुर ■ सतना ■ सागर ■ सीकर ■ सूरत ■ शहडोल ■ श्रीगंगानगर

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अहमदाबाद में रामकृष्ण मठ के कार्यक्रम को किया संबोधित

# राजनीति में भी देश का नेतृत्व करें युवा, यह आज की जरूरत: पीएम मोदी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज जरूरत है कि टेक्नोलॉजी और दूसरे क्षेत्रों की तरह ही हमारे युवा राजनीति में भी देश का नेतृत्व करें। अब हम राजनीति को केवल परिवारवादियों के लिए नहीं छोड़ सकते। इसलिए, हम नए वर्ष 2025 में एक नई शुरुआत करने जा रहे हैं। वे सोमवार को अहमदाबाद में रामकृष्ण मठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मठ के स्वामी गौतमानंद महाराज, देश-विदेश से आए मठ और मिशन के संतगण, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल उपस्थित रहे। अहमदाबाद जिले की साणंद तहसील के लेखंबा गांव में मठ के नए प्रार्थना खंड की प्रतिष्ठा, साधु निवास का लोकार्पण भी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी 2025 को, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर, युवा दिवस के अवसर पर दिल्ली में यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन होगा। इसमें देश से 2 हजार चयनित युवाओं को बुलाया जाएगा। युवाओं के दृष्टिकोण से विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा होगी। युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए रोडमैप बनाया जाएगा। हमारा संकल्प है, हम आने वाले समय में एक लाख प्रतिभाशाली और ऊर्जावान युवाओं को राजनीति में लाएंगे। ये युवा 21वीं सदी के भारत की राजनीति का नया चेहरा बनेंगे। देश का भविष्य बनेंगे।



**युवा शक्ति ही राष्ट्र की रीढ़:** मोदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद मानते थे कि युवाशक्ति ही राष्ट्र की रीढ़ होती है। स्वामी जी ने कहा था-'मुझे आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे 100 युवा दे दो, मैं भारत का कायाकल्प कर दूंगा'। अब समय है, हम वो ज़िम्मेदारी उठाएं। आज भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है। ये भारत की युवाशक्ति है, जो आज विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर रही है। इसने भारत के विकास की कमान संभाली है। आज देश के पास समय भी है, संयोग भी है, स्वप्न भी है। इसलिए, हमें राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में नेतृत्व के लिए युवाओं को तैयार करने की जरूरत है।

### स्वामी विवेकानंद टूरिस्ट सर्किट की रूपरेखा बना रही है सरकार

मोदी ने कहा कि गुजरात से स्वामी विवेकानंद के संबंधों की स्मृति में गुजरात सरकार स्वामी विवेकानंद टूरिस्ट सर्किट के निर्माण की रूपरेखा तैयार कर रही है। स्वामी विवेकानंद की जीवन यात्रा में गुजरात की बड़ी भूमिका रही। गुजरात में ही स्वामी को सबसे पहले शिकागो विश्वधर्म महासभा के बारे में जानकारी मिली थी। यहीं पर उन्होंने कई शास्त्रों का अध्ययन कर वेदांत के प्रचार के लिए अपने आप को तैयार किया था। 1891 के दौरान स्वामी पोरबंदर के भोजेश्वर भवन में कई महीने रहे। गुजरात सरकार ने ये भवन स्मृति मन्दिर बनाने के लिए रामकृष्ण मिशन को सुपुर्द किया है।

## खेल-खेल में चौथी मंजिल से गिरे 4 छात्रों की मौत

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दिल्ली के रोहिणी इलाके में सोमवार को बीबीए के चार छात्र खेल-खेल में चौथी मंजिल से गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला ईशान और दिल्ली के पालन निवासी हर्ष पीजी में रूममेट थे व दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी और भगवान परशुराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीबीए कर रहे थे। अन्य दो दोस्त उनसे मिलने पीजी आवास आए थे। पुलिस के बताया कि पहले ईशान और हर्ष के टैरेस से गिरने की सूचना मिली। बाद में स्थानीय लोगों ने बताया कि दो अन्य छात्र खिड़की से कूदे थे। ईशान और हर्ष दो माह पहले ही पीजी में शिफ्ट हुए थे। अन्य दो कॉमन फ्रेंड थे।

### ■ सिसोदिया और राखी की सीट बदली





मनीष सिसोदिया व राखी बिड़लान

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने सोमवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की। इसमें 20 सीटों में से 18 पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं। मनीष सिसोदिया को पटपड़गंज की जगह जंगपुरा सीट से प्रत्याशी बनाया गया डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान मंगोलपुरी की बजाय मादीपुर से चुनाव लड़ेंगी।

मध्यप्रदेश को नदी जोड़ो परियोजना में केन्द्र से मिली 2 बड़ी सौगात

# 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा पूर्व पीएम वाजपेयी का सपना'

### एमची में 11 दिसम्बर से मनाया जाएगा 'जन कल्याण पर्व' और 'मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल/नई दिल्ली.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को नदी जोड़ो अभियान अंतर्गत 2 बड़ी परियोजनाएं दी हैं। इसमें बुंदेलखण्ड क्षेत्र की केन-बेतवा वृहद परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना हैं। इन दोनों परियोजनाओं से मध्यप्रदेश के साथ उत्तरप्रदेश और राजस्थान भी लाभान्वित होंगे।

उन्होंने बताया कि शीघ्र ही केन-बेतवा परियोजना का भूमि-पूजन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जायेगा। केन-बेतवा परियोजना से मध्यप्रदेश के बुंदेलखण्ड क्षेत्र में वृहद स्तर पर सिंचाई होगी। साथ ही पेयजल भी उपलब्ध होगा। इससे पूरे क्षेत्र में समृद्धि आयेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत् दो दशकों से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना का हल निकालकर प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के 10 और राजस्थान के 13 जिलों को अनूठी सौगात दी है। साथ ही भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की नदी जोड़ो परियोजना के स्वप्न को साकार किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली में मीडिया प्रतिनिधियों से मध्यप्रदेश में 11 दिसम्बर से शुरू हो रहे मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान और जनकल्याण पर्व में संचालित होने वाली गतिविधियों और राज्य सरकार एक वर्ष के कार्यकाल में हुए जनहित एवं विकास के कार्यों को साझा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों और नवाचारों के माध्यम से नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश में शुरू किये जा रहे जन कल्याण अभियान और पर्व के दौरान नगरों और ग्रामों में 18 हजार करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन, शासकीय योजनाओं से वंचित रहे पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने के साथ आमजन से जुड़ी 63 शासकीय सेवाओं से संबंधित समस्याओं का शिविर लगाकर मौके पर निराकरण किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ाते हुए किसानों और नागरिकों के हित में निरंतर कार्य किया है। कृषि के साथ अब पशुपालन को बढ़ावा दे रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादन पर बोनस प्रदान करेगी। हाल ही में राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ करारनाम हुआ है। प्रदेश का दुग्ध उत्पादन देश के दुग्ध उत्पादन का 9 प्रतिशत है जिसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाएगा। इससे किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ेगी। प्रदेश में किसानों के हित में सायबर तहसील व्यवस्था प्रारंभ की गई है, जो देश में अनूठी है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके निवास में सौजन्य भेंट की।

### ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर संयंत्र एवं आईटी पार्क एमपी की पहचान, समृद्धि के प्रयास तेज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया गया है। यह देश में अनोखा है। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अलग पहचान बना रहा है। इसके साथ ही कई आईटी पार्क युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। मध्यप्रदेश की खनिज संपदा, जल संपदा का उपयोग कर समृद्धि की संभावनाएं साकार कर रहा है। हाल ही में संभाग स्तर पर सम्पन्न उद्योग कॉन्क्लेव रोजगार वृद्धि और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध होंगी। प्रदेश के बजट को साढ़े तीन लाख करोड़ से बढ़ाते हुए 4 वर्ष में 7 लाख करोड़ रूपए तक ले जाने का लक्ष्य है। यह प्रयास है कि जीडीपी में वृद्धि हो और मध्यप्रदेश भारत को विश्व की महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प में सहयोगी हो।

### नारी सशक्तिकरण के किए जा रहे प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में लाड़ली बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह 1250 रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। नारी सशक्तिकरण के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को विभिन्न पदों पर 35 प्रतिशत आरक्षण का निर्णय लिया गया है। साहस की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से श्री अन्न प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है। वीरांगना की स्मृति में दमोह जिले के सिंग्रामपुर में मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की गई।

बाउमा कॉन एक्सपो इंडिया 2024 का उद्घाटन कल

## 100 से अधिक देशों के निर्माण, खनन से जुड़े उद्यमी जुटेंगे

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** केन्द्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बाउमा ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में कॉन एक्सपो इंडिया 2024 का उद्घाटन बुधवार को करेंगे। इसमें सौ से अधिक देशों के निर्माण, खनन, प्रोद्योगिकी से जुड़े उद्यमी भाग लेंगे।

इस कार्यक्रम के आयोजक भूपिंदर सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जो वैश्विक नवाचार और भारत की अनूठी ताकतों के बीच सेतु का काम करे, और सहयोग और विकास को बढ़ावा दे। यह 14 दिसंबर तक चलेगा। इसमें 100 से अधिक देशों के 75,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुक और 1,000 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे। यह मंच वैश्विक सहयोग और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिए इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने पर चर्चा करेगा। यह केवल एक ट्रेड शो नहीं है, बल्कि यह व्यापारिक विकास का उत्प्रेरक है। बाउमा कॉन एक्सपो इंडिया 2024 के अध्यक्ष दिमित्रोव कृष्णन ने बताया कि विकसित भारत 2047 लक्ष्य के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटना जरूरी है। बुनियादी ढांचा अब सिर्फ निर्माण के बारे में नहीं है; यह जीवन को बदलने और नई संभावनाओं को बनाने का कार्य है। के. विश्वनाथन ने बताया कि बुनियादी ढांचा विकास देश की समग्र विकास यात्रा की रीढ़ है।

## सोरेस इतना बड़ा मुद्दा है तो प्रत्यर्पण की कार्रवाई करें सरकार: कांग्रेस

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जॉर्ज सोरेस को लेकर भाजपा के हमलावर रुख के बाद कांग्रेस ने अब पलटवार किया है।

कांग्रेस मीडिया व प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि यदि जॉर्ज सोरेस इतना बड़ा मुद्दा है तो सरकार को प्रत्यर्पण की कार्रवाई करनी चाहिए। खेड़ा ने बयान जारी कर कहा कि अपने दोस्त को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के मित्र देशों से रिश्ते ख़राब कर रहे हैं। साथ ही भारत के शत्रु देशों को क्लीन चिट दे देते हैं। सोरोस अगर इतना बड़ा मुद्दा है तो प्रत्यर्पण की कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने भाजपा से कई सवाल भी पूछे हैं।

### भाजपा से इन सवालों के मांगे जवाब

- भाजपा के किस किस नेता के बच्चों को विदेशों में शिक्षा के लिए किस फाउंडेशन से स्कालरशिप मिली?
- इंडिया फाउंडेशन और विवेकानंद फाउंडेशन को चीन से कब और कितना पैसा मिला?
- एस्पेन इंस्टिट्यूट से एस जयशंकर के पुत्र के क्या संबंध रहे?, जर्मन मार्शल फण्ड से उनके क्या संबंध रहे? उक्त दोनों संस्थाओं के जॉर्ज सोरेस से क्या संबंध हैं?

1000 झुग्गियों में चला रही जनसंपर्क अभियान

## दिल्ली विधानसभा चुनाव: भाजपा ने झुग्गी झोपड़ियों में बढ़ाया फोकस

### 15 दिसम्बर को सभी बस्तियों में भाजपा कार्यकर्ता करेंगे रात्रि विश्राम

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव आते ही भाजपा ने प्रदेश की एक हजार से अधिक झुग्गी झोपड़ियों में फोकस बढ़ाया है। यहां रहने वाले लोगों की समस्याएं जानने के बहाने भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पार्टी के लिए वोट मांगने में जुटे हैं।

15 दिसंबर को 968 झुग्गियों में बीजेपी नेता रात्रि विश्राम करेंगे। दरअसल, भाजपा के रणनीतिकारों का मानना है कि आम आदमी का सर्वाधिक वोट झुग्गी झोपड़ियों से निकलता है। यहां रहने वाले लोगों का मतदान प्रतिशत भी अन्य इलाकों की तुलना में ज्यादा होता है। ऐसे में पार्टी ने हर झुग्गी में नेताओं के रात्रि विश्राम की योजना बनाई है। 15 दिसंबर से पूर्व भी एक बार सभी नेता इन बस्तियों में जा चुके हैं।

### केजरीवाल को घेरने की रणनीति

बीजेपी ने झुग्गियों में जाकर वहां की समस्याओं के लिए सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को घेरने की रणनीति बनाई है। भाजपा नेताओं का कहना है की आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार के कारण झुग्गी बस्तियों का बुरा हाल हो गया है। न सड़कें, न सफाई और न ही पीने का पानी। दिल्ली के झुग्गीवासी आज मुलभूत सुविधा से भी वंचित है। भाजपा की सरकार बनते ही झुग्गी में रहने वालों के सपनों को पूरा करने का काम दिल्ली भाजपा करेगी।

**अच्छी खबर:** नाकाबंदी, संदिग्धों पर रोक, सर्च ऑपरेशन से अंकुश...

## जयपुर कमिश्नरेट: 7% गिरा अपराध का ग्राफ

### महिला अत्याचार के मामलों में 5 प्रतिशत की कमी दर्ज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** जयपुर कमिश्नरेट में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है कि गत वर्ष की तुलना में यहां अपराध में 7 प्रतिशत की कमी हुई है। नाकाबंदी का बदला तरीका, देर रात खुलने वाले डिस्को बार व अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर पाबंदी लगाने और अपराधियों के खिलाफ एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाने के कारण यह हुआ। आंकड़ों पर गौर करें तो अनुसूचित जाति के मामलों में 13 प्रतिशत व जनजाति अत्याचार के मामलों में भी 7 प्रतिशत अपराध की कमी हुई हैं। कमिश्नरेट में महिला अत्याचार के मामलों में 5 प्रतिशत की कमी हुई हैं। गत वर्ष जनवरी से नवम्बर तक अपराध के 28271 प्रकरण दर्ज हुए, वहीं इस वर्ष 26422 प्रकरण दर्ज हुए।



बीजू जॉर्ज जोसफ

सरकार के अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश व पुलिसकर्मियों की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सका, जिसके कारण अपराध में कमी हुई। क्राइम ब्रांच हो या फिर डीसीपी की जिला स्पेशल टीम और थाना पुलिस सभी संयुक्त रूप से अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटे। कमिश्नरेट पुलिस आगे भी अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करेगी।
**-बीजू जॉर्ज जोसफ,** कमिश्नर, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट

### जनवरी से नवम्बर तक अपराध के आंकड़े

| अपराध | वर्ष 2023 | वर्ष 2024 |
|---|---|---|
| हत्या | 122 | 93 |
| हत्या का प्रयास | 128 | 117 |
| डकैती | 03 | 04 |
| लूट | 153 | 129 |
| अपहरण | 865 | 856 |
| बलात्कार | 602 | 602 |
| बलवा | 39 | 41 |
| चोरी | 9378 | 8094 |
| अन्य | 16112 | 15351 |

### महिला अत्याचार: अपराध के आंकड़े

| अपराध | वर्ष 2023 | वर्ष 2024 |
|---|---|---|
| दहेज हत्या | 34 | 26 |
| आत्महत्या को उकसाना | 22 | 21 |
| दहेज प्रताड़ना | 1565 | 1538 |
| अपहरण | 583 | 556 |
| बलात्कार | 602 | 602 |
| छेड़छाड़ | 746 | 651 |
| अन्य | 102 | 81 |

(जनवरी से नवम्बर तक के आंकड़े)

### एक नजर इन पर भी

एडि. पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि अनुसूचित जाति अत्याचार के गत वर्ष 460 प्रकरण दर्ज हुए थे। इस वर्ष 401 प्रकरण दर्ज हुए हैं। अनुसूचित जनजाति अत्याचार के गत वर्ष 214 प्रकरण दर्ज हुए, जो इस वर्ष घटकर 198 दर्ज हुए। वाहन चोरी पर भी लगाम लगा है। गत वर्ष 622 चौपहिया वाहन व 6192 दोपहिया वाहन चोरी हुए। इस वर्ष 555 चौपहिया वाहन व 5315 दोपहिया वाहन चोरी के मामले सामने आए।

सीएम यादव ने म्यूजिकल एल्बम जारी किया

## भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं और आदर्श समूचे समाज के प्रेरणास्रोत



पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विराट व्यक्तित्व के धनी थे। भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म से लेकर मृत्यु तक अपनी लीलाओं और आदर्शों के माध्यम से समूचे समाज को प्रेरणा दी है। संसार का एकमात्र सत्ता परिवर्तन ऐसा हुआ जब सत्ताधीश कंस को मारने के बाद श्रीकृष्ण सत्ताधीश बनाने के बजाय उज्जैन आकर शिक्षा ग्रहण कर शिक्षा की महत्ता सिखाते हैं।

वृंदावन छोड़ने के बाद भी उन्होंने गांव की संस्कृति के महत्व को दर्शाते हुए मोर मुकुट लगाना नहीं छोड़ा। 5000 वर्षों बाद भी कल्पनाशीलता के आधार पर जनमानस को प्रभु की लीलाओं का साक्षी बनाने का कार्य राजाधिराज लव.लाइफ.लीला नाटक का काम किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने धनराज और भूमि नाथवानी सहित पूरी टीम को इस संगीतमय प्रस्तुति की लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री आज दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में धनराज नाथवानी कृत राजाधिराज लव-लाइफ-लीला के म्यूजिकल एल्बम विमोचन कार्यक्रम को संबोधित का रहे थे। राजाधिराज लव-लाइफ-लीला भगवान श्रीकृष्ण के जीवनलीलाओं का चित्रण करता एक सुपरहिट मेगा म्यूजिकल नाटक है। इस नाट्य के गीतकार प्रसून जोशी, संगीतकार सर्व सचिन-जिगर, निर्माता भूमि नाथवानी और निर्देशक शर्मा हैं। नाट्य में भारतीय शास्त्रीय और पश्चिमी सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा का सम्मोहक मिश्रण है जिसमें मंच अभिनेताओं द्वारा लाइव गायन किया गया है।

हवेली संगीत, राजस्थानी और गुजराती लोक, सपकरा, रास गरबा और हिंदुस्तानी अर्ध-शास्त्रीय संगीत जैसी कई शैलियों पर आधारित संगीत और कत्थक, रास गरबा, भरतनाट्यम, छऊ और कलारी जैसी नृत्यकलाओं को इस नाट्य में सम्मिलित किया गया है।

पत्रिका
विस्तृत खबरों और फोटोग्राफ्स के लिए देखें...
patrika.com

युवा मंच के जरिए युवा बेरोजगारी और नशाखोरी के खिलाफ अपनी बात रख सकेंगे

# यूथ कांग्रेस ने 'यंग इंडिया के बोल-5' मंच को किया लॉन्च

### ऐप से होगा रजिस्ट्रेशन

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय यूथ कांग्रेस ने सोमवार को 'यंग इंडिया के बोल' मंच के पांचवें संस्करण का शुभारंभ किया है। इस दौरान एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार और यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की उपस्थिति में मंच से जुड़ा पोस्टर भी लॉन्च किया गया। देश के युवा मंच के जरिए बेरोजगारी और नशाखोरी के खिलाफ अपनी बात रख सकेंगे। इस मंच पर रजिस्टर करने के लिए विथ आइवायसी ऐप डाउनलोड करना होगा।




यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि आज देश के युवाओं में बेरोजगारी और नशाखोरी की दो बड़ी समस्याएं हैं। इसके खिलाफ यूथ कांग्रेस ने आंदोलन शुरू किया है, जिसका नाम 'नौकरी दो, नशा नहीं' है। यह सब जानते हैं कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, हजारों-लाखों करोड़ का नशा हमारे देश के युवाओं को तबाह कर रहा है। इसे रोकने की जिम्मेदारी मोदी सरकार की है, लेकिन इस ओर उसका बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। इसके खिलाफ यूथ कांग्रेस लगातार प्रयास कर रही है, इसलिए हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा युवा हमारे साथ जुड़ें। कई युवा हमारे साथ जुड़ना चाहते हैं, लेकिन आंदोलन में नहीं आ सकते। उनके लिए यूथ कांग्रेस ने 'यंग इंडिया के बोल' के पांचवें संस्करण को लॉन्च किया है। इसके जरिए यूथ कांग्रेस ने देश के युवाओं को एक मंच दिया है।

### युवाओं के हालात बदलने के लिए करते हैं रचनात्मक कार्यक्रम

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि देश में युवाओं के हालात बदलने और उनकी समस्याओं का हल निकालने के लिए कई तरह के रचनात्मक प्रोग्राम भी करते रहे हैं। 'यंग इंडिया के बोल' देश भर के नौजवानों के लिए अपना पक्ष रखने और हमारे साथ जुड़ने का एक मंच है। इसके माध्यम से युवा बेरोजगारी के खिलाफ अपनी बात रखेंगे। आज देश में युवाओं के पास रोजगार नहीं है। हालात ये हैं कि आईआईटी-आईआईएम वालों को भी रोजगार नहीं मिल रहा। भारत दुनिया का सबसे नौजवान देश है। 55 प्रतिशत जनसंख्या युवा है, दुनिया का हर पांचवां युवक भारतीय है। इतना नौजवान भारत कभी नहीं था। इतनी नौजवान आबादी, पढ़े लिखे युवा होने के बावजूद वास्तवविकता यह है कि एक घंटे में दो नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। यह दर किसानों की आत्महत्या दर से भी अधिक है। यह कितनी दर्दनाक बात है कि जनसंख्या वृद्धि दर से आत्महत्या वृद्धि दर आगे निकल गई है। कन्हैया ने कहा कि मानव इतिहास में आज पहली बार ऐसा हो रहा है कि नौजवान नौकरी लेने से पहले ऋणी हो जाता है।

**पोलमपोल** भायो

सेठाँ का अर राज का, वादा साचा देख।
होय उजाळो रात में, ई में मीन न मेख!!

साइबर ठगी का नया पैंतरा: मोबाइल नंबर किसी का, क्यूआर कोड किसी और का देकर ट्रांसफर करवा रहे रुपए

# यूट्यूब चैनल मोनोटाइज के बहाने बैंक खाता कर रहे खाली

पत्रिका रक्षा कवच — अपराधों के विरुद्ध पत्रिका अभियान






पत्रिका अभियान की खबर की फोटो भेजने पर ठग ने चेट डिलीट कर दी।

चन्द्रप्रकाश ओझा
patrika.com

**बीकानेर.** सोशल मीडिया पर रील और वीडियो अपलोड कर पैसे कमाने की लोगों में ललक को भांपकर ठगों ने इसे ठगी का नया हथियार बना लिया है। झांसे में लेने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ही इसका प्रचार कर लोगों को फांसते हैं। लोगों को मोबाइल पर कॉल कर यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पेज को मोनोटाइज करने का ऑफर देते हैं। इसके बदले फीस के नाम पर ऑनलाइन रुपए लेते हैं। पैसे मिलते ही मोबाइल नंबर बंद कर देते हैं।

इस पैटर्न की जब पत्रिका ने पड़ताल की तो चौंकाने वाली बातें सामने आईं। ठगों के निशाने पर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्यादा हैं। यूट्यूब चैनल मोनोटाइज कराने के नाम पर 200 से 2000 रुपए तक की फीस लगने की बात कहकर क्यूआर कोड भेजते हैं। फिर ठगी करते हैं।

## पत्रिका की पड़ताल में कई खुलासे

**पत्रिका** ने सोशल मीडिया चैनल या पेज को मोनोटाइज करने के विज्ञापनों में दिए नंबरों पर कॉल की। किसी ने क्यूआर कोड भेजकर रुपए भेजने के लिए कहा। उनसे बैंक खाते की डिटेल मांगी, तो खाता धारक का नाम तक भेज दिया। खातों की पड़ताल की, तो ये यूपी और एमपी के बैंक शाखाओं के मिले। ऐसे लोगों से बात की जिसमें कई खुलासे हुए-

1. मोबाइल 78xxxxxx24 से मिली बैंक डिटेल इंडियन ओवरसीज बैंक बिसौली, बदायूं यूपी में कुलदीप मीणा के नाम पर था। खाता- 243501000005560 और आएफएससी कोड- IOBA0002435 था।
2. मोबाइल 78xxxxxx08 से बात करने पर इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक गोल मार्केट नई दिल्ली का खाता - 047110047838 और आएफएससी -IOPS0000001 दिया। खाता देवकिशन गुर्जर के नाम पर संचालित है। जिस पर पैसे भेजने के लिए कहा गया।
3. मोबाइल 74xxxxxx03 से एक्सिस बैंक कनाडिया रोड इंदौर की ब्रांच में खाता - 924010002340846 5 पर रुपए मांगे। खाता हिमांशी शर्मा के नाम से संचालित है।

## सावधान रहें, रिपोर्ट करें

शेयर बाजार में निवेश कर अच्छा रिर्टन दिलाने के मामले तो पुलिस तक आ रहे हैं। यूट्यूब या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मोनोटाइज कर पैसे कमाने का लालच देकर ठगी के मामले अभी ज्यादा सामने नहीं आए हैं। फिर भी कोई ऐसा करे, तो रिपोर्ट करें। कोई कॉल कर कहे, तो उस पर विश्वास नहीं करें। फिर भी कोई ठगी का शिकार हो जाता है, तो तुरंत पुलिस निरीक्षक साइबर थाने को सूचना दें।

**- गोविन्द व्यास,** पुलिस निरीक्षक साइबर थाना बीकानेर

कोर्ट में सहमति पत्र बनवाया

# सहेलियां बनी हमसफर, एक दूल्हा तो दूसरी दुल्हन



शादी के बाद लड़का बनी सोनम (लाल शर्ट) रीना हरे सूट में।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भवानीमंडी.** झालावाड़ जिले के भवानीमंडी में सोमवार को अनूठा मामला सामने आया। यहां रहने वाली एक युवती ने पास के कस्बे की अपनी सहेली से शादी कर ली। अब दोनों जीवनसाथी के रूप में जीवन व्यतीत करेंगी। उन्होंने अदालत परिसर में जाकर वकील से शादी का सहमति पत्र भी तैयार करवा लिया।

भवानीमंडी के पावर हाउस के पास रहने वाली सोनम माली (21) दूल्हा बनी तो उसकी सहेली भैंसोदामंडी निवासी रीना शर्मा (23) दुल्हन। दोनों मजदूरी करती हैं और पिछले चार साल से दोस्त थी। दोनों रोजाना घंटों मोबाइल पर बातें करती और अपना सुख-दुख साझा करती।

**रीना को घर से निकाल दिया था:** सोनम ने बताया कि रविवार रात को रीना की मां व भाई ने रीना से झगड़ा किया था। झगड़े के बाद उन्होंने उसे घर से बाहर निकाल दिया। रीना ने सोनम को पूरा घटनाक्रम बताया और कहा कि अब वह उसके साथ रहेगी। यदि ऐसा नहीं हुआ तो वह आत्महत्या कर लेगी। सोनम ने सारा वाकया अपने माता-पिता को बताया। उनकी सहमति मिलने के बाद सोनम ने सोमवार को रीना के साथ शादी कर ली।

**मां ने बहू की तरह स्वागत किया:** सोनम की मां गणेशी बाई ने रीना का स्वागत अपनी बहू की तरह किया। उन्होंने सारे रीति-रिवाज उसका घर में प्रवेश करवाया। गणेशी बाई ने कहा कि दोनों का प्यार देखकर उन्होंने शादी के लिए स्वीकृति दे दी। उन्होंने शादी के लिए अदालत परिसर में जाकर नोटरी से शपथ पत्र बनवाया। रीना के मां और भाई उसकी शादी के लिए सहमत नहीं थे।

### 4 साल से दोस्ती

**सोनम** ने बताया कि उनकी दोस्ती को चार साल हो गए। मोबाइल पर दोनों एक-दूसरे से सारी बातें शेयर करते थी। धीरे-धीरे उनकी नजदीकियां बढ़ गई। कुछ माह से परिजन उन्हें फोन पर बात करने से मना करने लगे थे। इस पर रीना जहां पर रोटी बनाने जाती थी, वह वहीं जाकर उससे मिलने लगी। दोनों के बीच अटूट रिश्ता कायम हो गया और उन्होंने जीवनसाथी के रूप में रहने का फैसला किया।

## ट्रेंडिंग वीडियो




1. आनंद महिंद्रा ने की राजस्थान की तारीफ




2. सीरिया में अमरीका की एंट्री, रूस तक मचा हड़कंप

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जमीन विवाद में चाचा को मौत के घाट उतारा

**कोटड़ा (उदयपुर) @ पत्रिका.** बेकरिया थाना क्षेत्र के पांडीबोर में जमीन विवाद के चलते सोमवार को दो भतीजों ने चाचा भूता गरासिया (42) को लठ से पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी शैतान और रेशमा मौके से फरार हो गए। वहीं बेकरिया पुलिस टीम गठित कर जगह-जगह दबिश दे रही है।

### सहायक आचार्य अंग्रेजी के साक्षात्कार शुरू

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के तहत अंग्रेजी विषय के 153 पदों के लिए प्रथम चरण के साक्षात्कार सोमवार से शुरू हो गए। इस दौरान विभिन्न बोर्ड में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए भेजा गया। अभ्यर्थियों के पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र, डिग्री, मार्कशीट, सर्टिफिकेट की जांच की गई। साक्षात्कार 24 दिसम्बर तक जारी रहेंगे।

### उत्तरकुंजी पर ऑनलाइन आपत्ति कल से

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने प्राध्यापक विद्यालय ( संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा-2024 की मॉडल उत्तर कुंजी पर ऑनलाइन आपत्ति मांगी है। अभ्यर्थी 11 से 13 दिसम्बर तक ऑनलाइन आपत्ति दे सकेंगे। मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि जनरल अवेयरनेस एवं जनरल स्टडीज, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, यजुर्वेद, सामान्य व्याकरण, व्याकरण एवं साहित्य विषय की उत्तरकुंजी वेबसाइट पर अपलोड की गई है। अभ्यर्थी मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार प्रामाणिक दस्तावेजों के साथ आपत्ति दे सकेंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए सौ रुपए शुल्क देना होगा।

कक्षा 9 से 12 की राज्य स्तरीय परीक्षा में 10 की बजाय 20 रुपए प्रति छात्र वसूली

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा में प्रति छात्र दोगुना शुल्क बढ़ाकर शिक्षा विभाग कमाएगा ढाई करोड़

*जिला स्तरीय परीक्षाओं में पेपर छपाई और वितरण में 7 से 13 रुपए प्रति छात्र आया खर्च*

सचिन माथुर
patrika.com

**सीकर.** कक्षा 9 से 12 की राज्य स्तरीय अर्द्धवार्षिक परीक्षा के 20 रुपए शुल्क पर उठे विवाद के बीच बड़ा खुलासा हुआ है। विद्यार्थियों की परीक्षा के बहाने इस फीस से शिक्षा विभाग का करीब ढाई करोड़ रुपए कमाने का प्लान है।

पिछले साल जिला स्तर पर हुई परीक्षा के विभिन्न जिलों के खर्च की शिक्षा विभाग से प्रिंटिंग प्रेस तक में की गई पड़ताल से यह बात साफ हुई है। जिसमें सामने आया है कि जिला समान परीक्षा योजना के तहत विभिन्न जिलों में प्रकाशन से लेकर वितरण तक में प्रति छात्र औसतन 10 रुपए तक खर्चा हुआ था। राज्य स्तर पर एक साथ प्रकाशन पर भी इससे भी कम खर्च होने की संभावना है। ऐसे में बिना किसी सुविधा के परीक्षा शुल्क दोगुना करना लोगों को हजम नहीं हो रहा है। जानकारों का कहना है कि 20 रुपए प्रति विद्यार्थी शुल्क में से विभाग की 10 रुपए की बचत तय है। कक्षा 9 से 12 तक के 24 लाख बच्चों के नामांकन से जोड़े तो ये राशि करीब ढाई करोड़ रुपए होती है।




### इस बार 9 की जगह छह पेपर ही

**जिला** स्तरीय परीक्षा के 15 जिलों के प्रश्न-पत्र प्रकाशकों व शिक्षा विभागीय सूत्रों के अनुसार पिछले साल अलग-अलग जिलों में पेपर की संख्या, आकार, भाषा और जिलों की दूरी के हिसाब से प्रश्न-पत्र प्रकाशन व उसके वितरण में 7 से 14 रुपए का खर्च आया। वो भी तब जब जिलों ने राजस्थान अध्ययन, शारीरिक शिक्षा, एसईपीडब्ल्यू सरीखे अतिरिक्त विषयों के भी प्रश्न-पत्र छपवाए थे। इस बार तो विभाग सिर्फ मुख्य छह विषयों के ही प्रश्न-पत्रों के लिए ही 20 रुपए वसूल रहा है।

**नामांकन बढ़ाने का दावा:** सरकारी विद्यालयों में गिरते नामांकन को लेकर विभाग ने इस साल परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया है। इस साल सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों की एक ही परीक्षा होगी। विभाग का दावा है कि सरकारी व निजी स्कूलों में एक समय पर एक पेपर से परीक्षा होने से अभिभावकों में विश्वास बढ़ेगा।

### किन जिलों में कितना खर्च

**बोर्ड** परीक्षा के मुताबिक बड़े आकार के तथा हिंदी और अंग्रेजी दो भाषाओं में प्रकाशित 9 विषयों के प्रश्न-पत्र सीकर में स्कूलों तक करीब 13.50 रुपए में प्रकाशित व वितरित हुए। इसी तरह छोटे आकार के एक भाषायी पेपर टोंक में 7 और डूंगरपुर में 7.50 रुपए में प्रकाशित हुए। बांसवाडा, सिरोही, चितोड़गढ़, गंगापुरसिटी व डूंगरपुर में भी ये खर्च औसतन 10 रुपए रहा।

हमारी फर्म ने पांच जिलों के पेपर प्रकाशित व वितरित किए। जिनकी एवज में जिला शिक्षा विभागों से औसतन 10 रुपए लिए गए। यदि इस बार राज्य स्तर पर एक साथ पेपर प्रकाशन व वितरण हो तो भी इससे ज्यादा खर्च होने की संभावना नहीं है।

**अनिल जोशी,** प्रिंटिंग फर्म, ब्यावर

जिला समान परीक्षा योजना के तहत हमारी फर्म ने पिछले साल चार जिलों में 9 विषयों का पेपर प्रकाशन व वितरण किया था। पेपर की संख्या, आकार,भाषा व जिलों की दूरी के हिसाब सात से 13 रुपए में टेंडर हुआ था।

**दुष्यंत चौधरी,** प्रिंटिंग फर्म, उदयपुर

शुल्क में बरसों बाद बढ़ोतरी की गई है। कई तरह के खर्चे बढ़े हैं। इसलिए परीक्षा शुल्क बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

**मदन दिलावर,** शिक्षामंत्री

राजस्थान और केंद्र में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे

# बेहतर प्लानिंग के लिए जाने जाते आइटी फ्रेंडली मल्होत्रा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** भारतीय प्रशासनिक सेवा के राजस्थान कैडर के अधिकारी संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के 26वें गवर्नर होंगे। मूल रूप से बीकानेर निवासी मल्होत्रा 1990 बैच के अधिकारी हैं। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। कैबिनेट कमेटी ने यह नियुक्ति की है।



मल्होत्रा ने आइआइटी कानपुर से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग के बाद अमरीका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री प्राप्त की। उन्होंने बिजली, वित्त, वाणिज्यक कर, राजस्व, सूचना प्रौद्योगिकी और खनन जैसे कई विभागों में काम किया। वे बेहतर प्लानिंग और तकनीकी प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। अब तक वे वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वे इसी मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव थे।

मल्होत्रा की वित्त, कराधान और आइटी में विशेषज्ञता है। वे राज्य और केंद्र में कई प्रमुख पदों पर रहे। उन्होंने वर्ष 2010 से 2013 तक राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग में सचिव और आयुक्त के पद पर कार्य किया। उस समय सूचना प्रौद्योगिकी को लेकर राज्य में काफी अच्छा कार्य हुआ। मल्होत्रा अजमेर, उदयपुर, जयपुर, चित्तौड़गढ़, अलवर और बीकानेर जिले में सेवाएं दे चुके और उनकी पहली पोस्टिंग अजमेर में उपखंड अधिकारी के पद पर हुई।

राजस्थान से वे जनवरी 2020 में प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में गए, जहां पहले ऊर्जा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया। वरिष्ठता में राजस्थान के मौजूदा सबसे वरिष्ठ आइएएस अफसरों में से एक हैं। राजस्थान में मुख्य सचिव के लिए सुधांश पंत से पहले संजय मल्होत्रा का नाम चर्चा में था। राजस्व सचिव के रूप में कर नीतियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

परिवहन विभाग ने मांगी आरटीओ से रिपोर्ट

# वसूली का विरोध किया तो दस्ते ने लोगों पर चलाई लाठी-डंडे, वीडियो वायरल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** परिवहन विभाग की सख्ती के बाद भी हाईवे पर ट्रकों से अवैध वसूली का खेल रुक नहीं रहा है। वसूली का विरोध करने पर आरटीओ दस्ते के गार्डो ने मुंह पर कपड़ा बांधकर सरेआम लोगों पर लाठी डंडे चलाए हैं। घटना का वीडियो वायरल होने पर परिवहन विभाग ने धौलपुर आरटीओ से जांच कर रिपोर्ट मांगी है। वायरल वीडियो धौलपुर डीटीओ क्षेत्र का है, जहां सागरपाड़ा से लेकर बरैठा चौकी के बीच आए दिन अवैध वसूली के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि पत्रिका वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

घटना के कुछ दिन बाद पीड़ित यूपी के हाथरस जिले के सादाबाद निवासी कृष्ण मुरारी ने मनियां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें बताया कि अवैध वसूली की वीडियो बनाने के लिए वाहन रोका तो आरटीओ उड़नदस्ते के गार्डो ने उसका और उसके रिश्तेदार का मोबाइल छीन लिया। इसके बाद गाड़ी से बाहर निकाल लाठी-डंडे और लोहे के पाइप से मारपीट की। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि आरटीओ इंस्पेक्टर नरोत्तम मीना मौजूद थे। गार्ड उन्हें पीटते हुए एक कमरे में ले गए और 3500 रुपए निकाल लिए।

ट्रक को जांच के लिए रोका था, पीछे के कार सवारों ने आपत्ति की थी। इसी बात को लेकर उड़नदस्ता और लोग उलझ गए। विवाद बढ़ा तो मारपीट हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

**- एमपी मीणा,** आरटीओ

### शपथ-पत्र फिर भी निजी लोग रखते

परिवहन विभाग ने सभी आरटीओ उड़नदस्तों में निजी व्यक्तियों को रखने को गंभीरता से लिया है। इसे लेकर विभाग शपथ-पत्र भी ले चुका है। इसके बाद उड़नदस्तों में निजी व्यक्तियों को रखा जा रहा है। ट्रक ऑपरेटर्स के आरोप है कि बैराठा चौकी तक खुलेआम आरटीओ दस्ते की ओर से अवैध वसूली की जाती है। निजी व्यक्तियों की ओर से ट्रक चालकों से मारपीट तक की जाती है।

3 मृत गोवंश सहित 28 गोवंश मिले

# गोवंश से भरा कंटेनर पकड़ा



**चेचट.** पुलिस की ओर से पकड़े गए कंटेनर में भरे गोवंश।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**चेचट (कोटा).** पुलिस ने सोमवार करीब प्रातः 5 बजे 3 मृत सहित 28 गोवंश से भरा एक कंटेनर वाहन पकड़कर एक गो तस्कर को गिरफ्तार किया है तथा एक गो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया।

पुलिस ने बताया कि सूचना मिली रावतभाटा चित्तौड़गढ़ से गोवंश से भरा एक कंटेनर नाकाबंदी व बेरिकेड्स तोड़ते हुए चेचट की ओर आ रहा है। रावतभाटा पुलिस भी कंटेनर के पीछे लगी हुई थी। पुलिस ने बाद में मोडक रोड पर नुकीली कीलों का जाल बिछाया। जिस पर से जैसे ही कंटेनर गुजरा, टायर पंचर हो गए और वाहन रुक गया। पुलिस ने गो तस्कर झाबुआ निवासी विक्रम को दबोच लिया व कंटेनर को जब्त कर लिया। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरा गो तस्कर विजय भाग निकला। कंटेनर में से 28 गोवंश बरामद किए। जिसमे 3 गोवंश मृत मिले।

# कालीखाड़ गांव में हादसा: पांच साल का आर्यन बोरवेल में गिरा



**पापड़दा (दौसा) @ पत्रिका.** कालीखाड़ गांव की ढाणी डांगडा में सोमवार दोपहर तीन बजे पांच वर्षीय आर्यन खेलते समय घर के पास स्थित एक खुले बोरवेल में गिर गया। मासूम 160 फीट गहरे बोरवेल में 150 फीट पर अटका हुआ है। देर रात तक एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। बोरवेल के पास खुदाई कर बच्चे तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। करीब 10 जेसीबी व ट्रैक्टर से मिटटी निकाली जा रही है।

जानकारी के अनुसार जगदीश मीना की पत्नी गुड्डी देवी खेत में बनी टंकी पर नहा रही थी। इस दौरान आर्यन वहां खेल रहा था। अचानक बालक बोरवेल में गिर गया। इस पर मां ने शोर मचाकर परिजन व ग्रामीणों को बुलाया। मौके पर जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार सहित कई आलाधिकारी पहुंचे।

**कैमरे में दिखी मूवमेंट:** **एनडीआरएफ** की टीम ने बोरवेल में कैमरा डाला, जिसमें बच्चे का मूवमेंट दिखाई दिया। बच्चा सुरक्षित है। बोरवेल के समीप खुदाई कार्य भी जारी है। प्रशासन ने बोरवेल में ऑक्सीजन पाइप डाला, जिससे उसे सांस लेने में तकलीफ नहीं हो। आर्यन पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा है।

# ट्रोले की टक्कर से कार नाले में गिरी, एक की मौत, पांच घायल

**पोसालिया (सिरोही) @ पत्रिका.** पिंडवाड़ा-ब्यावर हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के पास ट्रोले की टक्कर से कार सवार एक की मौत हो गई, पांच घायल हो गए। पुलिस के अनुसार कार सवार शादी में आबूरोड से पाली जिले के रानी जा रही थी। कार में दूल्हा आकाश बंजारा व उसके परिजन थे।

पुलिस ने बताया कि ट्रोले की टक्कर से कार गहरे गड्ढे में गिर गई, जिससे उसके दरवाजे जाम हो गए। लोगों ने कार सवार लोगों को निकाला। हादसे में दूल्हे के ममेरे भाई अनंत बंजारा की मौत हो गई। वहीं दूल्हा आकाश, मुकेश, आंचल, वर्षा, सचिन और चेतन गंभीर घायल हो गए।

कल्चर

चुंडियावाड़ा गांव में जर्मनी, इजराइल से आए शोधार्थी, अपना रहे गांव का रहन-सहन

# विदेशियों को भायी गांव की संस्कृति, सीख रहे ऑर्गेनिक खेती

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**डूंगरपुर पूंजपुर.** गांवों की जिंदगी, खानपान और परंपराओं को जानने के लिए विदेशी वागड़ में आ रहे हैं। डूंगरपुर जिले के लीलवासा ग्राम पंचायत क्षेत्र के चुंडियावाड़ा गांव में इन दिनों इजराइल, इटली और जर्मनी से विदेशी पावणे आए हुए हैं।

जर्मनी के फ्रैंक जूंक जर्मनी से जापान तक साइकिल यात्रा पर है, जो पिछले चार माह से गांव के ईश्वरसिंह राठौड़ के फॉर्म हाउस पर रुके हैं। हालांकि चुंडियावाड़ा गांव में वर्ष 2006 से विदेशी शोधार्थी आ रहे हैं। करीब 30 देशों के 250 से अधिक शोधार्थियों ने जैविक खेती के गुर सीखे हैं।





**पूंजपुर.** चुंडियावाड़ा में कृषि कार्य करती शोधार्थी और मशीन से चारा निकालते जर्मनी के फ्रैंक।

### मवेशियों को चारा पानी, खेती को जाना

**शोधार्थी** इजराइल से डेकल और नोम बीस दिन से गांव में रुके हुए हैं। पिछले दिनों इटली से जोर्जीया, केयारा, लिंडा, आयरलैंड से ईवा ने भी दीपावली पर्व यहीं मनाया। साथ ही वैवाहिक, धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर यहां के रीति-रिवाज को नजदीकी से जाना। शोधार्थियों ने फॉर्म हाउस पर परकोटा निर्माण, घास कटाई, प्याज खेती, गेहूं की सफाई , मवेशियों को चारा-पानी आदि कार्यों की जानकारी ली एवं इस कार्य में मदद भी की।

### संस्कृति को समझने के लिए यात्रा पर

**जर्मनी** के ड्रेसडेम से फ्रैंक जूंक आर्मी में कार मैकेनिक का काम करते थे। वे 25 वर्ष पहले कार दुर्घटना के बाद कोमा में चले गए। रिकवर हुए तो वर्ष 2020 से जर्मनी से जापान तक साइकिल यात्रा पर निकले। इस यात्रा का मकसद विभिन्न राज्यों की संस्कृति, रहन-सहन और खान-पान को समझना है। फ्रैंक अब हिरोशिमा के लिए निकलेंगे, जहां पर 6 अगस्त 25 को पहुंचने का लक्ष्य है। गांव में रहते हुए उन्होंने ग्रामीण संस्कृति, जैविक खेती सहित अन्य जानकारियां प्राप्त की। फ्रैंक ने कहा कि गांव की संस्कृति अपने आप में अलग है। यहां का रहन-सहन, पोशाक यूनिक है, जो मुझे बहुत अच्छी लगी।

### तैयार कर रहे जैविक खेती का माहौल

**उल्लेखनीय** है कि फॉर्म हाउस मालिक ईश्वरसिंह वर्ष 2004 तक बड़े शहरों में नौकरी करते थे। जहां सालाना पैकेज छह लाख था, लेकिन गांव में ही कुछ करने के जज्बे के कारण यहां फॉर्म हाउस तैयार कर जैविक खेती शुरू की। वे आस-पास गांवों में भी जैविक खेती को लेकर माहौल तैयार कर रहे हैं

# 'गलत स्पर्श' भी है मानवाधिकारों का हनन



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

*शैफाली पिछले कुछ दिनों से परेशान थी। ऑफिस के एक कलीग ने उससे गलत तरीके से हाथ मिलाया। शैफाली को समझ नहीं आ रहा था कि वह उसकी शिकायत किससे करें और क्या इस बात की शिकायत की जा सकती है?*

हां, ऑफिस हो, घर हो या कोई पब्लिक पैलेस, अगर किसी महिला, लड़की या नाबालिग को गलत तरीके से स्पर्श किया गया तो यह आपके व्यक्तिगत सम्मान व सुरक्षा का हनन है, जो कि मानवाधिकार उल्लघंन की श्रेणी में आता है। कई देशों में इसे कानूनी रूप से अपराध भी माना गया है। आप मानवाधिकार आयोग और पुलिस में इसकी शिकायत कर सकते हैं। बेड टच महिलाओं की गरीमा के खिलाफ है और यह यौन उत्पीड़न के तहत माना जाता है। इसे संज्ञेय अपराध माना गया है। इसके खिलाफ सख्त कानून है।

### नाबालिगों के लिए

**किसी भी** व्यक्ति की गरिमा बनाए रखना,उसका मानवाधिकार है। उसको उसकी मर्जी के खिलाफ छूना या गलत तरीके से स्पर्श करना उसके मानवाधिकार का हनन है। यदि ऐसा किसी नाबालिग के साथ हो तो यह पॉक्सो एक्ट के तहत गंभीर अपराध है। इस तरह के गलत व्यवहार की जानकारी पेरेंट्स को मिलती है तो उनको चाहिए वे इसकी शिकायत पुलिस को दें। पुलिस सहायता केंद्र, निर्भया स्क्वाड टीम से भी मदद ले सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



एडवोकेट महावीर सिंह किशनावत

### क्या है सजा का प्रावधान

**महिलाओं** या बच्चों को गलत तरीके से स्पर्श करना उनकी शारीरिक सुरक्षा, सम्मान और गरिमा का हनन है। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर तीन से पांच साल की सजा का प्रावधान है। वहीं मामले की गंभीरता के अनुसार सजा तय की जाती है।

'वर्क @ होम' आइडिया

## आर्टिफिशियल ज्वैलरी से घर बैठे कमाई

*आजकल शादी-विवाह में हल्दी-मेहंदी के फंक्शन के लिए आर्टिफिशियल फ्लावर ज्वैलरी सेट की काफी डिमांड रहती है। इसे देखते हुए जयपुर की पूजा गुप्ता ने आर्टिफिशियल फ्लावर ज्वैलरी सेट का काम शुरू किया। वर्ष 2023 में शुरू किए गए इस काम से पूजा आज हर महीने 15-20 हजार रुपए कमा लेती हैं। पूजा के बनाएं हुए सेट ऑनलाइन माध्यम से अमरीका व कनाडा तक पहुंचे हैं। वह बता रही हैं कि किस तरह से इस बिजनेस को घर बैठे शुरू किया जा सकता है...*

**कैसे शुरू करें** इसके लिए आपको सबसे पहले उचित मार्केट की तलाश करनी होगी। पूजा कहती हैं कि उन्होंने कई मार्केट में शॉप-टू-शॉप सर्वे किया। पहले इस तरह के सेट्स की कीमत का पता लगाया और फिर उन्होंने इसकी लागत के संबंध में रिसर्च किया। इससे उन्होंने अंदाजा लगाया कि आप अपने प्रोफिट के अनुसार मार्जिन रख सकते हैं। पूजा के अनुसार यह व्यवसाय 3-4 हजार रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है।

- घर बैठे यह व्यवसाय करने के लिए सबसे पहले आपके पास हाथ का हुनर होने की आवश्यकता है। साथ ही आपको नई डिजाइन्स और पैटर्न की जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए आप यू-ट्यूब या अन्य माध्यम से प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकते हैं।
- फ्लावर ज्वैलरी मेकिंग के बाद आपको पता होना चाहिए कि यह कहां-कहां बिकती हैं। इसके लिए मार्केट रिसर्च की जानी जरूरी है।
- यह काम फिनिशिंग और बारीकी से किया जाता है, क्योंकि आपकी आर्ट को देखकर ही लोग इसे पसंद करेंगे। अगर आप लोगों को हायर करते हैं तो



फिनिशिंग के साथ काम करने का पूरा ध्यान रखें।

- एक सेट तैयार होने में आधा से एक घंटे का समय लगता है। ऐसे में एक दिन में आप 40-60 ऑर्डर पूरे कर सकते हैं, जो कि आपके साथ काम करने वाले व्यक्तियों पर निर्भर करते हैं।

*होम मेकर महिलाओं के लिए हमने एक कॉलम शुरू किया है, जिसका शीर्षक है, **'वर्क @होम'**। इसके अंतर्गत घर बैठे काम कर पैसा कमाने का एक आइडिया हर मंगलवार को यहां शेयर किया जाएगा। अगर आपके पास भी है कोई अच्छा आइडिया तो हमें वॉट्सऐप नंबर* **9057531584** *पर भेजें।*

ट्रेंडिंग टॉपिक

## 10 सेकंड में पहन सकते हैं यह साड़ी

जिन महिलाओं को साड़ी पहननी नहीं आती अब उनके लिए खुश खबरी है। इन दिनों जिप वाली साड़ी का ट्रायल वीडियो वायरल हो रहा है। हंसना जरूरी है अकाउंट से शेयर इस वीडियो को 5 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। जिसमें एक महिला जिप वाली साड़ी पहनने हुए दिखाई देती हैं। इस साड़ी के साथ ब्लाउज भी अटेच है। साड़ी पहनने के लिए सबसे पहले महिला ब्लाउज में लगी जिप खोलती है और फिर उसे साड़ी सहित पहन कर जिप बंद कर लेती है। साड़ी



में कमर के पास एक हुक भी लगा हुआ है, जिसे लगाने के बाद यह पूरी तरह से साड़ी वाले लुक को कम्पलीट करता है। सबसे बड़ी बात है कि साड़ी पहनने के लिए कोई तामझाम की जरूरत नहीं है। जिप वाली साड़ी पहनने में मात्र 10 सेकंड का समय लगता है।

वर्ष 2024 अपने अंतिम दौर में है। ऐसे में आप हमसे अपने इस साल के कुछ रोचक अनुभव शेयर करें। अपने अनुभव 150 शब्दों में अपनी फोटो व नाम सहित इस वॉट्सऐप नम्बर **9057531584** पर लिख भेजें। हम इन्हें शी न्यूज पेज पर जगह देंगे। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह **क्यूआर कोड स्कैन** करें।

पत्रिका शी न्यूज़
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

### जालोर में उप वन संरक्षक कार्यालय परिसर में किया पौधरोपण, उनका यह अनूठा सफर नाकोड़ाजी पहुंचने पर संपन्न होगा

# ग्रीन वॉकथॉन: पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ जालोर पहुंचे विराग



जालोर. डीएफओ कार्यालय परिसर में पौधे लगाते विराग।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जालोर.** पर्यावरण संरक्षण की मुहिम के तहत आमजन को पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी से अवगत करवाने और पौधरोपण के विशेष अभियान के तहत ग्रीन वॉकथॉन पर के तहत विराग मधुमालती मुंबई से पैदल ही जालोर पहुंचे। यहां जालोर के उप वन संरक्षक कार्यालय पहुंचने पर डीएफओ देवेंद्रसिंह भाटी की मौजूदगी में अभियान के तहत पौधरोपण किया। विराग ने पर्यावरण संवर्धन और पौधरोपण के लिए नवी मुंबई से राजस्थान नाकोड़ाजी की 1200 किमी की पैदल पर्यावरण यात्रा (ग्रीन वॉकथॉन) 15 सितंबर से शुरू की थी। विराग ने बताया कि इस मिशन सेव मदर अर्थ द्वारा उनका 1 लाख पेड़ लगाने का प्रयास है। जगह जगह भक्ति कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए वो आगे बढ़ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी वंदना वानखड़े कदम से कदम मिलाकर उनका साथ दे रही हैं। उनकी टीम में शंभू पाल, मुकेश, सुरेंद्र, और रोशन भी साथ हैं। बता दें 15 नवंबर को 24 घंटों तक नॉन स्टॉप 111 किमी चलने पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में विराग मधुमालती का नाम दर्ज हुआ।

### आंखों पर काली पट्टी बांध नेत्रहीन का जीवन जीया, लोगों को नेत्रदान के लिए किया प्रेरित

दिव्यांग व्यक्ति की व्यथा जानने के लिए 100 दिनों तक अपने आखों पर काली पट्टी बांध कर अंध व्यक्ति का जीवन व्यतीत किया और उस दौरान भी सैकड़ों कार्यक्रमों द्वारा लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित भी कर चुके। पर्यावरण रक्षा के लिए भी सक्रियता से कार्य कर रहे है, इसलिए चलते आपने आजीवन डिस्पोजेबल प्लास्टिक की बोतल से पानी पीने का त्याग किया है। उनके बेहतरीन कार्य के लिए जैन रत्न पुरस्कार, लोकमत गौरव, ग्लोबल सिटीजन अवॉर्ड, कर्मवीर अवॉर्ड (यूनेस्को यूके. द्वारा) तथा अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

### दुर्घटना : एक बालिका और 12 महिलाओं सहित 21 घायल

# ट्रेलर-मिनी बस की भिड़ंत, दो की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर/आगोलाई.** बालेसर थानान्तर्गत जैसलमेर हाईवे पर आगोलाई में पेट्रोल पम्प के पास ओवरटेक के प्रयास में मिनी बस और ट्रेलर के बीच भिड़ंत में शिवप्रसाद (40) पुत्र पूनम बिस्सा और रक्षिता उर्फ रक्षा जोशी (21) की मौत हो गई। एक बालिका व 12 महिलाओं सहित 21 जनें घायल हुए हैं। शिवप्रसाद की बेटी की एक माह पहले ही शादी हुई थी। हादसे से पुष्करणा ब्राह्मण समाज में शोक की लहर छा गई।



शिवप्रसाद

पुलिस के अनुसार भीतरी शहर और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी बिस्सा परिवार से जुड़े 23 जने जैसलमेर जिले में पोकरण के पास कुलदेवी आशापूरा माता मंदिर के दर्शन करने के बाद मिनी बस से जोधपुर लौट रहे थे। रात पौने दस बजे आगोलाई में पेट्रोल पम्प के पास पहुंचने के दौरान ओवरटेक के प्रयास में सामने से आ रहे ट्रेलर की बस से भिड़ंत हो गई। चालक ने बस सड़क से उतारकर बचने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेलर की बस के साइड में भिड़ंत हो गई। उसमें सवार महिलाएं, पुरुष और बच्चे बुरी तरह फंस गए। आस-पास के ग्रामीण मदद को आए और मशक्कत के बाद हताहतों को बाहर निकाला। हाईवे से निकल रहे वाहन और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को मथुरादास माथुर अस्पताल भेजा।

#### हाईवे पर जाम लगा

ट्रेलर पर लोहे का भारी भरकम माल भरा था। बस व ट्रेलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस इन्हें हटा पाती उससे पहले अंधेरे में एक अन्य ट्रेलर क्षतिग्रस्त ट्रेलर से जा टकराया। पहले वाले ट्रेलर पर भरा लोहे का माल हाईवे पर बिखर गया। वहां जाम लग गया। उपाधीक्षक रतनसिंह व बालेसर थानाधिकारी नरपतदान मौके पर पहुंचे और जेसीबी बुलाकर क्षतिग्रस्त वाहन व लोहे का सामान हटाकर वाहन निकलवाए।

#### घायल अस्पताल में भर्ती



हादसे में घायलों को एमडीएम अस्पताल में ले जाया गया।

हादसे में सरोज, देवनारायण, आनंदराज, अनु, सुरेश जोशी, कुसुम बिस्सा, कैलाश बिस्सा, बबलू, आनंद बिस्सा, सुनीता, राजेन्द्र, आरती, विदुषी, ममता, पुष्पा, गायत्री, अंकिता, हरषी, कमलेश जोशी, भव्या व आरती मिश्रा घायल हो गए। इनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जाती है। हादसे का पता लगते ही समाज के लोग अस्पताल पहुंचे।



## दो बाइक की टक्कर में पिता और तीन बच्चे घायल

**रोहट @ पत्रिका.** रोहट उपखंड के जैतपुर थाना क्षेत्र में मांडावास से नया चेंडा सड़क पर दो बाइक की टक्कर में एक बाइक पर सवार एक पिता व तीन बच्चे घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने से प्राथमिक उपचार के बाद चेंडा अस्पताल से पाली रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार हिंडोली (बूंदी) निवासी श्रवण जोगी अपने बच्चों गोलू, रोहित (7) और संकिणा (9) के साथ बाइक पर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई। इससे श्रवण व उसके बच्चे घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चेंडा पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद श्रवण व गोलू पाली स्थित बांगड अस्पताल रैफर कर दिया गया।

## आज का राशिफल मंगलवार, 10 दिसंबर 2024

| | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* आप जो सोचते हैं वह करते नहीं। पहले खुद को व्यवस्थित करें। छोटी मानसिकता से आप कभी आगे नहीं बढ़ सकते हैं। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* अपनी चिंता के कारण आप दूसरों पर अपना क्रोध क्यों निकालते हैं। शांत रहें, व्यय वृद्धि से तनाव रहेगा। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह* दिन अनुभव पूर्ण रहेगा। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव। बकाया वसूली होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* अपनी संगत बदलें आप का संसार बदल जाएगा। अपने आप को सही साबित करने में बड़ी मेहनत करनी होगी। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे* रुक रुक कर कार्य होंगे। माता पिता के स्वास्थ का ध्यान रखें। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* संतान के विवाह मामलों में जल्दबाजी न करें। गलत निर्णय जीवन बदल सकता है। जोखिम भरे कार्य टालें। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* जीवन साथी के साथ विवाद सम्भव। गृहस्थी मामले आपसी सहमति से हल होंगे। मांगलिक कार्य की बाधा दूर होगी। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* संतान की जरूरत पूरी करना अच्छी बात है, पर उनकी जिद जायज हो। आप की निर्णय शक्ति बहुत कमजोर है। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* दूसरों की मजबूरी को समझें और सहयोग करें। क्रोध की अधिकता से आप अशांत रहेंगे। पिता से मतभेद होंगे। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* चौंकाने वाले समाचार मिल सकते हैं। मनचाही नौकरी के लिए प्रयास अधिक करना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* व्यापार में परिश्रम अधिक और लाभ कम होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे जो आप के बने बनाए कार्य बिगाड़ सकते हैं। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* परिवारिक कार्यों में भागदौड़ रहेगी। सफलता से आत्मसम्मान बढ़ेगा। तेल तिलहन में निवेश से लाभ होगा। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

### ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | हेमन्त |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जमादि-उलसानि-08 | मास: | मार्गशीर्ष |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | शुक्ल |

### आज का दिन

**मंगलवार, 10 दिसम्बर 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रात: 09-44 से दोपहर बाद 01-37 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 02-55 से सायं 04-12 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-59 से दोपहर 12-40 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** दशमी पूर्णा संज्ञक तिथि अंतरात्रि 03-43, तदन्तर एकादशी नन्दा संज्ञक तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। दशमी तिथि में विवाहादि मांगलिक कार्य, गृहारम्भ, प्रवेश, प्रतिष्ठा, अलंकार व यात्रादि शुभ होती है। राजकीय कार्य सिद्ध होते हैं।

**नक्षत्र:** उत्तराभाद्रपद "ध्रुव व ऊर्ध्वमुख" संज्ञक नक्षत्र दोपहर बाद 01-30 तक, तदन्तर रेवती "मृदु व तिर्झमुख" संज्ञक नक्षत्र है। उत्तराभाद्रपद व रेवती नक्षत्रों में विवाह, यज्ञोपवीत, देव स्थापन, घर (वास्तु) और अभिषेक सम्बन्धी कार्य करने योग्य हैं।

**योग:** व्यतिपात नामक नैसर्गिक अशुभ योग रात्रि 10-03 तक, तदन्तर वरियान नामक नैसर्गिक शुभ योग है। व्यतिपात नामक योग की समस्त घटियां सभी शुभकार्यों में त्याज्य हैं।

**विशिष्ट योग :** सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग सूर्योदय से दोपहर बाद 01-30 तक तथा रवियोग नामक दोष समूह नाशक शुभ योग सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**करण:** तैतिल नामकरण सायं 04-52 तक तदन्तर गर व वणिजादिक करण क्रमश: हैं।

**व्रतोत्सव:** आज मानवाधिकार दिवस, चक्रवर्ती राजगोपालाचारी जयन्ती, व्यतिपात पुण्यं, गण्डमूल प्रारम्भ दोपहर बाद 01-30 से तथा पंचक सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**चंद्रमा :** चंद्रमा मीन राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन :** शुक्र अन्तरात 03-19 पर श्रवण नक्षत्र में दाखिल होगा।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज रेवती नक्षत्र में विवाह का अतिआवश्यकता में (राहुयुति दोष युक्त) मुहूर्त है।

**दिशाशूल:** मंगलवार को उत्तर दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है, पर आज मीन राशि के चन्द्रमा का वास उत्तर दिशा की यात्रा में सम्मुख होगा, जो लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यमान से): अपराह्न 3-00 बजे से सायं 4-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे**-आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (झ, ञ, दे, दो, चा, ची) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि मीन है। मीन राशि के स्वामी देव गुरु बृहस्पति हैं। दोपहर बाद 01-30 तक जन्मे जातकों का जन्म लोहपाद से व इसके बाद जन्मे जातकों का जन्म स्वर्णपाद से है। सामान्यत: ये जातक सुन्दर, गौरवर्ण, साहसी, पराक्रमी, बुद्धिमान, सर्वप्रिय, चतुर और अच्छे सलाहकार होते हैं। इनका भाग्योदय 27 वर्ष की आयु के बाद ही होता है। मीन राशि वाले जातकों को मित्रों का सहयोग मिलेगा। अर्थ की दृष्टि से सन्तोषप्रद है। कार्यक्षेत्र में विकास होगा।

# फीस वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन करेगी एबीवीपी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**बीकानेर.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्वामी केशवानंद कृषि विवि में फीस वृद्धि, वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। प्रांत सहमंत्री मोहित जाजडा ने बताया कि कृषि विवि में छात्रों से भारी-भरकम फीस वसूली जा रही है। एक ओर जहां छात्रों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं है, वहीं दूसरी ओर खर्चो पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जाजड़ा ने कहा कि ऑफिस को अनावश्यक रूप से रिनोवेशन के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च किया जा रहा है, यह राशि छात्रों के हित में व विश्वविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने में खर्च की जा सकती थी।

जाजड़ा ने बताया कि 23 दिसंबर 2023 को आचार्य व सह-आचार्य के पद पर 13 नियुक्तियां दी गई। नियुक्त किए गए अभ्यर्थियों की औसत उम्र 58 वर्ष है। कुलपति ने इतने उम्रदराज लोगों का चयन कर न केवल विश्वविद्यालय को क्षति पहुंचाई है, अपितु राज्य सरकार को भी आर्थिक चोट दी है।

एग्रीविजन के प्रांत संयोजक नवीन चौधरी ने कहा कि जहां विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों की शिक्षा और शोध होना चाहिए। वहां कुछ प्रमुख अधिकारियों के व्यक्तिगत लाभ के लिए संस्थान को एक व्यापारिक संस्थान में बदल दिया गया है। इन सभी मांगों व समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ज्ञापन, प्रदर्शन व आंदोलन शुरू करने जा रही है। एबीवीपी पदाधिकारियों के अनुसार यदि समय रहते मांगे नहीं मानी गई और जांच कमेटियां गठित नहीं की गई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में महानगर मंत्री मेहुल शर्मा, प्रांत कार्यसमिति सदस्य पूनम व महानगर एग्रीविजन संयोजक मानवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

## साधु-संतों का होगा समागम, धार्मिक अनुष्ठान होंगे

**बीकानेर @ पत्रिका.** बाबा गंगाईनाथ महाराज की 41वीं बरसी 25 व 26 जनवरी को जामसर स्थित समाधि स्थल पर आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन होंगे। साधु-संतों का समागम होगा। देश प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा की समाधि स्थल पहुंचेंगे व धोक लगाएंगे। बरसी की तैयारियों को लेकर बाबा गंगाईनाथ समाधि सेवा समिति की बैठक हुई। समिति अध्यक्ष एडवोकेट सुरेन्द्र पाल शर्मा ने बताया कि 25 जनवरी को बाबा की समाधि का अभिषेक, पूजा-अर्चना और ज्योत की जाएगी। रात्रि में जागरण होगा। 26 जनवरी को साधु संतों का समागम और भण्डारे का आयोजन होगा।

## सिरोही की पहाड़ी पर 2 हैक्टेयर में लगी आग, काबू पाया

**सिरोही @ पत्रिका.** शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित टाकरिया की पहाड़ी पर अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने पहाड़ी पर चढ़कर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय वन अधिकारी सिरोही किशन सिंह राणावत ने बताया कि सिरोही की पहाड़ी पर अचानक आग लग गई थी। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आग करीब दो हैक्टेयर क्षेत्र में फैली थी। आग से काफी पेड़-पौधे व वनस्पति नष्ट हो गई।

### खेत के रास्ते का विवाद

# चचेरे भाई की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पिण्डवाड़ा.** निकटवर्ती गांव अजारी के सारणफली में खेत के रास्ते के विवाद को लेकर चचेरे भाई की हत्या करने के मामले में फरार आरोपी वीरमाराम पुत्र भूराराम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गत 5 दिसम्बर को अजारी गांव के सारण फली में खेत में आने-जाने के लिए रास्ते को लेकर वीरमाराम व उसके पुत्र विक्रम की प्रभुराम के बीच कहासुनी हुई थी। इस दौरान विक्रम ने पकड़ा एवं वीरमाराम ने प्रभुराम के सिर पर



कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को पिण्डवाडा सीएचसी पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत में रेफर किया। पालनपुर में इलाज के दौरान प्रभुराम की मौत हो गई थी।

प्रभुराम के भाई सारणफली, अजारी निवासी तलसाराम पुत्र देवाराम गरासिया ने पुलिस थाना पिण्डवाड़ा में मामला दर्ज कराया था। पिण्डवाड़ा थाना अधिकारी हमीर सिंह भाटी ने हत्या के आरोपी को अविलम्ब गिरफ्तार करने के लिए पिण्डवाड़ा पुलिस की टीम गठित कर फरार आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी वीरमाराम पुत्र भूराराम को गिरफ्तार किया।

### पाली संभाग की बैठक आयोजित

# 21 को मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी कांग्रेस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पिण्डवाड़ा.** कांग्रेस की ओर से 21 दिसंबर को मुख्यमंत्री निवास घेराव के महासंग्राम को लेकर पाली संभाग की बैठक आबू पिण्डवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार एवं पूर्व विधायक संयम लोढ़ा व युवा कांग्रेस के पाली संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा भार्गव का सानिध्य रहा। जिसमें 21 दिसम्बर को जयपुर जाने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया व रुपरेखा तैयार की गई।

कार्यक्रम में लोढ़ा ने अपने समय के यूथ कांग्रेस के बारे में चर्चा की एवं




सिरोही. बैठक में मौजूद पूर्व विधायक व अन्य। पत्रिका

उनकी कार्यशैली से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए तन-मन-धन से इस कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि आज से 50 वर्ष पूर्व एसएमएस अस्पताल में रक्त की आवश्यकता होने पर लोग एनएसयूआई कार्यालय के चक्कर लगाते थे और हम उन्हें रक्तदान करते थे। आज की तारीख में काम हर कार्यकर्ता को काम करना होगा। बीजेपी का दूसरा नाम झूठ, फरेब और धोखा है। उन्होंने कहा कि सिरोही जिले के हर बूथ पर एनएसयूआई का सदस्य हो। राजनीति में की हुई मेहनत व्यर्थ नहीं जाती।

**मंत्री की नहीं सुनते अधिकारी, आम जनता के काम कैसे होंगे :** पूर्व विधायक लोढा ने कहा कि मैं पिछले एक साल में विधानसभा अध्यक्ष से नहीं मिला लेकिन इस बार मिला और कहकर आया हूं कि आप मंत्रियों व विधायकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करें। मंत्रियों को आज यह भी नहीं पता कि हमारे क्या काम हैं और सरकार में हम क्या कार्य करवा सकते हैं। गौशाला में पेमेंट के लिए भाजपा के मंत्री ने अधिकारी से कहा तो अधिकारी ने मना कर दिया कि प्रमुख शासन सचिव कहेंगे तो करेंगे, तो मंत्री जी बोले कि नौकरी करना भुला दूंगा। अब एक विभाग के मंत्री की ही उनके अधिकारी नहीं सुनते हैं तो फिर आम जनता के क्या काम होंगे।

131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया

# महाकुंभ में फायर फाइटिंग बोट्स बनेंगी संगम की प्रहरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**महाकुम्भ नगर.** उत्तर प्रदेश में महाकुंभ-2025 में छह फायरबोट्स को मेला क्षेत्र के घाटों किनारे मुस्तैद रखा जाएगा। यह फायर फाइटिंग बोट्स न केवल नदियों किनारे घाटों पर होने वाली अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्विक रिस्पॉन्स प्रक्रिया को बढ़ाने में सहायक होंगी, बल्कि जोखिम से भरे फायर ऑपरेशंस को अंजाम देने के साथ ही अग्निरक्षकों की सुरक्षा के लिए भी कवच के तौर पर कार्य करेंगे।

महाकुंभ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है, जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुंभ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी और महाकुंभ के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि इन 6 फायर फाइटिंग बोट्स के लिए विभाग 1.38 करोड़ रुपए खर्च कर है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में इनको संगम समेत अन्य तटों पर डिप्लॉय कर दिया जाएगा।


फाइल फोटो

### फायर फाइटिंग रोबोट भी करेंगे ऑपरेशन

**फायर फाइटिंग** बोट्स को क्विक रिस्पॉन्स, नदियों में तेजी से नेविगेशन की क्षमता व अग्निशमन की प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने के लिए जाना जाता है। खासतौर पर नदियों किनारे घाटों पर अग्निशमन व रेस्क्यू ऑपरेशंस को तेजी से पूरा करने में फायरबोट काफी कारगर है। इसकी खासियत यह है कि इसमें फायर फाइटिंग रोबोट्स को भी तैनात किया जाता है जो बोट की वॉटर कैनन रेंज से दूर घटनास्थल पर रिमोट कंट्रोल्ड एक्सेस के जरिए फायर फाइटिंग ऑपरेशंस को अंजाम देते हैं।

### 351 अग्निशमन वाहन, 50 से अधिक केन्द्र

**डिप्टी डायरेक्टर** अमन शर्मा ने बताया कि योगी के विजन अनुसार, इस बार महाकुंभ में अलग-अलग प्रकार के 351 से अधिक अग्निशमन वाहन, 2000 से अधिक ट्रेन्ड मैनपावर, 50 से अधिक अग्निशमन केंद्र व 20 फायर पोस्ट बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक अखाड़ों के टेंट्स को फायर फाइटिंग इक्विप्मेंट्स से भी लैस किया जा रहा है। वहीं, नागपुर में गृह मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय अग्निशमन महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के 30 विद्यार्थियों की मेला क्षेत्र में बतौर फायर वॉलेंटियर्स भी तैनाती की जाएगी।

## भव्य होंगे कुंभनगरी के सात नदी घाट

**महाकुंभ नगर @ पत्रिका.** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की तर्ज पर कुम्भ नगरी प्रयागराज के सात प्राचीन घाटों को 11 करोड़ रुपए से पुनरुद्धार किया जा रहा है। गंगा और यमुना नदी के सात घाटों को नव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। श्रद्धालुओं व पर्यटकों की गतिविधियां गंगा और यमुना के घाट होते हैं। इन घाटों पर गंगा और यमुना की पावन धारा में श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं। सात घाटों में बलुआ घाट, कालीघाट, रसूलाबाद घाट, छतनाग घाट, नागेश्वर घाट (झूंसी), मौज गिरी घाट और पुराना अरैल घाट शामिल हैं। इन घाटों को सुदंर और स्वच्छ बनाने के लिए हरित पट्टी को भी विकसित किया है।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार

**सीतापुर @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के लहरपुर क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप एवं लहरपुर कोतवाली पुलिस लहरिया पर्शिया मोड पर चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार एक युवक को रोका तो वह पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने लगा। पुलिस ने आत्मरक्षा में फायर किया तो उसके पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचार रफत निवासी ग्राम बड़खड़िया थाना मानपुर के तौर पर की गयी है। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम है। पुलिस ने घायल अपराधी को अस्पताल भेजा है।

## अपहरण की झूठी कहानी बनाने वाले तीन गिरफ्तार

**इटावा @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के ऊसराहार इलाके में अपहरण की झूठी कहानी बनाने वाले दो सगे भाइयों सभी तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि भरथना इलाके के मंगूपुर गांव के साहिल ने पुलिस को बताया कि उसके भतीजे गुलाब सिंह (40) का उसके साढू सतीश निवासी नगला बांदा ने अपहरण कर लिया। पुलिस जांच में पाया गया कि साहिल उर्फ राहुल व सतीश पुत्र सुरेश आपस में सगे साढू हैं। दोनों ने शराब पीकर लड़ाई झगड़ा किया और साहिल उर्फ राहुल ने शराब के नशे में होने के कारण अपने साढू के विरुद्ध अपने भतीजे के अपहरण की झूठी सूचना दी। गुलाब सिंह अपने घर पर पहुंच गया था जांच में अपहरण की सूचना असत्य पायी गयी। अपहरण की झूठी सूचना देने के मामले को लेकर साहिल उर्फ राहुल, सलिल कुमार पुत्र अतिराम और गुलाब सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

यूपी में लव जिहाद : इलाहाबाद कोर्ट में युवक की असलियत का हुआ खुलासा

# विशाल बन हिंदू युवती से शादी, धर्मांतरण का दबाव,गर्भपात कराया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** शाहजहांपुर के एक कारोबारी परिवार की बेटी से प्रेम में धोखा देकर दूसरे समुदाय के युवक ने विवाह कर लिया। बाद में इसका भेद खुला तो प्रेमी ने युवती पर इस्लाम अपनाने का दबाव बनाया। इससे इंकार करने पर प्रेमी ने उसका गर्भपात तक करवा दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया है।

मामले के अनुसार करीब 4 साल पहले नोएडा में एक कारोबारी की बेटी की मुलाकात विशाल राणा नाम के एक युवक से हुई थी, जिसने खुद को अमरोहा निवासी बताया। आरोप हैं कि उस वक्त विशाल राणा ने खुद को हिन्दू बताते हुए अपनी जाति राजपूत बताई। यह दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और विशाल बनकर धोखा देने वाले ताबिश असगर ने 22 फरवरी 2023 को हिन्दू रीतिरिवाज से गाजियाबाद एक बैंक्वेट हॉल में कारोबारी की बेटी संग शादी भी कर ली। इस शादी में ताबिश असगर का भाई वसीम अख्तर भी शामिल हुआ था, जिसने अपना नाम वासु राणा बताया। युवती की लव मैरिज में उसके माता-पिता और रिश्तेदार शामिल हुए थे।

**युवती ने गुमशुदगी दर्ज करवाई:** युवती ने इस बारे में पूछा, तो ताबिश ने डांटकर चुप करा दिया। युवती का आरोप है कि ताबिश उस पर इस्लाम कबूल करने के दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर जान से मारने देता था। फरवरी, 2024 में युवती प्रेग्नेंट हुई तो ताबिश ने जबरन गर्भपात भी करवा दिया। परेशान युवती मायके गई तो थोड़े दिन बाद ताबिश वापस नोएडा ले आया। कुछ दिन अच्छे से रहा, लेकिन फिर से इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाने लगा। युवती ने पुलिस से शिकायत की बात कही तो फरार हो गया। इस पर युवती ने नोएडा पुलिस में ताबिश की गुमशुदगी दर्ज करवाई।


ऐसे हुआ मामले का खुलासा

*शिकायत के मुताबिक, शादी के 3 महीने बाद विशाल ने युवती से कोर्ट मैरिज करने लिए कहा। इस पर युवती विशाल के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट गई। जहां दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के दौरान युवती को पता चला कि विशाल का असली नाम ताबिश असरार है।*

### हत्या के प्रयास का भी लगाया आरोप

**युवती का आरोप** है कि 18 नवंबर, 2024 को ताबिश उत्तराखंड के रामनगर घुमाने ले गया। यहां पहाड़ों से धक्का दिया, लेकिन मैं बच गई। इसके बाद उससे हाथापाई हो गई। वहां से अकेले ही नोएडा आ गई। ताबिश ने हाथ-पैर जोड़कर फिर से मनाया, लेकिन सुधरने के बजाए प्रताड़ित करने लगा। इससे परेशान होकर 3 दिसंबर को ताबिश के खिलाफ नोएडा के थाना सेक्टर-113 में शिकायत दर्ज करवाई। अगले ही दिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ताबिश के खिलाफ धर्मांतरण विरोधी कानून सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इजराइल की तर्ज पर कड़ा जवाब दिया जाए

## बांग्लादेशी हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करे सरकार: तोगड़िया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बदायूं.** अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद (अहिप) अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने बांग्लादेशी हिंदुओं के साथ अमानवीय अत्याचार पर चिंता जताते हुये कहा कि केंद्र सरकार को पड़ोसी देश में हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिये अविलंब कदम उठाने चाहिये। बिल्सी में तोगड़िया ने पत्रकारों से कहा कि सरकार को इजरायल जैसे देश से प्रेरणा लेने की जरुरत है जिसने फिलिस्तीन को करारा सबक सिखाया है। देश मे ऐसी सरकार होना चाहिये जो हिन्दुओं को सुरक्षित कर सके और उचित जवाब दे सके।

उन्होंने कहा कि मुग़ल काल में जितनी मस्जिदें बनाई गई हैं, सब की सब मंदिरों को तोड़कर बनाई गई हैं।



उन्होंने वो लिस्ट देखी है जिसमे 12 हजार मंदिरों के नाम हैं जिनको तोड़कर मस्जिद बनाई गई है।

हिन्दूवादी नेता ने कहा कि महाकुम्भ में आने वाले लोगो को बेहतर सुविधायें मिलेंगी। प्रतिदिन 45 हजार लोगो को कम्बल, मोबाईल चार्जिंग, पावर बैंक और भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था उनके द्वारा की जा रही है।

इस्लामी विद्वानों ने इस्लाम के खिलाफ बताया

## इस्लाम विरोधी हैं बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले: मदनी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सहारनपुर.** जमीयत उल्मा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दारूल उलूम देवबंद की प्रबंध समिति के सदस्य एवं पूर्व सांसद मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि पड़ोसी मुल्क में अल्पसंख्यकों के साथ जुल्म ज्यादती इस्लाम के खिलाफ हैं और यह हमले अविलंब बंद होने चाहिये।

मौलाना मदनी ने बांग्लादेश के मुसलमानों से दो टूक कहा कि उनकी हरकतें इस्लाम और न्याय के खिलाफ हैं। वे बांग्लादेश के हिंदुओं और पूजा स्थलों, घरों को निशाना ना बनाएं और उनके साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखें। देवबंद दारूल उलूम की विचारधारा और पाठ्यक्रम पर आधारित बांग्लादेश के ढाका, चटगांव और प्रमुख शहरों में बड़ी



संख्या में मदरसे हैं। दारूल उलूम वक्फ के वयोवृद्ध आलिम और इस्लामिक मामलों के जानकार मौलाना अब्दुल्ला जावेद ने कहा कि भारत बंटवारे के बाद, लेकिन बांग्लादेश के अस्तित्व में आने से पहले पूर्वी पाकिस्तान से हजारों की संख्या में छात्र दारूल उलूम देवबंद में तालीम लेने आते थे और बांग्लादेश बनने के बाद भी यह सिलसिला जारी रहा। बाद में भारत सरकार द्वारा शिक्षा का वीजा नहीं दिए जाने के कारण बांग्लादेशी छात्रों का आना बंद हुआ।

सपा प्रमुख ने दाल, तेल, मसाले, सब्जियों, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के बढ़ते दाम गिनाए

## 'महंगाई रोकने के बजाय नफरत फैला रही है भाजपा'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने के बजाय देश में नफरत फैलाने में लगी है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। जीडीपी लगातार गिर रही है। आम जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से त्रस्त है। भाजपा को आम जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। मध्यम वर्ग, गरीब परेशान है। दाल, तेल, मसाले, सब्जियों से लेकर खाने पीने तक की हर चीज महंगी होने से लोगों की जेब पर गहरा असर पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं। लोगों के पास काम नहीं है। उनकी आय भी कम हो गई है जबकि खर्च बढ़ गया है।

**सौहार्द को खत्म कर रही नफरत:** सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार देश में नफरत फैला रही है। सौहार्द को खत्म कर रही है। देश को साम्प्रदायिक आग में झोंक रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर जनता को आपस में लड़ाया जा रहा है।

वय वंदना

गोरखपुर में एम्स सहित प्रदेश के 75 में से 65 जिलों में मेडिकल कॉलेज खुले

# 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए 'स्वस्थ भारत' जरूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गोरखपुर.** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'स्वस्थ भारत' के लिए हर नागरिक की आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में केंद्र और प्रदेश की सरकार हर एक स्तर पर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना हो या फिर मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के कार्य, यह सभी स्वस्थ भारत के जरिये सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ाए गए कदम हैं। योगी महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। 19 लाभार्थियों को योगी ने अपने हाथों से वय वंदना कार्ड प्रदान किए।


आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह में मंचस्थ सीएम योगी व अन्य।

### हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज

**स्वास्थ्य एवं चिकित्सा** क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले आजादी के बाद 70 सालों में प्रदेश में सिर्फ 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे जबकि आज डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के 75 में से 65 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दे दी है। अकेले इस वर्ष 16 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए। इनमें से 13 सरकारी और 3 पीपीपी मोड पर संचालित होंगे।

### एम्स, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खुले

**पूर्वी उत्तर** प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में आए बदलाव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष इंसेफेलाइटिस से बड़ी संख्या में बच्चों की मौत होती थी। 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने प्रभावी नियंत्रण के साथ बीमारी को समाप्त कर दिया है। 2017 के पहले जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश में अकेला गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज था, वह भी खुद बीमार रहा करता था।

बिहार-झारखंड अपडेट
BIHAR-JHARKHAND UPDATE

झारखंड विधानसभा : चाईबासा सीट से निर्वाचित परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने शपथ ली

# 80 विधायकों ने शपथ ली रबींद्रनाथ का स्पीकर बनना तय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** झारखंड की नवगठित छठी विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी ने नवनिर्वाचित 80 विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले सदन नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बरहेट विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई।

इसके बाद छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के सदस्य के तौर पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और चाईबासा सीट से निर्वाचित परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने शपथ ली। घाटशिला के नवनिर्वाचित विधायक के तौर पर स्कूली शिक्षा विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने संथाली भाषा, गिरिडीह विधानसभा सीट के विधायक के रूप में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने खोरठा, जामताड़ा के विधायक के रूप में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बांग्ला और मधुपुर के विधायक के रूप में जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने उर्दू में शपथ ली।

कृषि और पशुपालन विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर सीट के विधायक के रूप में शपथ लेते हुए दाएं हाथ में संविधान की पुस्तक ले रखी थी। कई विधायकों ने झारखंड की क्षेत्रीय भाषाओं में शपथ ली। डुमरी सीट से पहली बार विधानसभा सदस्य के रूप में चुने गए जेएलकेएम के जयराम महतो ने सदन में प्रवेश करने के पहले चौखट पर माथा टेका। वह नंगे पांव सदन में पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री और मंत्री के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी निर्वाचित सदस्यों को क्रम के अनुसार शपथ दिलाई गई। इससे पहले प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने कहा कि आज का दिन झारखंड के लिए काफी महत्वपूर्ण है, आज की तारीख से विधानसभा के नए अध्याय की शुरुआत हो रही है।


**झारखंड विधानसभा** के पहले सत्र की कार्रवाई में भाग लेते सीएम हेमंत सोरेन। इस मौके पर सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

### सीएम ने नवनिर्मित आवास का निरीक्षण किया

**झारखंड मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने स्मार्ट सिटी रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास एवं पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएं ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित की जा सके। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था, झूला इत्यदि लगाने का भी निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अलिखेश सिंह ने कहा

## सोनिया ने देश में राजनीतिक जीवन को आदर्श प्रदान किया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ.अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति में सुचिता और त्याग की प्रतीक सोनिया गांधी ने देश में राजनीतिक जीवन को एक आदर्श प्रदान किया है। डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को यहां सदाकत आश्रम में केक काटकर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति में सुचिता और त्याग की प्रतीक सोनिया गांधी ने देश में राजनीतिक जीवन को एक आदर्श प्रदान किया है। भारतीय राजनीति में शायद ही त्याग की ऐसी प्रतिमूर्ति मिलें। सोनिया गांधी से सभी कांग्रेसजन को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी के निधन के उपरांत जब कांग्रेस पार्टी की स्थिति पूरे देश में काफी कमजोर हो गई थी। उस वक्त सोनिया गांधी ने सिर्फ पार्टी को राष्ट्र सेवा के लिए सक्षम बनाने के लिए राजनीति में प्रवेश किया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सोनिया गांधी के कारण ही कांग्रेस फिर से अपने पैरों पर खड़ा होकर सत्ता प्राप्त कर सकी। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में देश में दो बार कांग्रेस ने संसदीय चुनाव में विजय प्राप्त किया। उनका कहना है कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में ही यह संभव है कि एक दिन पूरे देश में कांग्रेस फिर से जनता के संपूर्ण हृदयस्थल से लेकर सत्ता के शीर्ष तक पुनः स्थापित हो जाएगी।

जदयू अध्यक्ष ने राजद पर खूब कसे तंज

## फ्री बिजली के वादे पर जनता को भरोसा नहीं: उमेश कुशवाहा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर गरीबों और असहायों की जमीन लिखवाने वालों के 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के वादे पर जनता कभी भरोसा नहीं करेगी।कुशवाहा ने सोमवार को कहा कि सरकारी खजानों में सेंधमारी कर अपनी तिजोरी भरने वाले कभी गरीबों के हितैषी नहीं हो सकते हैं।

जबकि यह सर्वविदित है कि राजद ने 15 वर्षों के अपने शासनकाल में सबसे अधिक गरीबों को लूटने और प्रताड़ित करने का काम किया। सत्ता में आकर लूट मचाना और विपक्ष में बैठकर झूठ फैलाना विपक्षी पार्टियों का स्वभाव बन चुका है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू-राबड़ी की सरकार में बिजली का आना एक उत्सव के रूप में देखा जाता था। 15 वर्षों के शासन में राजद ने कभी गरीब के घरों तक बिजली पहुंचाने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया लेकिन आज प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 23 से 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 21 से 22 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। प्रति व्यक्ति बिजली की खपत भी 70 यूनिट से बढ़कर अब 360 यूनिट हो चुकी है। उनका कहना हैं कि हमारे नेता ने प्रदेश के कोने-कोने में बिजली पहुंचाने का काम किया और हम आज पूरे गौरव से कह सकते हैं कि बिहार से लालटेन युग की समाप्ति हो चुकी है।

## नीतीश ने राज्य में विकास और सुशासन को जमीन पर उतारा

**पटना@ पत्रिका.** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सच्चे अर्थों में राज्य में विकास और सुशासन को जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के मुंह से विकास और रोजगार जैसे शब्दों का इस्तेमाल लोगों के बीच हास्यास्पद प्रतिक्रिया को जन्म देता है। उन्हें यह जानना चाहिए कि बिहार में नीतीश कुमार और विकास एक दूसरे के पर्याय हैं। तेजस्वी या राष्ट्रीय जनता दल (राजद ) के लोग जब भी विकास की बात करते हैं तो वोटरों के जेहन में स्वाभाविक रूप से नीतीश कुमार का चेहरा कौंध जाता है। साथ ही उन्हें याद आता है राजद का पंद्रह वर्षो का घोर जातिवादी और भ्रष्ट शासन। सुशासन किस चिड़िया का नाम है शायद ही राजद के लोगों को पता हो।

## विदेशी शराब के साथ दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**दरभंगा@ पत्रिका.** दरभंगा के मब्बी थाना क्षेत्र से पुलिस ने ट्रक पर लदी 345 कार्टन विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी ने बताया कि चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 345 कार्टन में रखी 3026.160 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इस सिलसिले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। रेड्डी ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्करों की पहचान पश्चिमी दिल्ली के नेहाल बिहार, नागलोई निवासी नौशाद आलम एवं मधुबनी जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र के गाधौली गांव निवासी राहुल पासवान के रूप में की गई हैं।

## दो शराब तस्करों को 12 साल की सजा

**दरभंगा @ पत्रिका.** दरभंगा जिले की एक अदालत ने दो शराब तस्करो को 12 वर्ष तक के कारावास की सजा सुनाई। विशेष सहायक लोक अभियोजक मनोज कुमार मनमौजी ने बताया कि दरभंगा व्यवहार न्यायालय के उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश (द्वितीय) रविशंकर कुमार की अदालत ने विदेशी शराब की तस्करी के मामले में दो तस्करों को कारावास की सजा सुनाई है।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**छपरा @ पत्रिका.** बिहार में सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल हो गए। सारण पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष ने बताया कि दुधैला मोड़ सोनपुर बाईपास के पास कार और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर सोनपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सोनपुर में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। डॉ. आशीष ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजा गया है।

## अभ्यर्थियों के लिए जारी की एडवाइजरी

**पटना @ पत्रिका.** बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से 13 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली 70वीं संयुक्त परीक्षा को लेकर जारी घमासान के बीच आर्थिक अपराध इकाई ने अभ्यर्थियों को लिए एक एडवाइजरी जारी की है।

सी-डॉट C-DOT
**सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स**
इलैक्ट्रॉनिक्स सिटी फेज़ 1, होसूर रोड, बेंगलुरु – 560 100

10.12.2024

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट), सभी प्रकार के आईपी आवेदनों के निपटान के लिए बौद्धिक संपदा (आईपी) फर्मों के एमपैनलमेंट हेतु प्रतिष्ठित भारतीय बौद्धिक संपदा अधिकार कानून वकालती एजेंसियों से रुचि-प्रकटन (ईओआई) आमंत्रित करता है। इच्छुक एजेंसियाँ www.cdot.in वेबसाइट से रुचि-प्रकटन (ईओआई) विवरण डाउनलोड कर ईओआई में उल्लिखित समय सीमा के अनुसार अपने प्रस्ताव बंद लिफाफों में जमा कराएँ।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# परिवार की धुरी महिलाओं की सेहत की चिंता जरूरी

यह सच है कि परिवारों की बुनियाद महिलाएं ही होती हैं। साथ ही यह भी एक तथ्य है कि पिछले सालों में कामकाजी महिलाओं की संख्या बढ़ी है। यों तो घरेलू महिलाओं की श्रम शक्ति को भी कमतर नहीं आंका जा सकता। लेकिन यह भी माना जाता है कि स्त्री व पुरुष दोनों अर्थाजन करें तो परिवार की समृद्धि बढ़ सकती है। इस होड़ में कामकाजी महिलाओं की चिंता कहीं खो जाती है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए निजी क्षेत्र की कंपनियों को कहा है कि वे अपने यहां महिलाकर्मियों को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रदान करें।

भारत के परिप्रेक्ष्य में बात करें तो कामकाजी महिलाओं को घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों का निर्वाह करना पड़ता है। कई मामलों में अर्थोपार्जन करने के बावजूद ऐसी महिलाओं को परिवार से समुचित सहयोग नहीं मिल पाता। विडम्बना यह भी है कि अपनी इच्छा से अधिकांश कामकाजी महिलाएं अपनी सेहत को लेकर भी फैसला नहीं कर पातीं। इस सच के बीच यह भी कटुसत्य है कि नियोक्ताओं की ओर से भी अपने यहां कार्यरत महिलाओं की सेहत से जुड़ी चिंता आमतौर पर मातृत्व अवकाश देने तक ही सीमित रहती है। महिलाओं के स्वास्थ्य के कारण कामकाजी महिलाओं के समय का कितना नुकसान होता है, यह ताजा सर्वे में भी सामने आया है। इस सर्वे में यह चिंताजनक तथ्य बताया गया है कि प्रौद्योगिकी, डेटा, आपूर्तिकर्ता, मैन्युफैक्चरिंग आदि से जुड़ी महिलाएं कंपनियों की ओर से यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य को लेकर उपेक्षा का रवैया अपना रही हैं। इस तरफ ध्यान दिया जाए तो कंपनियां 22 फीसदी तक उत्पादन और 18 फीसदी तक ज्यादा मुनाफा कमा सकती हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पिछले वर्षों में नियोक्ताओं की तरफ से अपने कार्मिकों को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने लगे हैं जिनमें कहीं न कहीं उनकी सेहत से जुड़े विषय भी होते हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना भी इनमें शामिल है। फिर भी महिला कार्मिकों की सेहत में खास तौर से यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य की कहीं न कहीं अनदेखी ही दिखती है।

जरूरत इस बात की भी है कि कार्यस्थल के साथ-साथ कामकाजी ही नहीं, तमाम महिलाओं की सेहत की चिंता घर-परिवारों में भी की जाए। आमतौर पर देखा जाता है कि जिम्मेदारियों के बोझ के चलते खुद महिलाएं भी अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरंदाज कर देती हैं। जिम्मेदारी हम सबकी है क्योंकि महिलाएं ही परिवार की धुरी होती हैं।

**न्यू ट्रेंड:** विज्ञापन कंपनियां ह्यूमर और हल्के-फुलके अंदाज में अपनी बात कहने को दे रही हैं प्राथमिकता

# युवाओं की पसंद ने मोड़ा है विज्ञापनों का रुख



**नीलेश के. जैन**
एक्स एग्जीक्यूटिव क्रिएटिव डायरेक्टर, फिल्म और एड फिल्म राइटर-डायरेक्टर, क्रिएटिव कंसलटेंट, मुंबई
@patrika.com

बात वो करो, जो सर चढ़कर बोले और कोई तोले तो सिर्फ तोले में तौले..., ये बात एडवरटाइजिंग की दुनिया और उसके कंटेंट पर बखूबी लागू होती है क्योंकि वहां न बहुत कुछ कहने का समय होता है और न ही बहुत कुछ कहने की जरूरत होती है। कहते हैं एक असरदार विज्ञापन दुनिया की सोच, समझ, ख्वाहिशों और तौर-तरीके बदलने की ताकत रखता है, लेकिन देखिए क्या जमाना आ गया है जनाब, दुनिया को बदलने का दावा करने वाला विज्ञापन जगत आज खुद ही बदल रहा है, अपनी 'कहानी' में भी और अपनी 'कहनी' में भी, मतलब बात में भी और बात के कहने के तरीके में भी बदलाव आ गया है।

विज्ञापन की दुनिया कम शब्दों में या बिना शब्दों के भी, अपनी बात कहने की शक्ति रखती है। कभी-कभी जो बात शब्द नहीं कह पाते वो बात एक तस्वीर या एक विजुअल (फोटो) कह जाता है। इसीलिए एडवरटाइजिंग का कंटेंट लिखने-कहने और दिखाने के मामले में, हमेशा से सबसे अलग रहा है। इसके मूल में क्रिएटिविटी होती है जिसका मकसद होता है लोगों को अपनी कही-दिखाई बात से आकर्षित करना, अपने प्रोडक्ट या सर्विस की खूबियों पर बात करते हुए, आपकी जरूरतों से उसे जोड़कर, उसको खरीदने के लिए आपके मन में चाहत को पैदा करना। आज तेजी से बदलती दुनिया में एडवरटाइजिंग को भी ये डर है कि कहीं वो पीछे न छूट जाए। उसको भी जेनरेशन गैप का खौफ है। इसीलिए विज्ञापन अब सांचा नहीं बन रहा है जो समाज को अपने में ढाले, बल्कि अब वो खुद ढल रहा है। उसका कंटेंट लचीला हो रहा है, वो केवल कस्टमर या क्लाइंट के हिसाब से ही नहीं बदल रहा है बल्कि किस माध्यम से उसे दिखाया जाएगा, उससे भी बदल रहा है।

देश में फिल्मों के गहरे असर की वजह से दृश्यात्मक विज्ञापन फिल्म हमेशा से हॉरिजोंटल स्क्रीन के लिए बनती थीं, पर अब मोबाइल की वजह से वर्टिकल बन रही हैं। पहले इंग्लिश और हिंदी के अलग-अलग जुबानी खांचे थे, लेकिन अब ये सरहदें टूट रही हैं। सोसायटी में अब भाषा को लेकर एक अलग ही सहजता है। इसीलिए अब नए-पुराने के बीच का एक रास्ता निकाला गया है, और वो है 'हिंग्लिश', जिसमें हिंदी-इंग्लिश का फ्यूजन है। इससे भी बड़ी बात ये है कि आजकल लोग अपनी बोलियों में देखना-सुनना चाहते हैं। विज्ञापन जगत ने इस बात को बखूबी समझा और उनको लगा कि अगर हम लोगों को उनकी बोली में समझाएंगे तो उन्हें ज्यादा जल्दी समझ आएगा और विश्वसनीय भी लगेगा। अपनी बोली में अपनेपन का जो भाव होता है, उसमें अपनी ओर खींचने की अजब ही ताकत होती है। विज्ञापन का तो काम ही लोगों को अपनी ओर खींचना होता है। इस वजह से ही बोलियां भी कंटेंट में बदलाव का कारण बन रही हैं।

चित्रात्मक या दृश्यात्मक रूप से बात की जाए तो हमको विजुअल कंटेंट में एक बड़ा विरोधाभासी बदलाव भी दिखता है। एक तरफ देश-प्रदेश की संस्कृति के रंग और पैटर्न, उत्सव और पर्व प्रिंट के डिजाइन-लेआउट से लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के विज्ञापनों में जबरदस्त जगह बना रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एनिमेशन और ग्राफिक्स की नई तकनीक भी अपनी धाक जमा रही है। इसमें सबसे आश्चर्य की बात ये है कि एक ही उपभोक्ता दोनों तरह के विज्ञापनों को सराहता है।

**आज के दौर में विज्ञापन केवल इस पर केंद्रित नहीं है कि वह किस उत्पाद को कैसे बेचे, बल्कि यह इस पर भी निर्भर करता है कि वह उत्पाद समाज और संस्कृति में कहां फिट बैठता है। एक प्रभावी विज्ञापन विचारों को भी बदल देता है।**

अगर इन दोनों के बीच चुनाव का मौका आता है तो विज्ञापन एजेंसियां प्रोडक्ट और सर्विस के नेचर और टारगेट ग्रुप के हिसाब से दोनों में से किसी एक को चुनती हैं या फिर यहां भी दोनों को मिलाकर कुछ नया कर जाती हैं। अब तो प्रिंट मीडिया में भी एक्सपेरिमेंट किए जा रहे हैं, लोगों को इन्वॉल्व करने के लिए उसमें एक्टिविटी को जोड़ा जा रहा है, जैसे किसी स्याही को गीले कपड़े से साफ कीजिए तो उसके नीचे कुछ और निकलेगा या फिर परत के अंदर परत का निकलना। होर्डिंग के विज्ञापनों में 3 डाइमेंशनल विज्ञापन आ गए हैं। फ्लेक्स प्रिंटिंग व डिजिटल स्क्रीन के लिए और भी अट्रैक्टिव कंटेंट डिजाइन किए जा रहे हैं। वीडियो स्क्रीन लगने से लोगों का अटेंशन बढ़ा है। लोगों को लगता है ये अगले पल बदल जाएगा, तो वो और भी ध्यान देकर देखते हैं। एआइ के आने से लोगों को नया एक्सपीरिएंस हो रहा है। एआइ के सहारे ऐसे भी विज्ञापन बने हैं जिसमें गली-मोहल्ले तक की दुकानों के नाम एक सुपर स्टार के मुंह से बोलते हुए दिखाए गए हैं। नयी पीढ़ी के रुझान को देखते हुए अब कॉन्टेंट बनाने में ह्यूमर और विट (हास्य और बुद्धि) को और भी ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि न्यू जेनरेशन बहुत देर तक कुछ नहीं देखना चाहती है मतलब उसका अटेंशन स्पैन बहुत क्षणिक होता है, कई बार तो पांच सेकंड से भी कम। ऐसे में हल्के-फुलके में कही गई बात इंगेजिंग कंटेंट बन जाती है। चेंज और एक्सचेंज आज की सोसायटी-बाजार में बहुत प्रचलित हो चला है। कंटेंट भी उन्हीं की तरह फास्ट चेंजिंग हो गया है।

कहते हैं सबसे प्रभावशाली विज्ञापन वो होता है जो लोगों की आदत बदल दे, सोच बदल दे, नजर और नजरिया बदल दे और इसकी जिम्मेदारी विज्ञापन के कंटेंट के कंधों पर होती है। आज के सोशल मीडिया के कैंसिल कल्चर और तुरंत ट्रोल किए जाने की वजह से कंटेंट राइटिंग एक जोखिमभरा काम बन गया है। एक गलती पूरी जिंदगी के लिए भारी पड़ सकती है। कई बार तो जनाक्रोश की वजह से विज्ञापन वापस लेने पड़ते हैं। सार्वजनिक माफियां भी मांगी जाती हैं। इसीलिए कंटेंट को लेकर सभी विज्ञापन एजेंसियां बहुत सचेत हो गई हैं। कई बार एक विज्ञापन को बनाने, प्रकाशित या चलाने से पहले लीगल ओपिनियन तक ली जाती है। इसीलिए अब हर विज्ञापन के कंटेंट को कानूनी, सामाजिक, सांस्कृतिक और कभी-कभी आस्था की तराजू पर तौलकर भी देखा जाता है, जिससे किसी की भावना आहत न हो। कंटेंट के संदर्भ में एक कंटेंट राइटर के लिए सबसे बड़ा बदलाव ये है कि क्रिएशन में अब पहले जैसी आजादी नहीं रही, यहां कल्पना की उड़ाने भरने की छूट तो है लेकिन एक सीमित पिंजरे के अंदर।

## फैक्ट फ्रंट

### मैंडरिन बत्तख



मैंडरिन बत्तख अपने रंग-बिरंगे पंखों के लिए मशहूर है। यह मुख्य रूप से चीन, जापान और कोरिया में पाए जाते हैं। इनका आकार करीब 41-49 सेंटीमीटर लंबा और वजन 500-700 ग्राम होता है। नर के चमकीले संतरी, हरे और नीले पंख इसे खास बनाते हैं, जबकि मादा हल्के भूरे रंग की होती हैं। ये जलपक्षी झीलों, नदियों और शांत जलाशयों में रहते और पेड़ों की टहनियों पर घोंसला बनाते हैं। इनका आहार जड़ी-बूटियों, बीजों और कीड़ों पर आधारित है। मैंडरिन जोड़े जीवनभर साथ रहते हैं और वफादारी के प्रतीक माने जाते हैं। चीन में इसे शुभ और सौभाग्यशाली पक्षी माना जाता है। विलुप्ति के खतरे को देखते हुए इनके संरक्षण के प्रयास जारी हैं।

## प्रसंगवश

# प्लास्टिक कचरे से मुक्ति की पहल की रफ्तार हो तेज

### प्लास्टिक उत्पादन के साथ इसके उपयोग को कम करने पर भी ध्यान देना बहुत आवश्यक है

प्लास्टिक कचरा पूरी दुनिया के लिए अभिशाप बन गया है, लेकिन इससे मुक्ति की कोई राह नजर नहीं आ रही है। सुविधाजनक और टिकाऊ होने से इसका इस्तेमाल कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। इसलिए प्लास्टिक कचरे में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस बीच स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया जा रहा प्लास्टिक कचरे से मुक्ति का अभियान सही दिशा में उठाया गया कदम है। गांवों को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने के अभियान के तहत प्रदेश के झुंझुनूं जिले के किठाना गांव को भी चुना गया है। यह गांव उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का गांव है। इसलिए माना जाना चाहिए कि लक्ष्य पाने में ज्यादा मुश्किल नहीं होगी। इस काम के लिए किठाना समेत प्रदेश के 11 गांवों का चयन किया गया है और उनको रोल मॉडल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य बनाया गया है। दो अक्टूबर 2014 से चल रहे स्वच्छता अभियान के विभिन्न चरणों के तहत बहुत सारे काम हुए हैं। लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और स्थानीय निकाय भी कुछ हद तक सजग हुए हैं। कचरा उठाया जा रहा है, लेकिन कचरे के निस्तारण की समस्या अब भी बनी हुई है। खासतौर पर प्लास्टिक कचरा बड़ी समस्या बना हुआ है।

यह अच्छी बात है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ही सही प्लास्टिक कचरे को लेकर स्थानीय निकाय सक्रिय हुए हैं। संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों के गांव जब प्लास्टिक मुक्त अभियान में शामिल होंगे, तो निश्चित रूप से सफाई मशीनरी ज्यादा सक्रियता से काम करेगी। इसलिए अन्य गांवों के साथ किठाना पर भी सबकी निगाह रहेगी। वैसे तो इस तरह के कामों के लिए किसी भी अभियान की जरूरत नहीं होनी चाहिए, ये काम स्वतः ही होने चाहिए। अब जब स्वच्छता अभियान के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्ति की भी पहल शुरू हो गई है, तो प्लास्टिक का विवेकपूर्वक इस्तेमाल करने पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। अधिकांशतः प्लास्टिक का जैविक क्षरण नहीं होता है। यही कारण है कि प्लास्टिक कचरा सैकड़ों-हजारों साल तक बना रहता है। ऐसे में प्लास्टिक कचरे के ठीक तरह से निस्तारण के साथ प्लास्टिक उत्पादन और उपयोग को कम करने पर भी ध्यान देना बहुत आवश्यक है। साथ ही प्लास्टिक के टिकाऊ और किफायती विकल्पों को बढ़ावा देने पर ध्यान देना होगा।

- ज्ञान चंद पाटनी
gyan.patni@epatrika.com

**पर्यावरण:** दिल्ली सहित कई शहरों में खराब होती वायु गुणवत्ता

# बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य हो स्वास्थ्य शिक्षा



**डॉ. राहुल मेहरा**
यूनेस्को ग्लोबल हैल्थ एंड एजुकेशन चेयर के भारतीय प्रतिनिधि
@patrika.com

हमारी सांसें, हमारा पानी और हमारे बचपन में बनी आदतें, हमारे स्वास्थ्य और जीवन की दिशा तय करती हैं। लेकिन, दिल्ली-एनसीआर के लाखों बच्चों के लिए वर्तमान पर्यावरणीय परिदृश्य चिंता का विषय बन गया है। दिल्ली के साथ-साथ भारत के कई शहरों में खराब होती वायु गुणवत्ता और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं ने अस्पतालों से लेकर कक्षाओं तक एक तात्कालिक कदम की आवश्यकता को जन्म दिया है।

इन स्वास्थ्य संकटों से लड़ने का सबसे सशक्त साधन स्वास्थ्य शिक्षा है। यह शिक्षा महज शारीरिक स्वास्थ्य की जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों को आज की स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए तैयार करने और उनके बेहतर भविष्य की नींव रखने का माध्यम है। दुनिया के कई शहरों, जैसे डलास और डेट्रॉइट में बच्चे साफ हवा में सांस लेते हैं और सुरक्षित वातावरण में रहते हैं। दिल्ली के बच्चों को भी यही अधिकार क्यों न मिले? पर्यावरण नीतियां जरूरी हैं, लेकिन असली बदलाव तभी आएगा जब बच्चों में जागरूकता और सही आदतें विकसित होंगी और यह बदलाव स्कूलों से ही शुरू हो सकता है।

**स्वास्थ्य शिक्षा क्यों है महत्त्वपूर्ण:** स्वास्थ्य शिक्षा केवल जीव विज्ञान के पाठ या सफाई की टिप्स तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी शिक्षा है, जो छात्रों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनाती है। सोचिए, एक ऐसी पीढ़ी के बारे में, जो पोषण के महत्त्व को समझती है, तनाव को सही तरीके से प्रबंधित कर सकती है और शांतिपूर्ण तरीके से विवाद सुलझा सकती है। ऐसी पीढ़ी केवल जीवित नहीं रहती, बल्कि उन्नति करती है। संस्था तरंग हैल्थ एलायंस ने हरियाणा, एनसीआर और जयपुर के 30 स्कूलों में एक पायलट प्रोग्राम लागू किया है। स्वास्थ्य शिक्षा का यह पाठ्यक्रम कक्षा 6 से 8 के छात्रों के लिए लागू किया गया है। इसका प्रभाव बेहद सकारात्मक रहा है। बच्चे बेहतर खानपान का चुनाव करना सीख रहे हैं, शिक्षकों ने कक्षाओं में सुधार देखा है और अभिभावक घर पर जागरूकता बढ़ने की बात कह रहे हैं। ये केवल पाठ नहीं हैं, बल्कि खुशहाल और स्वस्थ जीवन जीने की कला है।

**बदलाव का दृष्टिकोण:** भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) के उद्देश्य, जो समग्र विकास पर जोर देते हैं, इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि स्वास्थ्य को स्कूलों के पाठ्यक्रम में एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहिए। फिर भी, स्वास्थ्य शिक्षा को अक्सर एक पूरक विषय के रूप में देखा जाता है। स्वास्थ्य शिक्षा उतना ही महत्त्वपूर्ण विषय होना चाहिए, जितना गणित और विज्ञान हैं।

**व्यापक प्रभाव:** स्वास्थ्य शिक्षा केवल व्यक्तिगत लाभ तक सीमित नहीं है, यह समाज को बदलने की क्षमता रखती है। शोध बताते हैं कि प्रारंभिक स्वास्थ्य शिक्षा से पुरानी बीमारियों की दर में कमी आ सकती है, जिससे स्वास्थ्य देखभाल की लागत कम होगी और राष्ट्रीय उत्पादकता में सुधार होगा। इसके अलावा, यह 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' और 'विकसित भारत' के उद्देश्यों के साथ पूरी तरह मेल खाता है। मिलकर हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से हो, एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण में सीखने, बढ़ने और प्रगति करने का अवसर पा सके। शिक्षा में किया गया निवेश सबसे शक्तिशाली है। इसे स्वास्थ्य के साथ जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा करके हम न केवल अपने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करेंगे, बल्कि एक ऐसा राष्ट्र भी बनाएंगे जो सशक्त, जागरूक और आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार हो।

**अनोखा लाइटहाउस:** एकांत और चुनौतीपूर्ण निर्माण



**वर्ष 1939** में बने दुनिया के सबसे एकांत थ्रीद्रंगविटी लाइटहाउस (आइसलैंड) को 2009 तक बहुत कम लोग जानते थे। लेकिन जस्टिन बीबर के ट्वीट के बाद इसमें लोगों की रुचि बढ़ गई। 120 फीट ऊंचाई पर बने इस लाइटहाउस तक पहुंचने के लिए केवल हेलीकॉप्टर और समुद्री रास्ता ही उपलब्ध हैं। यह लाइट हाउस कई साहित्यकारों की प्रेरणा भी है।

**आभासी दुनिया:** जब लोग तकनीक के सम्मोहन भरे मायाजाल में जा फंसते हैं तो मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा होने लगती हैं

# अकेलेपन को भरने के लिए एआइ से रिश्तेदारी पड़ रही भारी



**डॉ. सचिन बत्रा**
सलाहकार, मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया
@patrika.com

**वास्तविक संबंधों को प्राथमिकता देते हुए डिजिटल डिटॉक्स इसका इलाज है, जिसमें परिवार के साथ एक दिन बगैर किसी डिजिटल यंत्र के 'नो डिजिटल डे' मनाते हुए जीवन जीने को सार्थक प्राकृतिक मनोचिकित्सा माना गया है।**

हर तकनीक अपने साथ सुविधा, समाधान और फायदे लेकर आती है। लेकिन ये फायदे सिर्फ कायदे में रहकर ही हासिल किए जा सकते हैं। वहीं जब लोग तकनीक के सम्मोहन भरे मायाजाल में जा फंसते हैं तो बहुत पेचीदा मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा होने लगती हैं। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) पर चर्चा शुरू करें, उससे पहले एआइ को इजाद करने वाले जेफ्री हिंटन की चेतावनी पर गौर करते हैं। उन्होंने लंबे समय तक गूगल में अपनी सेवाओं से विराम लेते हुए एक चिंता व्यक्त की और एआइ की अंधी दौड़ को खतरनाक बताते हुए कहा है कि इससे लोग यह नहीं जान पाएंगे कि सच क्या है?

इसके अर्थ को समझा जाए तो आभासी दुनिया और असली दुनिया में अंतर न कर पाना आगे चलकर ऐसी जटिल समस्या हो जाएगी, जिसके चलते सामाजिक ढांचे में मनोवैज्ञानिक दोष पैदा हो जाएंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ ही वर्षों के अंतराल में ऐसा होने लगा है। एआइ की मदद से जहां समाधान विकसित हो रहे हैं, वहीं विकराल समस्याओं का बीजारोपण भी होने लगा है। फ्लोरिडा में एक 14 साल के लड़के ने अपनी एआइ गर्लफ्रेंड के जुनून में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गूगल के पूर्व सीईओ एरिक श्मिट की मानें तो एआइ से पनपने वाली अगली चुनौती भावनात्मक जुड़ाव है जो बहुत घातक होने वाला है। उनका कहना है कि परफेक्ट एआइ चैटबॉट के मायावी रिश्ते अब युवाओं को गर्लफ्रेंड या बॉयफ्रेंड के छलावे में कैद करने लगे हैं। उनकी दलील है कि इसके नतीजे अत्यधिक खतरनाक हो सकते हैं। क्योंकि जिस अकेलेपन से आजादी के लिए उन्होंने एआइ को अपने भावनात्मक अधिकार दे दिए हैं, उसके चलते वे बाद में पहले से ज्यादा एकाकी हो सकते हैं। यानी रिश्तों के लिए एआइ पर निर्भरता जहां असली दुनिया से उनका संपर्क तोड़कर असामाजिक बना सकती है, वहीं दूसरी दिक्कत यह भी आ सकती है कि डिजिटल डिपेंडेंसी के बाद वास्तविक दुनिया से तालमेल करना ही कठिन हो जाए। खालीपन और जिंदगी में अकेलेपन को भरने के लिए एआइ से रिश्तेदारी लोगों को लगातार चपेट में ले रही है। यूके के ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स यानी ओएनएस की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक वहां के चार मिलियन या कहें कि जनसंख्या में 7 फीसदी लोग अकेलेपन के अवसाद से ग्रसित हैं। बताया गया है कि इसका बड़ा कारण सोशल मीडिया, घर बैठे काम करना और जीने के लिए खर्च की समस्या है। मोबाइल और डिजिटल दुनिया की राह बहुत आसान, सुविधाजनक और हर समय सुलभ है। ऐसा मान लिया गया है कि उसपर किए जाने वाले क्रियाकलाप गोपनीय रहते हैं। लिहाजा अपनी किसी भी भावनात्मक संतुष्टि के लिए अब एआइ, हर तरह की बेकरारी को करार देने का आसान जरिया बन गया है। ऐसे में भावनात्मक सहयोग, दोस्ती या वैचारिक आदान-प्रदान के लिए एआइ चैटबॉट को अपनाने की प्रक्रिया गुणात्मक रूप से बढ़ गई है। एआइ में नैतिकता की विशेषज्ञ डॉ. जोआना ब्रायसन की मानें तो चैटबॉट्स सहानुभूति की नकल करते हुए उपयोगकर्ताओं की भावनात्मक कमजोरियों का शोषण कर सकते हैं। वहीं मनोवैज्ञानिक शेरी टर्कल चेतावनी देती हैं कि एआइ चैटबॉट्स पर अत्यधिक निर्भरता वास्तविक सामाजिक संबंधों को कमजोर कर सकती है और मानवीय भावनाओं की गहराई को कम कर सकती है। इसी प्रकार स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के डॉ. मिखल कोसिंस्की डेटा गोपनीयता का सवाल उठाते हुए आशंका व्यक्त करते हैं कि चैटबॉट्स बातचीत के दौरान संवेदनशील जानकारी एकत्र कर सकते हैं।

जानकारों का मानना है कि इस समस्या का पहला समाधान तो स्वयं का मनोवैज्ञानिक प्रबंधन ही है। वहीं जागरूकता सहित एआइ के संयमित और संतुलित उपयोग को डिजिटल मनोरोगों से बचाव का अचूक नुस्खा माना जाता है। इसके अलावा मानवीय वास्तविक संबंधों को प्राथमिकता देते हुए डिजिटल डिटॉक्स एक रामबाण इलाज है जिसमें परिवार के साथ एक दिन बगैर किसी डिजिटल यंत्र के 'नो डिजिटल डे' मनाते हुए असली जीवन जीने को ही सार्थक प्राकृतिक मनोचिकित्सा माना गया है।

## आपकी बात

### सतर्कता से ही बचाव संभव

**उपयोगकर्ताओं** को नियमित रूप से अपने पासवर्ड बदलने चाहिए और प्रलोभन भरे अपरिचित लिंक तथा विदेशी कॉल से बचना चाहिए। अगर किसी प्रकार की धोखाधड़ी होती है, तो साइबर क्राइम सेल में तुरंत शिकायत दर्ज करनी चाहिए। **- प्रकाश,** कुचामन

**patrika.com** पर पढ़ें

### पाठकों की अन्य प्रतिक्रियाएं

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'सोशल मीडिया पर बढ़ते धोखाधड़ी के मामलों से कैसे बचा जा सकता है?' ऑनलाइन भी देखें।
इसे स्कैन करें
https://shorturl.at/uyTAF

**आज का सवाल**

**प्लास्टिक मुक्त देश के लिए किस तरह की पहल की जानी चाहिए?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

## बालोद में वीर मेला...

बालोद के राजाराव पठार में शहीद वीर मेला की शुरुआत 8 दिसंबर से देवगुड़ी व देव पूजा के साथ शुरू हुई।



**जन्म** 1796

**शहादत** 10 दिसंबर 1857

*1857 की क्रांति में आजादी का वो परवाना, जिसने अंग्रेजों से लोहे के चने चबवा दिए थे। अंग्रेज उन्हें अपना इतना बड़ा दुश्मन मानते थे कि मौत की सजा भी दी, तो रूह कंपा देने वाली। दोनों हाथों को तोप से बांधकर उड़ा दिया। राजधानी का जयस्तंभ चौक आज भी उस घटना का गवाह है।*

**1992** में पहली बार रायपुर के जय स्तंभ चौक पर पुण्यतिथि मनाई गई। तभी से इतिहास सुधारने की लड़ाई जारी। राष्ट्रीय दिशा मंच ने इसकी शुरुआत की।

### नमन... शहीद वीर नारायण सिंह की आज 167वीं पुण्यतिथि

# स्कूल में बच्चे पढ़ें सही इतिहास, वही सच्ची श्रद्धांजलि

**रायपुर @ पत्रिका.** अफसोस कि आजाद भारत में हमारी सरकारों ने शहीद वीर नारायण सिंह की छवि गोदाम लुटेरे वाली बनाई। स्कूली किताबों में बच्चों को आज भी यह पढ़ाया जा रहा है कि वीर नारायण सिंह और अंग्रेजों के बीच की लड़ाई महज एक गोदाम लूटने को लेकर थी। स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल इतिहास के मुताबिक, 1856 में अकाल पड़ा था। तब सोनाखान के जमींदार वीर नारायण सिंह ने एक व्यापारी का गोदाम लूटकर जनता में अनाज बांट दिया था।

कुछ शोध व किताबों में तथ्य है कि अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए संबलपुर रियासत के राजा वीर सुरेंद्र साय और शहीद वीर नारायण के बीच समझौता होने जा रहा था। ऐसे में अंग्रेज पूरे मध्यभारत से उखड़ जाते। डरे हुए अंग्रेजों ने उन्हें अनाज लूटने के मामले में पकड़ा। उन्हें जेल में रखने की योजना काम न आई। प्रथम स्वाधीनता संग्राम से प्रेरित वीर नारायण सिंह अगस्त 1857 में रायपुर सेंट्रल जेल से भाग गए थे। रायपुर सेंट्रल जेल से निकलने के बाद वीर नारायण सिंह वापस सोनाखान पहुंचे। उन्हें देखकर यहां के लोगों का हौसला भी लौट आया।

आजादी की लड़ाई में अपने नायक का साथ देने लोग आगे आए। देखते-देखते 500 से 1000 बंदूकधारियों की फौज तैयार हो गई। वीर नारायण और उनकी सेना छपामार प्रणाली से युद्ध करने में पारंगत थी। इसीलिए कुर्रूपाट की पहाड़ियों पर अंग्रेजों के लिए उन्हें पकड़ना मुश्किल था। ऐसे में अंग्रेजों ने आसपास के गांवों में आग लगाना शुरू कर दिया। अपने लोगों को भूखा न सोना पड़े, इसलिए जिस जमींदार ने जेल तक का सफर किया, वह इस तरह अपनी प्रजा को तड़पकर मरता न देख सका। उन्होंने तत्काल आत्मसमर्पण कर दिया। इस तरह अंग्रेजों ने छलपूर्ण उन्हें पकड़कर तोप से उड़ा दिया। 1992 में पहली बार पुण्यतिथि मनी और तभी से इतिहास सुधारने की कोशिशें जारी हैं।

राष्ट्रीय दिशा मंच संस्थापक किरोड़ीमल अग्रवाल कहते हैं कि अफसोस है कि शहीद को जो सम्मान मिलना था नहीं मिला। मंच के प्रयासों से आजादी के 45 साल बाद पहली पुण्यतिथि जयस्तंभ चौक पर मनी। मैंने हरि ठाकुर, केयूर भूषण जैसे सेनानियों के साथ रविशंकर यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी खंगाली। तब जाकर 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण को अंग्रेजों द्वारा मृत्युदंड देने की बात साबित हुई। स्कूली किताबों में भी उनकी वीरता की गाथा शामिल करवाने की पहल भी तभी से कर रहे हैं। राज्य बना मांग पूरी हुई पर इतिहास उस तरह नहीं बताया जैसा बताया जाना था।

### परिवार के 6 और सदस्यों ने भी की थी अंग्रेजों से बगावत



**पूर्व सांसद** चुन्नीलाल साहू ने भी शहीद से जुड़े स्कूली पाठ्यक्रम में बदलाव की मांग की है। उनके मुताबिक, ओडिसा और झारखंड की यात्रा के दौरान कई किताबों और शोध से यह बात पता चली कि शहीद के परिवार के 6 और भी सदस्यों ने आजादी की लड़ाई में प्राणों की आहुति दी थी। उनके ससुर माधो सिंह को संबलपुर जेल के पास 1 दिसंबर 1858 को फांसी दी गई। उनके चार साले–हटे सिंह, बैरी सिंह, गोविंद सिंह और कुंजल सिंह को आजीवन कारावास की सजा दी गई। जेल में ही सभी की मौत हो गई। उनके एक अन्य साले ऐसी सिंह को सुरंग में जिंदा जलाकर मार दिया गया। यह जानकारी रांची और ओडिशा के बरगढ़ जिले के रेकॉर्ड और पुरानी किताबों में मिली है। चुन्नीलाल ने ओडिसा के प्रोफेसर्स द्वारा लिखी किताबों और ऐतिहासिक दस्तावेजों की जांच कर इस तथ्य को उजागर किया। उनका कहना है कि यह इतिहास स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होना चाहिए। ताकि बच्चों को अपने नायकों के संघर्ष के बारे में पता चले।

*कंटेंट : गौरव शर्मा*

---

**माशिमं**

## 12वीं बोर्ड की 1 मार्च से और 10वीं की 3 मार्च से

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (माशिमं) ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का सोमवार को टाइम टेबल जारी कर दिया। 10वीं की मुख्य परीक्षा 3 मार्च 2025 से शुरू होगी और 24 मार्च तक चलेगी। वहीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से शुरू होगी और 28 मार्च को अंतिम पेपर होगा। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं सुबह की पारी में सुबह 9 से 12.15 बजे तक चलेंगी। शारीरिक शिक्षा पत्रोपाधि परीक्षा भी 1 मार्च से शुरू होगी और 10 मार्च तक चलेगी। विद्यार्थी विस्तृत टाइम टेबल माशिमं की वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर भी देख सकते हैं।

## कर्मचारी जिस पद पर ज्वाइन करे, उसी से रिटायर हो यह अनुचितः हाईकोर्ट

**बिलासपुर.** हाईकोर्ट ने डाटा एंट्री आपरेटरों की याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य शासन के पदोन्नति नीति को लेकर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि यह कहां का नियम है, कि कर्मचारी जिस पद पर ज्वाइनिंग करे उसी पद पर रिटायर हो जाए। काम का कुछ तो अवार्ड मिले। मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद तय की गई है।

डाटा एंट्री आपरेटरों द्वारा पदोन्नति को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि कर्मचारी एक ही पद पर बिना किसी पदोन्नति के काम करे यह उचित नहीं है। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता ने याचिका को खारिज करने की मांग की। इस पर कोर्ट ने उनको जवाब प्रस्तुत करने कहा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के 15 विभागों में पदोन्नति चैनल निर्धारित कर डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों को प्रमोशन प्रदान किया जा रहा है।

---

**बिग ब्रेकिंग** जिलों से महानगर होते हुए रैकेट, अमरीका, चीन, यूरोप और दुबई तक पहुंचा

# ठगी का अंतरराष्ट्रीय जाल

साइबर ठगों का जाल फैलता ही जा रहा है। अभी तक यह माना जाता था कि यह छोटे जिलों तक सीमित है। लेकिन ये दो खबरें बता रही हैं कि ये ठग अब अंतरराष्ट्रीय हो चुके हैं। राजनांदगांव में कारोबारी से हुई ठगी के मामले में रुपया दुबई के एटीएम से निकालने की बात सामने आई है। वहीं बिलासपुर से ठगी करने वालों ने भी खुलासा किया है उनका संपर्क उत्तरी अमरीका, यूरोप और चीन तक है।

पत्रिका रक्षा कवच — अपराधों के विरुद्ध पत्रिका अभियान

## राजनांदगांव: खुद व रिश्तेदारों के 3 करोड़ 40 रुपए लाख गंवाए

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**राजनांदगांव.** यहां के बसंतपुर निवासी एक कारोबारी शेयर मार्केट में दो गुना अधिक कमाई करने के फेर में ऐसा फंसा कि स्वयं के साथ ही रिश्तेदारों के लगभग 3 करोड़ 40 लाख रुपए ठगों के हवाले कर दिए।

**इस तरह झांसे में लिया :** इन्वेस्ट करने पर शुरुआत में कमाई भी हुई पर विड्रॉल करने की प्रक्रिया आसान नहीं थी। कारोबारी ठगों की बातों में आता गया और देखते ही देखते 3 करोड़ 40 लाख रुपए शेयर मार्केट में लगा दिए। साइबर ठगों ने पहले शेयर मार्केट में होने वाले हलचल के बारे में उक्त व्यापारी को जानकारी दी। ट्रेडिंग में शुरुआती दिनों में फायदा होने लगा तो व्यापारी की रुचि बढ़ती गई।

**8 विभिन्न बैंकों के खाते में वेबसाइट लिंक :** कारोबारी ने पहले तो अपने पास से रकम लगाई फिर मुनाफे के लालच में अपने रिश्तेदारों और परिचितों से उधार में रकम लेकर ऑनलाइन ट्रेनिंग में लगाने लगा। कुछ दिनों के बाद जब ठगे जाने का अहसास हुआ तो कारोबारी ने पुलिस में शिकायत की। जांच शुरू की तो खुलासा हुआ कि इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग हैं।

### आरोपी राजस्थान और केरल से गिरफ्तार

**पुलिस** ने ठगों को राजस्थान और एक ठग को केरल से गिरफ्तार किया। जांच में पता चला है कि आरोपी रकम को केरल, उत्तरप्रदेश, असम आदि राज्यों में मौजूद खातों में ट्रांसफर कर केरल से निकालते थे। इसके अलावा आरोपियों द्वारा पीड़ित से प्राप्त करीब 60 लाख रुपए को डेबिट कार्ड की माध्यम से दुबई में रकम विड्रॉल किए हैं। एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि इस प्रकरण में 50 लाख रुपए होल्ड कराए गए हैं।

## चेहरे बेनकाब

### 54 लाख की ठगी: अमरीका, चीन और यूरोप कनेक्शन



पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** शहर के एक रिटायर्ड कर्मचारी को डिजिटल अरेस्ट कर 54 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपियों को बिलासपुर एंटी क्राइम यूनिट ने अलवर से ट्रांजिट रिमांड पर लाया है। पार्लर में काम करने वाले इन आरोपियों ने खुद को ईडी अधिकारी बताकर जुलाई में बुजुर्ग से वसूली की थी। इन साइबर ठगों के गैंग का उत्तरी अमरीका, चीन और यूरोप से कनेक्शन होने का भी पता चला है। आरोपियों ने यूएसटीडी क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्ट कर ठगी के पैसों को सुरक्षित किया है। बिलासपुर एंटी क्राइम यूनिट के निरीक्षक विजय चौधरी ने बताया कि बिलासपुर निवासी सेंट्रल गवर्नमेंट के सेवानिवृत्त कर्मचारी जयसिंह चंदेल (71 वर्ष) ने जुलाई-2024 में 54 लाख की साइबर ठगी का मामला दर्ज कराया था। अलवर में आरोपियों के ठिकाने में दबिश देकर पुलिस ने कोतवाली थाना इलाके में रहने वाले निकुंज कुमार, लक्ष्य सैनी को पकड़ लिया। दोनों आरोपी मैन्स पार्लर में काम करते हैं।

> साइबर ठग आए दिन नए -नए तरीकों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। गैंग के मुख्य सरगना विदेश में बैठकर यहां के लोगों से ठगी करवा रहे हैं। ये लोग अपने आप को पुलिस का अधिकारी, सीबीआई या ईडी का अधिकारी बताकर ठगी का प्रयास करते हैं। पुलिस कभी भी डिजिटल समन, वारंट या डिजिटल अरेस्ट नहीं करती।
>
> **रजनेश सिंह,** एसपी बिलासपुर

## 26 बेरोजगारों से एक करोड़ से अधिक की ठगी, चार गिरफ्तार



**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर.** सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 26 बेरोजगारों को विभिन्न विभागों में क्लर्क, जेल प्रहरी, आरक्षक, ऑपरेटर और प्यून जैसे पदों पर फर्जी नियुक्ति पत्र थमा कर 1 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की। पुलिस ने चार शिकायतकर्ताओं की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपियों में कपिल गोस्वामी निवासी अकलतरा, गुरु शंकर दिव्य निवासी सक्ति, राजेंद्र पलांगे निवासी सक्ति और पुरुषोत्तम तिवारी निवासी उसलापुर शामिल हैं। ये सभी फर्जी नियुक्ति पत्र और सेवा पुस्तिका बनाकर ठगते थे। गिरफ्तार आरोपियों के खातों में तीन लाख रुपए फ्रिज किए गए हैं, जबकि 13 लाख रुपए नगद, फर्जी नियुक्ति पत्र, सेवा पुस्तिका और सरकारी विभागों की मुहर भी जब्त की गई है।

---

**ईडी की कार्रवाई:** ट्रेडिंग में हुई काली कमाई को व्हाइट करने का मामला

# शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की 160 करोड़ की संपत्ति अटैच

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** ईडी ने महादेव सट्टा ऐप से जुड़े शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की करीब 160 करोड रुपए की प्रॉपर्टी को अटैच कर लिया है। यह कार्रवाई सट्टा ऐप के प्रमोटर विकास छापरिया के करीबी केडिया के द्वारा स्टॉक पोर्टफोलियो फर्म का संचालन करने के इनपुट मिलने पर की गई है। जांच के दौरान सट्टा से अर्जित रकम को परफेक्ट प्लान इन्वेस्टमेंट (एलएलपी) एक्सिम जनरल ट्रेडिंग (एफजेडको) और टेक प्रो आईटी सॉल्यूशन (एलएलसी) जैसी कंपनियों के जरिए निवेश करने की जानकारी मिली है।

उक्त कंपनियों में निवेश की रकम को छिपाने के लिए विदेशी पोर्टफोलियो (एफपीआई) का इस्तेमाल किया जा रहा था। गोविंद केडिया द्वारा स्टॉक पोर्टफोलियो फर्म का मालिक है। केडिया पर सट्टे की रकम को शेयर बाजार में लगाने का आरोप है।

जांच में पता चला है कि विकास छपरिया के कहने पर गोविंद केडिया ने शेयर बाजार में सट्टे की कमाई को निवेश किया। इन निवेशों से होने वाले लाभ और हानि को कथित तौर पर 75:25 के अनुपात में बांटा गया था। जिसमें गोविंद केडिया ने कुल निवेश के केवल 25 फीसदी पर ब्याज लिया था। 2023 में ईडी ने गोविंद केडिया के ठिकानों पर छापेमारी कर 18 लाख रुपये कैश और 13 करोड़ रुपए के सोने के ज्वेलरी जब्त की थी।

**ईडी कर रही केडिया से पूछताछ :** ईडी की टीम इस समय महादेव सट्टा ऐप प्रकरण में पकड़े गए गोविंद केडिया से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी के बाद उसे 5 दिन की रिमांड पर लिया गया है इसकी अवधि पूरी होने पर 11 दिसंबर को उसे विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा।

### गोविंद केडिया की अहम भूमिका

**गोविंद** केडिया का नाम टेकप्रो आईटी सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयर होल्डर नितिन टिबरेवाल से जुड़ा हुआ है। नितिन टिबरेवाल पर महादेव ऑनलाइन बुक सिंडिकेट के लिए कंपनी का इस्तेमाल करने का आरोप है। ईडी का दावा है कि टिबरेवाल ने अवैध सट्टेबाजी संचालन से होने वाली आय को विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से शेयर बाजार में लगाया, जिससे शेयर ट्रेडिंग के माध्यम से करोड़ों रूपए की ब्लैकमनी को सफेद किया गया। इस पूरे खेल में गोविंद केडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### साझेदारी की फर्म

ईडी महादेव सट्टा ऐप प्रकरण की जांच के दौरान विकास की कंपनियों की 236.3 करोड़ रुपए नगद डेरिवेटिव और सुरक्षा होल्डिंग्स को फ्रीज कर चुकी है। वही गोविंद केडिया की शेल कंपनी मेसर्स लैक्सिस रेजीडेंसी एलएलपी विकास छपरिया की पार्टनशिप फर्म और एक अन्य महादेव सट्टा ऐप के एक अन्य आरोपी नितिन टिबरेवाल से जुड़ी थी।

### 2295 करोड़ की संपत्ति कुर्क

ईडी महादेव सट्टा ऐप प्रकरण में 2295.61 करोड़ की संपत्ति को कुर्क कर चुकी है। इस प्रकरण में फरार चल रहे हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित मॉरीशस स्थित कंपनी मेसर्स टानो इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज द्वारा एफपीआई में निवेश करने के साथ ही छत्तीसगढ़ सहित मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित प्रमोटर्स के नाम पर कई अचल संपत्ति खरीदी गई और उनका इन्वेस्टमेंट किया गया है।

---

### सीएम साय ने किया हाउसिंग बोर्ड की परियोजनाओं का शुभारंभ

# अटल विहार योजना में गरीबों के लिए बनेंगे 50 हजार मकान

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के शहरों में रहने वाले जरूरतमंद और गरीबों को किफायती दर पर आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने अटल विहार योजना शुरू की है। इसके तहत आने वाले समय हाउसिंग बोर्ड को 50 हजार मकान बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए हाउसिंग बोर्ड को एक रुपए प्रति वर्ग फुट पर शासकीय जमीन दी जाएगी। इस योजना के तहत पहले चरण में सात शहरों में 1650 मकान बनाए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हाउसिंग बोर्ड की सात आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसकी खास बात यह भी है कि इस योजना में पूर्व में घोषित अनुदान को जारी रखते हुए ईडब्ल्यूएस भवनों में 80,000 रुपए एवं एलआईजी भवनों में 40,000 रुपए का अनुदान दिया जाएगा। पहले चरण की परियोजना में लगभग 300 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके तहत ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के 1450 आवास तथा एमआईजी श्रेणी के 200 आवास बनाए जाएंगे।

**विकासखंडों में रहने वालों को भी मिलेगा लाभ :** मुख्यमंत्री साय ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर शहरी गरीब परिवारों को आवास मिले, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की गई है। इससे प्रेरणा लेते हुए हमारी राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों एवं विकासखंड में रह रहे आवासहीन अथवा कच्चे भवन के स्थान पर किफायती एवं पक्के छत युक्त आवास उपलब्ध कराने के लिए अटल विहार योजना प्रारंभ की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसव राजू एस. सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**सभी जिलों में जल्द शुरू होगी योजना :** वित्त तथा आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि अटल विहार योजना के तहत आवासों का निर्माण गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। इस योजना के तहत राजधानी रायपुर के साथ - साथ दूरस्थ बीजापुर जिले में भी मकान बनाए जाएंगे। जल्द ही यह योजना सभी जिलों में शुरू होगी। हाउसिंग बोर्ड द्वारा नियमित भवनों को फ्री-होल्ड करने की योजना वर्ष 2012 में प्रारंभ की गई।



अटल आवास परियोजना की स्मारिका जारी करते मुख्यमंत्री साय।

- **1650** आवास सात शहरों में
- **300** करोड़ रुपए होंगे खर्च
- **1450** आवास ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के
- **200** आवास एमआईजी श्रेणी के

### इन सात शहरों में बनेंगे मकान

**मुख्यमंत्री** साय ने सात शहरों के लिए आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इसके तहत रायपुर के भूरकोनी में, राजिम के पर्थरा में, धमतरी के खरतुली में, धमतरी के सिहाद में, दुर्ग के पुलगांव में, बालोद के गुरुर में और बीजापुर के कोकड़ापारा में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के आवास बनाए जाएंगे।

---

**हाईकोर्ट जाएगा मामला:** वकील ने कहा पुलिस ने नहीं मानी अफसर की बात

# बम की अफवाह फैलाने वाला निकला आईबी अफसर

### धारा ऐसी कि सुनवाई करने रायपुर में कोर्ट नहीं

### यात्रा के दौरान इंडिगो की फ्लाइट में दी थी बम होने की सूचना

### अनिमेष मंडल को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** हवाई यात्रा के दौरान फ्लाइट में बम होने की झूठी जानकारी देने के मामले में गिरफ्तार अनिमेष मंडल सेंट्रल आईबी के अफसर हैं। इसका खुलासा उस समय हुआ, उनसे जुड़े मामले की सुनवाई नहीं हो पा रही थी। इस मामले से जुड़ा न्यायालय रायपुर में नहीं है। इस कारण उनकी जमानत नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि गिरफ्तारी के दौरान अनिमेष ने आईबी अफसर होने की जानकारी पुलिस को दी थी।

चूंकि बम होने की उनकी सूचना अफवाह निकली थी। इस कारण उनके आईबी अधिकारी होने पर संदेह के चलते उनकी बात नहीं मानी गई। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उनके खिलाफ सिविल एविएशन एक्ट 3-1 डी के तहत अपराध दर्ज हुआ था। इस एक्ट के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए रायपुर में कोई कोर्ट नहीं है। यह एक स्पेशल एक्ट के तहत कार्रवाई है। उस श्रेणी का न्यायालय नहीं है। इस कारण अब इसकी सुनवाई हाईकोर्ट में होगी।

**क्या था मामला**

**14 नवंबर** को नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट में अनिमेष मंडल भी सवार थे। नागपुर से उड़ान भरने के बाद अनिमेष ने फ्लाइट में बम होने की सूचना दी। इससे फ्लाइट में सफर करने वाले दहशत में आ गए। सुरक्षा के लिहाज से फ्लाइट को रायपुर एयरपोर्ट में उतारा गया। फ्लाइट की जांच की गई। उसमें बम नहीं मिला। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी की शिकायत पर माना पुलिस ने अनिमेष के खिलाफ अपराध दर्ज किया। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अंबिकापुर: सुरक्षा घेरा पार कर महिला मुख्यमंत्री से मिली



**अंबिकापुर @ पत्रिका.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जब मंच पर पहुंचे तो दर्शक दीर्घा में मौजूद एक महिला सुरक्षा बैरिकेट पार कर सीएम से मिलने की कोशिश करती नजर आई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की। उसकी पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी भी हुई। राज्यगीत समाप्त होने पर सीएम ने महिला को अपने पास बुलाया और उसकी समस्या सुनी। इसके बाद सीएम ने उसके बेहतर इलाज के लिए अफसरों को निर्देशित किया।

# उज्जैन का केस: पॉक्सो में सजा के बाद समझौता आश्चर्यचकित हाईकोर्ट ने पूछा- क्या ये संभव है?

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस प्रणय वर्मा की कोर्ट में सोमवार को उज्जैन में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो एक्ट) में सजा का मामला आया। जमानत के लिए आवेदन करने वाले फरियादी की ओर से कोर्ट में पेश अभिभाषक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि फरियादी और आरोपी के बीच समझौता हो गया है। यह सुन चीफ जस्टिस आश्चर्यचकित रह गए। वकील से पूछा पॉक्सो में सजा के बाद समझौता...। वकील ने एक बार फिर उसी बात को दोहराया। इसके बाद कोर्ट ने पूछा क्या ये संभव है..। वकील ने बताया कि पूर्व में हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने इस तरह के मामले की सुनवाई की थी। कोर्ट में वकील ने वो आदेश भी रखा। हालांकि चीफ जस्टिस की युगलपीठ ने मामले को सुनवाई के लिए आगे बढ़ा दिया।



### दूसरा मामला: अंतरिम आदेश के तहत सजा निलंबित

**पॉक्सो एक्ट** के तहत उज्जैन में एक केस में हुई 20 साल की सजा को हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश के तहत निलंबित कर दिया। उज्जैन विशेष न्यायालय ने पारस को 20 साल की सजा सुनाई थी। निचली अदालत में अभियुक्ता ने बयान दिया था कि फरियादी के साथ तीन वर्ष से संबंध थे। पूर्व में परिजन के कहने पर बयान दिए थे। इस दौरान याचिका पर आपत्ति भी आई थी। चीफ जस्टिस की युगलपीठ ने वकीलों की बहस सुनने के बाद फरियादी को अंतरिम राहत देते हुए कहा कि सजा को निलंबित कर दिया।

# विधायक सप्रे मामला: उमंग की याचिका पर कोर्ट ने सरकार, विधानसभा अध्यक्ष से मांगा जवाब

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** बीना विधायक निर्मला सप्रे की विधानसभा सदस्यता समाप्त नहीं करने को लेकर हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को नोटिस जारी किया है। दलबदल कानून के तहत सप्रे की सदस्यता समाप्त करने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल ने बताया कि विधायक सप्रे कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर चुनाव जीतीं, लेकिन मई में वे भाजपा में शामिल हो गईं। सदस्यता समाप्त करने के लिए नेता प्रतिपक्ष की ओर से विस अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था। अतिरिक्त महाधिवक्ता आनंद सोनी ने कोर्ट को बताया कि बहस के लिए महाधिवक्ता पेश होंगे। उन्होंने तारीख बढ़ाने की मांग की। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर राज्य सरकार, विस अध्यक्ष तोमर, विधायक सप्रे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



### पटवारी के बयान से व्यथित थीं विधायक

अधिवक्ता खंडेलवाल ने दलील दी कि विस अध्यक्ष पूर्व में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा के प्रति पूर्वाग्रह रखते हैं, इसलिए नेता प्रतिपक्ष सिंघार के पत्र के बाद भी बीना विधायक की विधायकी पर फैसला नहीं ले रहे। याचिका में उन्हें व्यक्तिगत तौर पर पार्टी बनाया गया है। ज्ञात रहे कि कांग्रेस छोड़ने से पहले सप्रे ने बयान दिया था कि वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर दिए गए बयान से व्यथित हैं, इसलिए वे पार्टी छोड़ रही हैं।



**मंदसौर.** पुलिस ने सोमवार को एक मोडिफाई टैंकर से 50 लाख की बीयर जब्त कर चालक गुनेशाराम जाट निवासी बाड़मेर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। वह बीयर सिरसा हरियाणा से अहमदाबाद ले जा रहा था।

## न्यूज विंडो

### सप्लीमेंट्री बजट 17 दिसंबर को

**भोपाल@पत्रिका.** राज्य में बढ़ते खर्च का असर बजट में दिखने लगा है। वित्त विभाग ने अन्य विभागों के खर्चों पर नजर रखने के साथ अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाई है। वहीं सरकार सप्लीमेंट्री बजट को अंतिम रूप देने में जुटी है। 16 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अगले दिन यानी 17 को सरकार सप्लीमेंट्री बजट पेश करेगी। सरकार ने विधानसभा सचिवालय को सूचना भेज दी है।

### शास्त्री के छोटे भाई ने तोड़े संबंध

**छतरपुर@पत्रिका.** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री के छोटे भाई शालिगराम ने उनसे अपने सारे रिश्ते तोड़ लिए हैं। एक वीडियो जारी कर इसका ऐलान किया। वीडियो में बताया कि अब वह न तो बागेश्वर धाम से जुड़े रहेंगे और न ही धीरेन्द्र शास्त्री से उनका कोई संबंध रहेगा। शालिगराम ने कहा, इसकी लिखित सूचना भी फैमिली कोर्ट में दे दी है।

### नकली डीएपी बेचने पर प्रकरण

**डबरा@पत्रिका.** नकली डीएपी खाद बेचे जाने के मामले में कृषि विभाग ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई है। किसान हरनाम बघेल ने 7 दिसबंर को इफको कंपनी के नाम के डीएपी के 23 बैग को नकली बताकर व ज्यादा पैंसे देकर खरीदे जाने की शिकायत कृषि विभाग को की थी। शिकायत सही पाए जाने पर शुभम सिंह, जगदीश बघेल, राज रावत, किशन रावत के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है।

### कालाबाजारी, ट्रेडर्स पर केस दर्ज

**जबलपुर@पत्रिका.** जिले के शहपुरा में सोमवार को एक खाद विक्रेता पर काला बाजारी का केस दर्ज किया गया। कृषि अधिकारी के प्रतिवेदन पर शहपुरा पुलिस ने वेदांत ट्रेडिंग कंपनी के प्रतिनिधि भैयाजी बिल्थरे के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। पुलिस ने छानबीन में पाया विक्रेता मनमाने दाम पर खाद बेच रहा था।

घाटे-चोरी वाले फीडर पर पहले लगने थे, लेकिन बेहतर वसूली-पॉश वाले फीडर पर लगा रहे

# जहां हो रही बिजली चोरी वहां स्मार्ट मीटर लगाने से बनाई दूरी

पत्रिका पड़ताल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर खुली लूट का मैकेनिज्म तैयार किया जा रहा है। ये मीटर घाटे और चोरी वाले इलाकों के बजाय ठीक-ठाक वसूली वाले इलाकों में पहले लगाए जा रहे हैं। करीब 13 लाख मीटर लगा दिए गए हैं। इनमें 75 फीसदी से ज्यादा इलाके ऐसे हैं जो एवरेज बिलिंग और बेहतर वसूली ट्रेड वाले हैं। जिन इलाकों में सीधे बिजली चोरी के हालात हैं, उन्हें अभी स्मार्ट मीटर से दूर रखा गया है, जबकि वहीं सबसे पहले लगाने थे। बिजली कंपनियां अपने लक्ष्य पूरा दिखाने के चक्कर में वसूली वाले इलाकों में ही स्मार्ट मीटर लगा रही हैं।

**असल फंडा ये:** दरअसल, औसत बिलिंग और बेहतर ट्रेंड वाले इलाके स्मार्ट मीटर लगाते ही ज्यादा सटीक बिलिंग पर आ सकते हैं। यहां वसूली बढ़ जाएगी। पॉश इलाकों में भी स्मार्ट मीटर लगाते ही पूरी वसूली होनी है। यदि चोरी और घाटे वाले इलाकों में ये मीटर लगाते हैं तो सबसे पहले विरोध ही झेलना होगा। तमाम दिक्कतों के बाद मीटर लगा भी दिए गए तो नुकसानी को संभालना और वसूली बढ़ाना टेढ़ी खीर है।



फाइल फोटो

### जगह-जगह विरोध

**खंडवा** शहर में बिजली कंपनी के ठेकेदारों को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह विवाद भी सामने आ रहे हैं। सबसे ज्यादा मुश्किल कहारवाड़ी, बजरंग चौक क्षेत्र में आ रही है। आनंद नगर, दूध तलाई सहित अन्य क्षेत्र में भी स्मार्ट मीटर लगाने पहुंच रहे ठेकाकर्मियों का विरोध किया जा रहा है। गत दिनों चार जगह विरोध होने पर ठेकाकर्मियों को बिना मीटर लगाए लौटना पड़ा। कंपनी के शहर संभाग में सिंगल फेज के 20609, थ्री फेज के 1595 मीटर लगाए जा रहे हैं।

### भोपाल में स्मार्ट लूट के हाल

- **अन्ना नगर:** 40-45% घाटा हर महीने होता है। बिलिंग से ज्यादा बिजली की खपत है। यहां स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जा रहे।
- **पंचशील नगर:** बिजली फीडर पर औसत 35-45% तक का घाटा दिखता है। आसपास के इलाके बेहतर हैं। यहां भी स्मार्ट मीटर नहीं लग रहे।

### वसूली ट्रेंड बेहतर, पर स्मार्ट मीटर लागू

- **दानिशकुंज जोन:** यह फीडर बेहतर वसूली वाला है। 12 से ज्यादा कॉलोनियां पॉश जोन की हैं। कुछ क्षेत्र औसत बिलिंग का है। घाटा 15-20% तक है।
- **बैरागढ़ चींचली:** इस फीडर पर मिक्स जोन क्षेत्र है। दर्जनों कॉलोनी बेहतर बिलिंग वाली हैं, तो कुछ खराब ट्रेंड की।

**44** लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर पहले चरण में

**13** लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग चुके प्रदेश में

**4000** स्मार्ट मीटर भोपाल में लगे

**1.79** करोड़ से ज्यादा उपभोक्ता प्रदेश में

### 250 करोड़ से ज्यादा की चोरी

**सूबे** में बिजली में औसतन 250 करोड़ रुपए महीने की औसत चोरी या नॉन-बिलिंग मानी जाती है। भोपाल में ही 300 करोड़ सालाना खपत व वसूली राजस्व में अंतर आता है। बिजली दर वृद्धि के समय हर साल औसत 3000 से 4000 करोड़ का घाटा कंपनियां बताती हैं। स्मार्ट मीटर खपत व वसूली के अंतर को पाटने में मददगार हो सकते हैं। ऐसा तब संभव होगा जब चोरी व खपत के अन्य लीकेज वाले इलाकों में पहले स्मार्ट मीटर लगाए जाएं।



### विरोध की जड़ भी

**स्मार्ट** मीटर में बिना मौके पर पहुंच बिजली कंपनी कनेक्शन काट सकेगी। बिजली का रिचार्ज खत्म होने और बिल जमा करने की अवधि खत्म होने के तीन दिन बाद स्वत: कनेक्शन कट जाएगा। तीन दिन की सुविधा के बाद कनेक्शन कटने पर उपभोक्ता को कनेक्शन जुड़वाने की पूरी प्रकिया अपनानी होगी।

### मीटर से सुविधा बढ़ेगी

अभी 20 चुनिंदा जिलों में स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। मीटर में ऐसे कई फीचर्स हैं, जो उपभोक्ता की सुविधा बढ़ाएंगे। इसका विरोध नहीं है, हम इसके प्रति जागरूकता भी ला रहे हैं।

**प्रद्युम्न सिंह तोमर,** ऊर्जा मंत्री

### भ्रष्टाचार पर लगाम लगे

स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से लूट का नया तरीका अपनाया जा रहा है। उपभोक्ता विरोध कर रहे हैं। जहां बिजली चोरी हो रही है, उसे पहले रोका जाए। बिजली कंपनियों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगे तो बिजली घाटा खत्म हो जाएगा।

**जीतू पटवारी,**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

जनजातीय विद्यार्थियों को मिलेगी सुविधा

# राज्य में फ्री कोचिंग का दायरा बढ़ाएगी सरकार, खाका तैयार

Newsmile न्यूज विद स्माइल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** राज्य सरकार जेईई, नीट एवं क्लेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग का दायरा बढ़ाएगी। खाका तैयार कर लिया गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को यह सुविधा मिलेगी।

आकांक्षा योजना में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर संभागीय मुख्यालय में जनजातीय विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग दी जाती है। 2025-26 के लिए योजना के संदर्भ में संशोधित कार्ययोजना (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। अब उज्जैन एवं खंडवा में भी जनजातीय विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग दिलाई जाएगी।

### सेंटर भी बढ़ेंगे

जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह ने बताया कि आकांक्षा योजना की सफलता को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर की इन तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सीटों और कोचिंग के लिए सेंटर्स की संख्या में भी विस्तार किया जा रहा है। संशोधित योजना में कोचिंग लेने वाले विद्यार्थियों को अलग से छात्रावास भवन की सुविधा उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव है।

## कानाफूसी

# हलचल कुछ ऐसी... दिल्ली हमारा, नहीं चाहिए सहारा!

राजनीति के मैदान में 'हमें बुलाया नहीं, इसलिए गए नहीं' का बयान विजयपुर के रण से उठकर दिल्ली की दहलीज तक पहुंच गया। बयानबाजी की गर्माहट ने ऐसा माहौल बनाया कि लोग कहने लगे, 'शादी है नहीं, जो पीले चावल दिए जाएं।' किसी ने सफाई दी कि 'सम्मान के साथ बुलाया था, मगर आए ही नहीं।' भोपाल से लेकर दिल्ली तक किवदंतियों का सिलसिला जारी है। पार्टी के बड़े नेता बोले, 'आधारहीन, तथ्यहीन और भ्रामक विषयों पर टिप्पणी करना मतलब गड़े मुर्दे उखाड़ने जैसा है।' लेकिन कानाफूसी का बाजार अब भी गर्म है।

### घराने की अंदरूनी खींचतान या सियासी शीतयुद्ध?

भला घराने में ये ठनी क्यों? क्या यह 'घर का भेदी लंका ढाए' वाला मामला है या फिर कोई 'अपनों में ही पराया' बन गया है? दिल्ली दरबार में 'किसके तराजू में कितना वजन' है और भोपाल की राजनीति में 'किसके पास चालाकी का सिक्का' है, इस पर चर्चा जोरों पर है। जहां दिल्ली में राजनीतिक ताकतों का संग्राम हो रहा है, वहीं भोपाल से संदेश आया, 'वे हमारे घर के वरिष्ठ हैं, उन्हें घेरना मतलब अपनी ही जड़ों पर कुल्हाड़ी मारना।' सवाल यह है कि घर को घेरने और घर को बचाने की यह नौटंकी आखिर क्यों?



### दिल्ली की गद्दी और भोपाल की जद्दोजहद

इस शीतयुद्ध में 'सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे' वाली नीति अपनाई जा रही है। मगर भीतरखाने की खींचतान ने पार्टी की राजनीति को 'घी के साथ धुआं' बना दिया है। सवाल यह भी उठ रहा है कि 'दिल्ली में किसकी तूती बोलती है और भोपाल में कौन कच्चा खिलाड़ी है?'

### अब आगे क्या होगा?

अब यह आसंदी ही बताएगी कि खींचतान का 'ऊंट किस करवट बैठेगा' का खेल है या सिर्फ 'तू चल, मैं आया' जैसी चालाकी। लेकिन एक बात तो साफ है, 'जहां धुआं है, वहां आग भी है।'

मानव तस्करी आशंका, आयोग ने लिखा पत्र

# 100 रुपए के स्टाम्प पर हो गया नवजात का सौदा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सागर.** तिलकगंज स्थित निजी अस्पताल में नाबालिग से जन्मे बच्चे के सौदे का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिवार ने 100 रुपए के स्टाम्प पर नोटरी कराते हुए नवजात का गोदनामा लिख दिया। मामले की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। जानकारी मुताबिक नाबालिग के परिवार ने 6 दिसंबर को उससे जन्मी नवजात को कैंट थाना क्षेत्र के भैंसा पहाड़ी निवासी एक परिवार को गोदनामा लिख दिया।

जानकारी लगने पर मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नवजात के खरीद-फरोख्त की आशंका के चलते पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी कर जांच के निर्देश दिए हैं।

### प्रक्रिया वैधानिक नहीं

तिलकगंज स्थित सूर्य अस्पताल में 27 नवंबर को एक नाबालिग की गुपचुप तरीके से डिलीवरी कराई गई थी। मामले सामने आने पर अस्पताल पर कार्रवाई की गई। वहीं नाबालिग से बलात्कार के आरोपी के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंह के मुताबिक बच्चे को स्टाम्प पर नोटरी कर गोद नहीं लिया जा सकता। यह प्रक्रिया वैधानिक नहीं है। इसमें मानव तस्करी की आशंका है। इसमें अस्पताल प्रबंधन, बलात्कार का आरोपी का परिवार भी शामिल हो सकता है। इन्हीं आशंकाओं के चलते ह्यजांच के निर्देश दिए हैं।

पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने पर एनजीटी की कार्रवाई

# नर्मदा हो रही मैली, 12 नगरीय निकायों पर ₹17 करोड़ हर्जाना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** सीएम और एनजीटी के निर्देशों के बावजूद नर्मदा में नगरों का सीवेज मिलना बंद नहीं हो पाया है। एनजीटी ने अगस्त 2023 में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित अन्य इंतजाम करने का आदेश पारित किया था। इसके बावजूद निकाय इंतजाम नहीं कर पाए हैं। इसके पहले 16 नगरीय निकायों पर 79.44 करोड़ का पर्यावरण क्षति हर्जाना लगाया गया था।

इंतजाम नहीं हो पाने के चलते ट्रिब्यूनल ने 3 से आठ महीने तक का हर्जाना और बढ़ाया है। अब 12 नगरीय निकायों पर 17.22 करोड़ रुपए का और हर्जाना लगाया गया है।

### दिसंबर 2025 तक पूरे करें सभी एसटीपी

सुनवाई के दौरा अर्बन डेवलमेंट कंपनी के चीफ इंजीनियर ने बताया कि अमरकंटक, जबलपुर, भेड़ाघाट और साईंखेड़ा में एसटीपी तैयार हैं। डिंडोरी में 90%, मंडला में 76 %, नरसिंहपुर में 85% और नर्मदापुरम में 25% काम पूरा हुआ है। नर्मदापुरम में ठेकेदार ने सितंबर 2022 में काम बंद किया था तब से काम अटका हुआ है।

| नगरीय निकाय | हर्जाना करोड़ में |
|---|---|
| नपा परिषद नर्मदापुरम | 1.36 |
| ***नगर परिषद नेमावर, देवास*** | ***1.76*** |
| नपा परिषद मंडला | 63 लाख |
| ***नगर निगम जबलपुर*** | ***1.70*** |
| नगर परिषद बुदनी | 3 लाख |
| ***नगर परिषद शाहगंज*** | ***6 लाख*** |
| नगर परिषद सनावद खरगोन | 1.68 |
| ***नगर परिषद बरवाहा, खरगोन*** | ***1.28*** |
| नपा बड़वानी | 1.68 |
| ***नगर परिषद मंडलेश्वर*** | ***1.68*** |
| नगर परिषद ओंकारेश्वर | 2.88 |
| ***नगर परिषद महेश्वर*** | ***2.48*** |

*एनजीटी ने डिंडोरी, मंडला और नरसिंहपुर के एसटीपी 30 अप्रैल 2025 तक और नर्मदापुरम एवं अन्य निकायों के 31 दिसंबर 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।*

सहकारिता विभाग | समितियों को दिया जाएगा बैंकिंग संबंधी काम

# दुग्ध समितियां देंगी घर पर ही पैसे निकालने की सुविधा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में सहकारी बैंकों के कामकाज को बढ़ाने के लिए प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियों को बैंक मित्र बनाया जाएगा। यह समितियां गांव-गांव में बैंकिंग संबंधी कामकाज में सहायता करेंगी। समितियां अपने सदस्यों और अन्य संबद्ध लोगों के सेविंग खाते खुलवाएंगी। लोगों को अपने घर पर ही बैंकिंग संबंधी सेवाएं देने के लिए समितियों को माइक्रो-एटीएम भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इनके जरिए खाताधारक घर पर ही जरूरत के अनुसार पैसा निकाल सकेंगे या ट्रांसफर कर सकेंगे। किसान क्रेडिट



कार्ड भी जारी किए जाएंगे। इससे वे कम ब्याज दर पर क्रेडिट के अनुसार लोन भी ले सकेंगे।

सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता में सहकार योजना शुरू की है। सबसे पहले गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल में पायलट परियोजना शुरू की गई थी। दुग्ध समितियों को बैंक मित्र बनाया गया था। परियोजना इतनी सफल रही कि इन दो जिलों में चार लाख से ज्यादा जमा खाते खुल चुके हैं। 750 करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। इसके बाद अब मध्यप्रदेश में भी सहकारिता विभाग ने इस योजना पर काम शुरू किया है। अधिकारियों के अनुसार मप्र में छह हजार से अधिक प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां हैं। यह अभी दुग्ध संग्रहण ही कर रही हैं। अब बैंकिंग मित्र का काम दिया जा रहा है। इसके लिए केंद्रीय जिला सहकारी बैंक और राज्य स्तरीय सहकारी बैंक के माध्यम से विभिन्न बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाया जाएगा। इससे उन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंच सकेंगी, जो सामाजिक-आर्थिक पिरामिड के सबसे निचले स्तर पर हैं।

### माइक्रो-एटीएम का उपयोग

प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियों को बैंकिंग सेवाओं के लिए जिला और राज्य सहकारी बैंकों से लिंक किया जाएगा। इन समितियों के सभी सदस्यों के खाते सहकारी बैंकों में खुलवाए जाएंगे। समितियों से जुड़े सभी दूध उत्पादकों को भी इससे जोड़कर खाते खुलवाए जाएंगे। इसके बाद समितियों को माइक्रो एटीएम देकर खाताधारकों को उनके घर के द्वार पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे उन्हें पैसे जमा करने या निकालने के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा। समिति के सदस्यों को किसान क्रेडिट वितरित कर शून्य या कम ब्याज दर पर रियायती ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। माइक्रो एटीएम एक हैंड हेल्ड, पोर्टेबल पॉइंट ऑफ सेल टर्मिनल है। इसका उपयोग नकदी निकालने के लिए किया जाता है। यह ओटीपी आधारित और आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम आधारित लेन-देन प्रदान करता है।

# कांग्रेस में अब वाट्सऐप विंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** सरकार की घेराबंदी में जुटी कांग्रेस सोशल सोल्जर्स भी तैयार कर रही है। इसके लिए पार्टी के सोशल मीडिया विभाग ने वाट्सऐप विंग बनाई है। जिलों में अध्यक्ष एवं समन्वयक बना दिए गए हैं। सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश समन्वयक अभिनव बरोलिया को इसकी जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस में वाट्सऐप का प्रयोग नया है। इससे पहले सोशल मीडिया विभाग अपने स्तर पर सक्रियता रखता था। चुनावों सहित पार्टी के आयोजनों में मदद ली जाती रही है। अब एआइसीसी के निर्देश पर वाट्सऐप विंग गठित कर पदाधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं।

विवाह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे

# पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, न्यूज एंकर और साथी की मौत, दंपती घायल

**उज्जैन @ पत्रिका.** मक्सी रोड पर 100 की स्पीड में दौड़ रही कार कायथा मोड़ पर पेड़ में जा घुसी। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार का इंजन 200 फीट दूर जा गिरा और कार उछलकर खेत में गिर गई। हादसे में कार में आगे की सीट पर बैंठे चालक सहित दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे की सीट पर बैठी महिला और पुरुष गंभीर घायल हुए हैं। जिन लोगों की मौत हुई है उनमें से एक मक्सी के भाजपा नेता का भानेज जमाई और दूरदर्शन में एंकर बताया जा रहा है। वह पत्नी के साथ गाजियाबाद से शादी में शामिल होने आया था। घटना रविवार-सोमवार रात 3 बजे करीब की बताई जा रही है। शवों को निकाले में पुलिस को करीब दो घंटे मशक्कत करना पड़ी। वहीं पीछे की सीट पर बैठे महिला पुरुष को जिला अस्पताल भेजा गया था जहां से उन्हें परिवार वाले इंदौर ले गए।



न्यूज एंकर नीतिश भारद्वाज

### चारों मक्सी के लिए हुए थे रवाना

मक्सी में डॉ. रवि पांडे के छोटे भाई की बेटी की 12 शादी दिसंबर हो शादी थी। शामिल ह्योने भानेज वंशिका, जमाई नीतिश भारद्वाज नागदा पहुंचे थे। इधर मक्सी से वंशिका का भाई अटल शाजापुर और मयंक पांडे दोनों कार से उन्हें लेने नागदा पहुंचे। चारों रात 2 बजे नागदा से मक्सी रवाना हुए, 3 बजे हादसा हो गया। हादसे में अटल और पति नीतिश की मौत हो गई, जबकि वंशिका और मयंक घायल हुए हैं।

कंपनी के शेयर में आई तेजी

# अदाणी कृष्णापटनम पोर्ट को मिली तेल आयात की अनुमति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**मुंबई.** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने अदाणी कृष्णापटनम पोर्ट लिमिटेड को समुद्र के रास्ते भारत में पेट्रोलियम आयात करने की अनुमति दे दी है। जनहित में पेट्रोलियम आयात की जरूरत पर विचार करते हुए केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापटनम बंदरगाह को अधिसूचना भेज दी है। अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा है कि अदाणी कृष्णापटनम पोर्ट को 25 अगस्त, 2024 से 1 मार्च, 2026 की अवधि के दौरान नेविगेशनल सेफ्टी एट पोर्ट्स कमेटी सर्टिफिकेट में अनुमति-प्रदत्त ऑपरेशनों के अनुसार पेट्रोलियम आयात करने की अनुमति है। इसके बाद अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड का शेयर मूल्य 1.35 फीसदी बढ़कर 1,276.05 रुपए हो गया।

## सेंसेक्स में 200 अंकों की गिरावट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई .** वैश्विक बाजारों से मिले मिश्रित संकेत और घरेलू मोर्चे पर आर्थिक चिंताओं ने बाजार की धारणा को कमजोर किया। सेंसेक्स 200.66 अंक गिरकर 81,508.46 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 58.80 अंक की गिरावट के साथ 24,619 पर ठहरा। एफएमसीजी सेक्टर में सबसे अधिक दबाव देखा गया। मध्य पूर्व में तनाव और तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों को सतर्क बनाए रखा। इसके साथ ही भारत और अमेरिका के सीपीआई डेटा और इस सप्ताह ईसीबी की नीति घोषणा का इंतजार बाजार की चाल को सीमित कर रहा है। निफ्टी बैंक इंडेक्स 101.75 अंक गिरकर 53,407.75 पर बंद हुआ।

**केंद्र सरकार :** सोने के आयात पर लगेगा अंकुश, देनदारी कम करने का प्रयास

# सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर लग सकता है ब्रेक, वित्तीय बोझ कम करने की तैयारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सरकार अपना कर्ज कम करने पर ध्यान दे रही है। इसी क्रम में वित्त मंत्रालय अगले वित्त वर्ष (2025-26) से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड बंद करने पर विचार कर रहा है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार को सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के निवेशकों को परिपक्वता अवधि पूरी होने पर सोने की कीमत के बराबर भुगतान करना होता है, जिससे सरकार की देनदारी बढ़ती है। इसके साथ ही निवेशकों को ब्याज का भी भुगतान किया जाता है, जिससे सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2027 से अपना कर्ज और जीडीपी के अनुपात में व्यापक कमी करने का निर्णय किया है। ऐसे में इस तरह की योजना को जारी रखने की कोई तुक नहीं है। साथ ही इसने सोने के आयात को कम करने के अपने प्रारंभिक उद्देश्य को भी पूरा कर लिया है। सरकार का उद्देश्य 2027 से लोन-टू-जीडीपी रेशो को स्थिर रूप से घटाना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस संबंध में आगामी 2026 के बजट में योजना की घोषणा कर सकती है।

### 2023 में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में सबसे ज्यादा निवेश



सरकार ने वित्त वर्ष 2025 में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जारी नहीं किए

| वर्ष | रकम | वजन |
|---|---|---|
| 2015 | 1,318 | 4904 |
| 2016 | 3,481 | 11388 |
| 2017 | 1,895 | 6525 |
| 2018 | 643 | 2031 |
| 2019 | 2,316 | 6131 |
| 2020 | 16,049 | 32352 |
| 2021 | 12,991 | 27035 |
| 2022 | 6,551 | 12261 |
| 2023 | 26,852 | 44336 |
| 2024* | 18,500 | - |

(राशि करोड़ रुपए में, वजन किग्रा में)

***मैच्योरिटी भुनाने के लिए हो जाएं तैयार....*** सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की 29वीं किस्त को दूसरी बार मैच्योरिटी से पहले भुनाने यानी प्रीमैच्योर रिडेम्पशन का मौका बॉन्ड धारकों को नए साल में 16 जनवरी को मिलेगा। लेकिन इसके लिए आपको 17 दिसंबर 2024 और 6 जनवरी 2025 के बीच अप्लाई करना होगा।

### योजना को जारी रखने का कोई तुक नहीं...

सरकार ने वित्त वर्ष 2025 में एक बार भी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जारी नहीं किए हैं, लेकिन पूर्ण बजट में 18,500 करोड़ रुपए के गोल्ड बॉन्ड जारी करने का लक्ष्य रखा था, जो अंतरिम बजट के 26,852 करोड़ रुपए के लक्ष्य से कम है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अंतिम बार 21 फरवरी को 8,008 करोड़ रुपए मूल्य के सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड जारी किए थे। ईवाई इंडिया में मुख्य नीति सलाहकार डीके श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार को सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसी योजनाओं को जारी रखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत बढ़ रही है और आगे भी इसमें तेजी आ सकती है। कुल मिलाकर सरकार का कर्ज न बढ़े यह देखना जरूरी है।' साथ ही आयात पर अंकुश सरकार की प्राथमिकता रहेगी।

### खुदरा निवेशकों के लिए शुरू की थी योजना

**सॉवरेन** गोल्ड बॉन्ड को पहली बार नवंबर 2015 को जारी किया गया था। इस पहल का उद्देश्य खुदरा निवेशकों को फिजिकल सोने के बजाय गोल्ड बॉन्ड में निवेश के लिए प्रेरित करना था। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की परिपक्वता अवधि 8 साल है और इसके बाद निवेशकों को सोने के मौजूदा बाजार भाव के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

सकारात्मक परिवर्तन, ग्राहकों को भी फायदा

# कारीगरों-परंपराओं को सशक्त कर रहे विदेशी ब्रांड



पत्रिका गेस्ट राइटर

**क्लोडिया कोज्मा कैपलान**
ग्लोबल हेड ऑफ ब्रांड, रैफल्स होटल्स एंड रिजॉर्ट्स

विदेशी ब्रांड भारत में तेजी से प्रवेश कर रहे हैं और इसका सामाजिक-आर्थिक प्रभाव गहरा है। आज भारत न केवल वैश्विक पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स भी यहां अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत के बाजार में ऐसे कई विदेशी ब्रांड हैं जो रोजगार के नए अवसर और आर्थिक समृद्धि ला रहे हैं।

इस तरह का विस्तार, रोजगार और विकास के नए दरवाजे खोलता है। हालांकि, विदेशी ब्रांड तभी सफल हो सकते हैं जब वे स्थानीय बाजार में कुछ अलग और नया करें। इसमें चाहें तो बेहतर सर्विस दें, विशेष उत्पाद बनाएं या फिर अलग नजरिया विकसित करें।

भारतीय श्रमिकों और कारीगरों के लिए भी यहां अवसरों की कोई कमी नहीं है। प्रतिस्पर्धा से बाजार में अधिक विकल्प और विविधता आती है, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ होता है और स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। उदाहरण के लिए, हमने जयपुर में स्थानीय कारीगरों के योगदान से पारंपरिक तकनीकों का निर्माण किया है। यह दिखाता है कि कैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड स्थानीय कला और कौशल को बढ़ावा दे सकते हैं, उनकी पहचान को संरक्षित रख सकते हैं।

आतिथ्य और पर्यटन के क्षेत्र में सामाजिक सहभागिता का विशेष महत्व है। यह लोगों को एक-दूसरे के जीवन और संस्कृति को समझने और जुड़ने का अवसर देता है। हमारे जैसे अन्य ब्रांड्स भी स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करने में विश्वास रखते हैं। उदयपुर में हमारे यहां मेहमानों को पारंपरिक राजस्थानी खाना पकाना सिखाया जाता है तो जयपुर में पर्यटकों को स्थानीय कारीगरों से यहां की ब्लॉक प्रिंटिंग का इतिहास जानने का अवसर भी मुहैया करवाया जाता है। यह सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संजोने, बल्कि उसे अधिक से अधिक लोगों के सामने प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम भी बन रहा है।

विदेशी ब्रांडों के भारत में आने से एक नई प्रतिस्पर्धा का जन्म हुआ है, जिससे ग्राहकों के पास अधिक विकल्प मौजूद हैं। चुनौतियां भी हैं, जैसे स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के बीच तालमेल बनाना और भारतीय संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करते हुए अपनी सेवाएं देना। अच्छी बात यह है कि ज्यादातर ब्रांड्स स्थानीय समुदायों के साथ जुड़कर काम करते हैं और उन्हें सशक्त बनाते हैं, तो यह बदलाव हमेशा सकारात्मक साबित होता है। हमने स्थानीय कलाकारों, कारीगरों व स्थानीय लोगों के साथ साझेदारी करके इस विचारधारा को अधिक साकार किया है, जिससे भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का सम्मान हो सके।

**प्रबंधन :** देश में ई-कचरा रिसाइक्लिंग की 295 इकाइयां हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 82 इकाइयां उत्तर प्रदेश में

# ई-कचरे की रिसाइक्लिंग में सबसे आगे उत्तर प्रदेश, राजस्थान 8वें स्थान पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरा) के प्रबंधन और इस कचरे को नई सामग्रियों में बदलने (रिसाइकल) की कोशिश के तहत देश के विभिन्न राज्यों में कुल 295 रिसाइक्लिंग इकाइयां बनाई गई हैं। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा कुल 82 रिसाइकल इकाइयां हैं। इसके बाद कर्नाटक का स्थान है जहां 45 रिसाइकल इकाइयां हैं और महाराष्ट्र में 43 तथा हरियाणा में 32 इकाइयां हैं। राजस्थान 10 इकाइयों के साथ आठवें स्थान पर है। इन रिसाइक्लिंग फैक्टरियों का मकसद सिर्फ बड़ी तादाद में सालाना तैयार हो रहे ई-कचरे के अंबार का प्रबंधन करना ही नहीं है बल्कि एक ऐसी चक्रीय अर्थव्यवस्था की प्रणाली तैयार करना है जिसमें इन कचरे से निकली कीमती वस्तुओं का दोबारा इस्तेमाल किया जाता है। ई-कचरे में कई तरह की कीमती चीजें जैसे प्लास्टिक, लोहा, ग्लास, तांबा और कई महंगे धातु जैसे कि चांदी, सोना, प्लेटिनम, पलाडियम और कई दुर्लभ तत्व भी शामिल हैं।

### क्या-क्या शामिल

**ई-कचरे** का संदर्भ इस्तेमाल में न लाए जा रहे या फेंके हुए इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं जिनमें सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल और पैनल भी शामिल है। इसके अलावा इस ई-कचरे में विनिर्माण और वस्तुओं को नया बनाने की प्रक्रिया में जो चीजें छंट जाती हैं वे सभी चीजें शामिल हैं।

### किस राज्य में कितनी हैं इकाइयां

| राज्य | संख्या |
|---|---|
| उत्तरप्रदेश | 82 |
| कर्नाटक | 45 |
| महाराष्ट्र | 43 |
| हरियाणा | 32 |
| गुजरात | 29 |
| तेलंगाना | 15 |
| तमिलनाडू | 13 |
| राजस्थान | 10 |
| मध्यप्रदेश | 06 |



रिसाइक्लिंग फैक्टरियों का मकसद बड़ी तादाद में सालाना तैयार हो रहे ई-कचरे के अंबार का प्रबंधन करना है...

### क्या कहते हैं नियम

**बढ़ते** ई-कचरे की समस्या का समाधान करने की पहल करते हुए सरकार ने ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2022 पर अमल करना शुरू किया, जो पहले के ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 की जगह पर लाया गया था। अद्यतन नियम को 2 नवंबर 2022 को अधिसूचित किया गया था, जो विनिर्माणकर्ता, उत्पादकों, चीजों को नया बनाने वालों या उसे अलग-अलग करने वालों और रिसाइक्लिंग करने वालों पर लागू होता है और जो ई-कचरे के विनिर्माण, बिक्री, हस्तांतरण, खरीद, रिसाइक्लिंग और प्रसंस्करण में लगे होते हैं।

### 60% रिसाइक्लिंग का लक्ष्य तय...

**इन** नियमों का मकसद जिम्मेदारी के साथ ई-कचरा प्रबंधन पर जोर देना और विनिर्माणकर्ताओं के लिए एक रिसाइक्लिंग लक्ष्य तय करना है। इसके तहत वित्त वर्ष 2025 तक 60 फीसदी ई-कचरा रिसाइक्लिंग का लक्ष्य तय है लेकिन यह विभिन्न सेक्टर के हिसाब से भी तय होगा। भारत में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक कचरे के 7226 उत्पादक हैं। देश में ई-कचरे की बढ़ोतरी की समस्या का समाधान करने के लिए इस तरह के केंद्रों की जरूरत है।

## पेज एक का शेष

### राजस्थान...

सबके प्रयास की इस भावना से ही हम सब मिलकर विकसित भारत और विकसित राजस्थान बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि भारत आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए हर क्षेत्र में विकास कर रहा है, उसे लेकर दुनियाभर के निवेशकों में उत्साह का माहौल है। आजादी के 7 दशक बाद भी भारत दुनिया की 11वीं इकोनॉमी था। लेकिन बीते 10 वर्षों में हमने 11वीं से 5वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने का सफर तय किया है। इस दौरान हमारी अर्थव्यवस्था का आकार, कुल निर्यात और एफडीआइ भी करीब दोगुना हो गया है। बीते दस साल में आधारभूत ढांचे पर खर्च भी करीब 2 ट्रिलियन से बढ़ाकर 11 ट्रिलियन रुपए तक पहुंचा दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से तो राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है ही, राजस्थान के लोगों का दिल भी उतना ही बड़ा है। जब राजस्थान विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचेगा तो देश को भी नई ऊंचाई मिलेगी। यहां के लोगों का परिश्रम, ईमानदारी, कठिन से कठिन लक्ष्य को पाने की इच्छाशक्ति, राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना राजस्थान की मिट्टी के कण-कण में समाई है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जो सरकारें आई, उन्होंने न तो देश के विकास को प्राथमिकता पर रखा और ना ही देश की विरासत का ध्यान रखा। लेकिन आज हमारी सरकार विकास भी, विरासत भी के मंत्र पर चल रही है और इसका बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को भी हो रहा है। राजस्थान चुनौतियों से टकराने में माहिर है तो राजस्थान नए अवसर बनाना भी बखूबी जानता है।

**कानून- करप्शन पर नियंत्रण से निवेशकों में उत्साह:** पीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान के तेज विकास में जुटे हैं, वो प्रशंसनीय है। आज राजस्थान में गरीब, किसान, युवाओं के कल्याण, सड़क, बिजली, पानी सहित हर प्रकार के विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। सरकार अपराध और भ्रष्टाचार नियंत्रण में जो तत्परता दिखा रही है, उससे नागरिकों और निवेशकों में नया उत्साह आया है।

**बनेंगे सेक्टर आधारित इंटस्ट्रीयल पार्क:** पीएम ने कहा कि पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए यहां अपार संभावनाओं को देखते हुए मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क और लगभग दो दर्जन सेक्टर आधारित इंडस्ट्रीयल पार्क बनाए जा रहे हैं। दो एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी हुआ है। इससे राजस्थान की इंडस्ट्रियल कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

चुनिंदा पर्यटन स्थलों में से एक भारत के समृद्ध भविष्य में पर्यटन की बहुत बड़ी भूमिका होगी। कोरोना के बावजूद भी बीते दस साल में भारत में 7 करोड़ से ज्यादा विदेश टूरिस्ट आए हैं। टूर, ट्रेवल और हॉस्पिटलिटी सेक्टर की दृष्टि से राजस्थान दुनिया के चुनिंदा स्थानों में से एक है। हेरिटेज टूरिज म, फिल्म टूरिज्म, इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, बॉर्डर एरिया टूरिज्म, वन्यजीव पर्यटन की यहां बहुत अधिक संभावनाएं हैं।

**मैन्युफेक्चरिंग हब बनने की ओर बढ़ते कदम:** पीएम ने कहा कि राजस्थान से भी बीते वर्ष इंजीनियरिंग गुड्स, जेम्स और ज वैलरी, टेक्सटाइल्स, हैंडीक्राफ्ट्स, एग्रो फूड प्रोडक्ट्स आदि का करीब चौरासी हजार करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है। उन्होंने निवेशकों को राजस्थान में ऑटोमोटिव, ऑटो कॉम्पोनेंट इंडस्ट्री, इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफेक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफेक्चरिंग की संभावनाओं को देखते हुए यहां निवेश करने का सुझाव दिया।

**डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डेटा एवं डिलीवरी की ताकत देखेगी दुनिया:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की सफलता में डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिजिटल डेटा एवं डिलीवरी की पावर की अहम भूमिका है और आने वाले समय में दुनिया इनकी असली ताकत देखेगी। भारत जैसे विविधता भरे देश में डेमोक्रेसी का सशक्त होना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज देश की जनता लोकतांत्रिक हक का प्रयोग करते हुए स्थाई सरकार के लिए वोट दे रही है। पीएम ने कहा कि आने वाले अनेक वर्षों तक भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में रहने वाला है और हमारे पास सबसे बड़ा स्किल्ड युवा वर्ग भी होगा। यह सदी तकनीक एवं डेटा की सदी है और युवाशक्ति ने टेक पावर और डेटा पावर के नए आयाम जोड़ कर हमारे सामर्थ्य को बढ़ाने का काम किया है।

### पहाड़ों ने

**पश्चिमी विक्षोभ से दक्षिण में होगी भारी बारिश :** पश्चिमी विक्षोभ के कारण तमिलनाडु, केरल और तटीय आंध्र प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। दक्षिण कर्नाटक और केरल के कई हिस्सों में गरज के साथ बिजली गिरने की आशंका है। कम दबाव के क्षेत्र के कारण तमिलनाडु में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा जैसे पूर्वोत्तर भारत के हिस्सों में कोहरा छाने की संभावना है। इन राज्यों में अगले कुछ दिनों तक मौसम ठंडा और कोहरे भरा रह सकता है।

**हादसा :** सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट से लगी आग

# हाइवे पर दो कार की भिड़ंत में चार छात्रों सहित 7 जिंदा जले



*टक्कर के बाद कार। दरवाजे लॉक होने से कार सवार बाहर नहीं निकल सके और जिंदा जल गए।*

**राजकोट.** गुजरात के जूनागढ़ जिले में मालिया हाटीना तहसील के भंडुरी गांव के पास सोमवार सुबह दो कारों की भिड़ंत हो गई। हादसे में चार छात्रों सहित 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक कार में सवार चार छात्र-नकुल कुवाडिया, धरम धरादेव, अक्षत दवे, ओम मुंगरा व कार चालक वजू राठौड़ शामिल हैं। वहीं दूसरी कार में सवार विनू वाला व राजू खूंटण की मौत हो गई।

दोनों कारें सीएनजी से चल रही थीं और टक्कर के बाद सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट होने से दोनों कारों में आग लग गई और दोनों कार के दरवाजे लॉक हो गए। इस कारण इनमें सवार छात्र व लोग बाहर नहीं निकल सके और कार में ही जिंदा जल गए। जलती हुई एक कार सड़क किनारे बने झोपड़े में जा घुसी। इसके चलते झोपड़े में आग लग गई व लोग जान बचाकर भागे। अंदर सो रही एक बालिका को भी बाहर निकाल लिया गया।

### पंजाब पाक घुसपैठिए को मार गिराया

**जालंधर @ पत्रिका.** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए अमृतसर सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिया अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर अमृतसर जिले के महावा गांव की ओर जा रहा था। जवानों ने घुसपैठिये को चुनौती दी, लेकिन वह नहीं रुका। जवानों ने उसे मौके पर ही मार गिराया।

**एयरो इंडिया :** यलहंका हवाई अड्डे पर तैयारियां शुरू

# रूसी युद्धक सुखोई का 5जी वर्जन लड़ाकू विमान मचाएगा धूम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**बेंगलूरु.** एशिया के सबसे बड़े रक्षा उत्पादन एवं वैमानिकी प्रदर्शनी के तौर पर मशहूर एयरो इंडिया में इस बार रूस अपने सबसे ताकतवर पांचवीं पीढ़ी के युद्धक विमान सुखोई-57 ई (एसयू-57 ई) को प्रदर्शित कर सकता है। दावा किया जाता है कि यह दुनिया का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान है।

द्विवार्षिक एयरो इंडिया 2025 शहर के यलहंका वायुसैनिक अड्डे पर 10 से 14 फरवरी तक होगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। एयरो इंडिया के पिछले 14 आयोजनों में मिली शानदार सफलता ने इस शो के प्रति देश और दुनिया की रुचि बढ़ा दी है। एयरो इंडिया रक्षा उपकरणों का एक बड़ा बाजार होने के साथ ही हवाई जहाजों का करतब के लिए मशहूर है। भारतीय वायुसेना के पूर्व उप प्रमुख एयर मार्शल अनिल खोसला ने कहा कि यह आयोजन वैश्विक रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती ताकत को उजागर करेगा।

**चिली** वर्जिन मैरी की प्रतिमा लेकर रेंगे श्रद्धालु



**चिली** के वालपाराइसो के लो वास्केज में एक श्रद्धालु वर्जिन मैरी की मूर्ति को थाम कर लो वास्क्वेज सैंचुरी से रेंग कर निकलता हुआ। तीर्थयात्री वर्जिन मैरी के पवित्र गर्भाधान की याद में यह अनुष्ठान करते हैं।

यूएई में नई शर्तें लागू

# बड़े पैमाने पर भारतीयों के वीजा हो रहे नामंजूर

**नई दिल्ली.** संयुक्त अरब अमीरात में नए नियम लागू होने का खमियाजा बड़े पैमाने पर भारतीयों को भुगतना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अब प्रतिदिन पर्यटकों के लगभग 100 आवेदनों में से कम से कम 5-6 प्रतिशत आवेदन अस्वीकृत हो रहे हैं।

यूएई ने हाल ही में खाड़ी शहर की यात्रा करने के इच्छुक पर्यटकों के लिए नई और सख्त शर्तें लागू की हैं। इन मानदंडों के तहत, पर्यटकों को अपने होटल बुकिंग विवरण और वापसी टिकट प्रस्तुत करना आवश्यक है। जो लोग अपने रिश्तेदारों के साथ रह रहे हैं, उन्हें भी आवास का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

### नई पीआइएल पर विचार से इनकार

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका (पीआइएल) पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा के पास प्रदर्शन कर रहे किसानों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध करने के खिलाफ निर्देश देने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि किसानों के विरोध से संबंधित एक जनहित याचिका पहले से ही शीर्ष अदालत में लंबित है।

### रूस 13 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने का दावा

**मास्को @ पत्रिका.** रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने रविवार देर रात बेलगोरोद, रोस्तोव और अस्त्राखान क्षेत्रों में 13 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि कीव सरकार की ओर से रूसी संघ के क्षेत्र में आतंकी हमला करने का प्रयास विफल कर दिया गया है।

## असूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए अनधिकृत प्लेटफॉर्म के खिलाफ चेतावनी

**मुंबई @ पत्रिका.** बाजार नियामक सेबी ने अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म पर असूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लेन-देन के खिलाफ चेतावनी जारी की है। सेबी ने कहा है कि ये प्लेटफॉर्म प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम 1956 और सेबी अधिनियम 1992 का उल्लंघन करते हुए चल रहे हैं। नियामक ने जोर दिया कि निवेशकों को इन प्लेटफॉर्मों पर किसी भी तरह के लेनदेन से बचना चाहिए और किसी भी तरह की संवेदनशील निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। सेबी ने स्पष्ट किया है कि सिर्फ मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज ही सूचीबद्ध होने वाली और सूचीबद्ध हो चुकी कंपनियों की प्रतिभूतियों की ट्रेडिंग के लिए अधिकृत हैं। सेबी के मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों की सूची नियामक की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हाल में ऐसे अनधिकृत वर्चुअल ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म व अपंजीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के प्रति चेताया है जो असूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों की पेशकश करते हैं।

## गुरुग्राम : 190 करोड़ में बिका पेंटहाउस

**गुरुग्राम @ पत्रिका.** हरियाणा की साइबर सिटी गुरुग्राम में एक लग्जरी पेंटहाउस का सौदा 190 करोड़ में हुआ है। डीएलएफ कैमेलियाज सोसाइटी में एक सॉफ्टवेयर कंपनी के फाउंडर ने इस पेंट हाउस को भारी-भरकम कीमत पर खरीदा है। गोल्फ कोर्स रोड पर स्थित कैमेलियाज सोसाइटी में इंफो-एक्स सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक ऋषि पार्टि ने यह पेंटहाउस खरीदा है। इसका एरिया 16,920 वर्ग फुट का है। पेंटहाउस की रजिस्ट्री के लिए लगभग 13 करोड़ रुपए की स्टांप ड्यूटी दी गई है। पिछला रिकॉर्ड मुंबई के लोढ़ा मलाबार में तीन अपार्टमेंट्स खरीदने वाली एक कंपनी का है, जिसने 263 करोड़ रुपए में सौदा किया था।

# नए राजस्थान की झलक देखने उमड़ी गुलाबीनगरी
























ऐसा होगा नया राजस्थान... राइजिंग राजस्थान समिट के पहले दिन सोमवार को भविष्य की तैयारियों और आधुनिक प्रौद्योगिकी को देखकर लोग उत्साहित हो उठे। इस दौरान लोगों ने नए उपकरणों के साथ सेल्फी ली और जानकारी हासिल की।

फोटो: *दिनेश डाबी, अनुग्रह सोलोमन*

## समिट में आज

*समिट के दूसरे दिन मंगलवार को प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन होगा। इसके लिए देश-विदेश से 6500 से ज्यादा प्रवासियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें से 4 हजार के आने की उम्मीद जताई जा रही है। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शामिल होंगे।*

### इन विषयों पर सेशन

- **स्टार्टअप्स:** भविष्य के अवसर
- **शिक्षा:** और अवसरों को जोड़ना
- **सस्टेनेबल फाइनेंस:** सार्वजनिक और निजी निवेश
- **कृषि-व्यवसाय नवाचार:** मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाना
- **स्वास्थ्य सेवा और नवाचार**
- **बुनियादी ढांचा:** आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी
- **इन देशों के सेशन:** यूएसए, जर्मनी, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया

सत्र सस्टेनेबल माइनिंग

## '82 वाणिज्यिक खनिजों में से 52 का उत्पादन'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के पहले दिन सस्टेनेबल माइनिंगः सेफगार्डिंग द फ्यूचर विषय पर सत्र में केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी.किशन रेड्डी ने कहा कि विजन-2047 के तहत खनिजों में आत्मनिर्भरता हासिल करना प्राथमिकता है।

राजस्थान खनिज सुरक्षा में सबसे आगे है। राज्य 82 वाणिज्यिक खनिजों में से 52 का उत्पादन करता है। जस्ता और चांदी जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का उत्पादन करने वाला एकमात्र राज्य है। रेड्डी ने कहा कि राजस्थान की खनिज नीति 2024 खनिजों की खोज पर जोर देते हुए नीलामी प्रक्रिया को व्यवस्थित करती है। सत्र में संसाधन संरक्षण और खनन क्षेत्र को नया आकार देने में पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस संचालित नवाचारों और नवीकरणीय ऊर्जा की भूमिका के रुझानों और मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाया गया।

सत्र हर स्टोरी : एडवांसिंग इन्क्लूजिव सोसायटीज

# संघर्ष से शुरुआत, पहुंचीं शिखर पर हर महिला बने वित्तीय आत्मनिर्भर

### सफल महिला उद्यमियों ने बयां की अपनी उद्यम यात्रा की कहानियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राइजिंग राजस्थान के पहले दिन महिला उद्यमियों के लिए विशेष सत्र 'हर स्टोरी' : एडवांसिंग इन्क्लूजिव सोसायटीज आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं की सफलता की कहानियों पर चर्चा हुई और निवेशकों से महिलाओं के व्यवसायों में निवेश करने का आग्रह किया गया।

### 10 महिलाओं से शुरूआत...

**हस्तशिल्प** डिजाइनर एवं सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी ने कहा कि उन्होंने बाड़मेर में 10 महिलाओं के स्वयं सहायता समूह से शुरूआत की। आज 50 हजार महिलाएं उनसे जुड़ी हुई हैं। डॉ. श्वेतांशु भूषण ने विभिन्न वर्गों में ग्रामीण महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की तथा ग्रामीण महिलाओं को समाज में बदलाव का गेमचेंजर बताया। सत्र में असेवारे फिन्टेच सर्विसेज स्टार्टअप की मुख्य कार्यकारी अधिकारी व प्रबंध निदेशक निमिषा जे.वडक्कन ने कहा कि बैंकिंग सर्विस डिलिवरी को घर तक लाने का काम उनके ऐप के माध्यम से किया जाता है। उनकी कंपनी में 60 प्रतिशत महिला कार्मिक हैं और राजस्थान के 18 जिलों में वे काम कर रही हैं।



### एक लाख लखपति दीदियों का करेंगे सम्मान: सीएम

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के अनुसार इस देश में केवल चार जातियां हैं। महिला, किसान, युवा और मजदूर। इस मंशा को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर में सवा लाख छात्राओं को साइकिल, 21 हजार बालिकाओं को स्कूटी, महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया जाएगा। एक लाख नवीन लखपति दीदी का सम्मान भी किया जाएगा।

### 'एक दूसरे के मार्गदर्शन से आगे बढ़ें महिलाएं'

**उप-मुख्यमंत्री** दिया कुमारी ने कार्यक्रम में निवेशकों से राजस्थान की महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने और उनके कारोबार में निवेश करने की अपील की। उन्होंने महिलाओं को एक-दूसरे का साथ देने, मार्गदर्शन करने और उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया।

सत्र खारे पानी में डेनिश तकनीक उपयोगी

## डेनमार्क की जल नीतियां राजस्थान के लिए फायदेमंद



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** डेनमार्क की जल प्रबंधन की नीतियां और उपाय राजस्थान जैसे प्रदेश के लिए फायदेमंद हो सकती हैं। डेनमार्क दूतावास के मिनिस्टर काउंसलर सोरेन ने सोमवार को राइजिंग राजस्थान समिट के डेनमार्क कंट्री सेशन को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में पेयजल की कमी को देखते हुए पानी बचाने व जल शुद्धता की तकनीकों पर काम करने की आवश्यकता है। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने प्रदेश में पानी के विकट स्थितियों का जिक्र करते हुए बताया कि करीब सत्तर प्रतिशत ब्लॉक ड्राई हो रहे हैं।

सत्र प्रमोटिंग इनक्लुसिव टूरिज्म

## डब्ल्यू-ए-आर पर्यटन की नई परिभाषा, ज्योतिष पर्यटन भी




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** कवि शैलेष लोढ़ा ने राज्य के पर्यटन को नया नाम देते हुए कहा, राजस्थान डब्ल्यू-ए-आर से जुड़ा है डब्ल्यू वेडिंग डेस्टिनेशन, ए आर्ट और आर धार्मिक पर्यटन। यहां ज्योतिष के लिए लाखों लोग आते हैं, यह भी पर्यटन है। इस पर उनके सहपाठी रहे केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पूछा, आप किस ज्योतिषी के पास जाते हो। जवाब में लोढ़ा ने कहा, मेरे पास हुनर का साथ था, उसके पास लकीरों का हाथ था। शेखावत ने लोढ़ा से कहा कि मैं आपका ज्योतिषी जानता हूं और तकदीर बदलने वाली लकीर भी।

सत्र मैन्यूफैक्चरिंग विद इंडस्ट्री 4.0

# एआई से एचआई हमेशा एक कदम आगे ही रहेगा: गोयल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




**जयपुर.** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से नौकरियों को खतरा नहीं है बल्कि इससे रोजगार के ज्यादा अवसर बनेंगे। एचआई हमेशा एआई से एक कदम आगे ही रहेगा। केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को राइजिंग राजस्थान में ट्रांसफॉर्मिंग मैन्यूफैक्चरिंग विद इंडस्ट्री 4.0 सत्र के दौरान कहा कि राजस्थान में अब मेकर्स एवं शेपर्स दोनों ही उपलब्ध हैं। यहां पर्यटन को एआई के साथ जोड़ने पर और अधिक अच्छे परिणाम आ सकते हैं। प्रदेश के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश के उद्योग नवीनतम बदलावों और तकनीक जैसे रोबोटिक्स, एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग जैसे नवाचारों को अपना रहे हैं।

### डेडिकेटेड डेटा सिटी

**गोयल** ने बताया जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेस-वे के आसपास डेडिकेटेड डेटा सेंटर के लिए जमीन तलाश की जा रही है। यह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सिटी होगी जो एआई के डेटा पर काम करने वाली कंपनियों के लिए हब बन सकेगी।

### डेटा से एआई बढ़ा रहा क्षमताएं

**मैन्यूफैक्चरिंग** इकाइयों में जो डाटा एकत्र हो रहा है, एआई उसका विश्लेषण कर निर्माण की क्षमताएं बढ़ा रहा है। सत्र के दौरान पैनल डिस्कशन में साइबर सिक्यूरिटी और रोजाना बड़ी मात्रा में एकत्र हो रहे डेटा के विश्लेषण को चुनौती माना गया। पैनल में दीपक शेट्टी, दिलीप साहनी, संदीप पटेल, कमल बाली, विशाल धुपर, तेजप्रीत सिंह ने हिस्सा लिया।

**सरकार ईमानदारः** गोयल ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार इतनी ईमानदारी से कार्य कर रही है कि कोई एक आरोप तक नहीं लगा सकता है।

### देरी से पहुंचे विधायकों को नहीं मिला प्रवेश



**समिट** के उद्घाटन सत्र के दौरान विलम्ब से पहुंचने वाले विधायकों को अंदर जाने से रोक दिया। इनमें विधायक बाबा बालकनाथ, जीवाराम चौधरी, नौक्षम चौधरी, शांता अमृत मीणा सहित कई शामिल थे। इन नेताओं को जेईसीसी परिसर के बाहर ही रोक दिया गया। पुलिसकर्मियों से जद्दोजहद भी हुई, लेकिन सुरक्षा का हवाला देते हुए किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया गया। इनमें कुछ तो लौट गए और जो डटे रहे उन्हें उद्घाटन सत्र के बाद प्रवेश मिल पाया। कुछ डेलीगेट्स ने भी प्रवेश नहीं देने को लेकर हंगामा किया।

### फोटो खिंचाने को लेकर मची होड़

***समिट** में पहुंचे निवेशक व अन्य लोगों के बीच फोटो खिंचवाने को लेकर होड़ मची रही। मंत्री एवं उद्योगपतियों के साथ भी लोगों में सेल्फी को लेकर क्रेज रहा। राजस्थान के अभिनेता शैलेष लोढ़ा और नकुल मेहता के साथ फोटो खिंचवाने के लिए लोग मंच पर पहुंच गए।*

### मंत्रियों को करना पड़ा इंतजार

***केन्द्रीय** मंत्री प्रल्हाद जोशी, गजेन्द्र सिंह शेखावत, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर अलग-अलग सत्रों में शामिल होने के लिए तय समय पर पहुंचे, लेकिन पहले से चल रहे सत्रों के देर तक चलने से इन मंत्रियों को काफी देर तक बाहर ही खड़े रहना पड़ा।*

### माइक हुए बंद

***जापान** के कंट्री सेशन के दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की मौजूदगी में राजदूत किची ओनो का संबोधन शुरू होते ही माइक बंद हो गया, जिसके कारण कुछ देर उन्हें बिना माइक बोलना पड़ा। उधर, रीजनल वाटर सिक्योरिटी को लेकर चल रहे सत्र में माइक बंद होने से कई लोगों को सवाल पूछने में परेशानी हुई।*

### लंच में अव्यवस्था

***जनरल** डेलीगेट्स के लिए रखे गए लंच स्थल पर एक साथ भीड़ बढ़ने से खाने के लिए छीना-झपटी की स्थिति बन गई। इसके कुछ लोगों ने तो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो चर्चा में रहे।*

### जगह पड़ी छोटी

***मीटिंग** हॉल की बैठक क्षमता कम होने से इनमें काफी संख्या में लोग खड़े रहे। इस दौरान स्क्रीनों के आगे भी लोगों के आने से लोगों को स्क्रीन का कंटेंट पूरी तरह नजर नहीं आ रहा था।*

### दिए विजिटिंग कार्ड

***समिट** में हो रहे प्रजेंटेशन उद्योगपतियों और निवेशकों को एक दूसरे के करीब ला रहे हैं। सत्रों के दौरान कम्पनियों की ओर से किए जा रहे नवाचार को देख कर लोग सत्र के बाद उनके विजिटिंग कार्ड मांगते नजर आए।*

सत्र सस्टेनेबल एनर्जी इकोनॉमी

## राजस्थान को मिला 2 हजार मेगावाट का नया सोलर पार्क

### मंत्री जोशी बोले, आने से पहले स्वीकृत करके आया हूं



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** केन्द्र सरकार ने प्रदेश में 2 हजार मेगावाट के नए सोलर पार्क को मंजूरी दी है। इससे 340 करोड़ यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। निर्माण लागत की 30 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार देगी। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। 'ट्रांजिशन टूवडर्स ए सस्टेनेबल एनर्जी इकोनोमी' सेशन में जोशी ने कहा कि समिट में आने से पहले सोलर पार्क की स्वीकृति देकर आया हूं, ताकि यहां घोषणा कर सकूं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसके लिए कई दिनों से प्रयास कर रहे थे। इस पर सीएम ने उनका आभार जताया।

विकास यात्रा | वेदांता समूह के चेयरमैन से राजस्थान पत्रिका की विशेष बातचीत

# भारत की ग्रोथ में राजस्थान चमकता सितारा: अनिल अग्रवाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** इन दिनों गीता ज्ञान और अपनी कारोबारी यात्रा से जुड़े संस्मरण सोशल मीडिया पर साझा कर चर्चित हो रहे वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने राजस्थान में अब अपनी कार्य क्षमता दोगुना करने की तरफ कदम बढ़ाए हैं। इसके लिए जिंक, सिल्वर और लेड क्षेत्र में क्षमता दोगुनी की जा रही है। इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होने जयपुर आए अग्रवाल ने राजस्थान पत्रिका ने बातचीत की। उन्होंने राजस्थान की इकोनोमी ग्रोथ में युवाओं की भूमिका की जरूरत बताई।



**Q.** *आपका समूह राजस्थान में किस क्षेत्र में निवेश करने की योजना बना रहा है?*

**A.** *हम जिंक, सिल्वर और लेड क्षेत्र में क्षमता दोगुनी करने जा रहे हैं। अभी लेड में 1 मिलीयन टन हैं, जिसे दोगुना करेंगे। इसी तरह सिल्वर में 800 टन की क्षमता को बढ़ाकर 1500 टन करेंगे। अभी एमओयू नहीं किया है लेकिन प्रतिबद्धता जता दी है।*

**Q. राजस्थान में इकोनोमी ग्रोथ को कैसे देखते हैं?**

**A.** भारत की तेज ग्रोथ राजस्थान पर टिकी है, बस इससे समझ जाएं राजस्थान चमकता सितारा है। यहां पचासों तरह के पत्थर हैं। जरूरत है स्थानीय युवाओं को आगे लाने की। इन पत्थरों की माइन्स को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर नीलामी में युवाओं को भागीदार बनाना चाहिए। इससे न केवल प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, बल्कि इकोनोमी में स्थानीय योगदान भी होगा। राजस्थान में रॉक फास्फेट, कॉपर, जिंक, लेड के साथ ऑयल और गैस क्षेत्र में भी जबरदस्त स्कोप है।

**Q. राजस्थान में किस क्षेत्र में संभावनाएं हैं?**

**A.** अब टाइम आ गया है कि युवा एक्सप्लोरेशन मशीन लेकर चलें। जमीन के अंदर जो खनिज हैं, उसे निकालें। जो खोजेगा, वही पाएगा। बस, इसी सोच के साथ निवेश की संभावना तलाशने के लिए चलना पड़ेगा। देश, प्रदेश को बड़ा फायदा होगा। एक और क्षेत्र पर्यटन का है... इसे अफोर्डेबल बनाना होगा। पर्यटकों की जरूरत के आधार पर होटल निर्माण करने की है।

**Q. सेमी कंडक्टर क्लस्टर में आप कहां तक पहुंचे हैं?**

**A.** गुजरात में लगा रहे थे, लेकिन प्रोजेक्ट अभी स्टैंडबाय पर रखा है। इसका मतलब यह नहीं कि हम इसमें काम नहीं करेंगे। कुछ समय रोका है और आगे प्लानिंग करेंगे। देश की दूसरी सहयोगी कंपनियां भी इस क्षेत्र में आगे आ रही हैं।

**Q. सरकार से क्या उम्मीद है?**

**A.** उद्योगों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया तेज हो। जो भी लाइसेंस या एनओसी लेनी हो, उसके लिए भी बेहतर सिस्टम डवलप किया जाए। किसी को भी ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े।

**पत्रिका पोल**

Q क्या सीरिया में तख्तापलट के बाद विद्रोही सही तरीके से सरकार चला पाएंगे?

**कल का सवाल था**
क्या ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान सौंपी जा सकती है?

**जवाब**
45% हां | 55% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### बंगाल देसी बम बनाते हुए धमाका, तीन की मौत

**कोलकाता @ पत्रिका.** मुर्शिदाबाद जिले में अवैध देसी बम बनाते समय हुए धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। यह घटना रविवार देर रात सागरपारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत खोयरतला गांव में हुई। मृतकों की पहचान सकीरुल सरकार, मामोन मोल्ला तथा मुस्तकिन शेख (28) के रूप में हुई है। घायल लोग फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि यह धमाका मामोन के घर पर देसी बम बनाते समय हुआ।

### दिल्ली इंद्राणी की याचिका पर नोटिस जारी

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इंद्राणी मुखर्जी की याचिका के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति देने से इनकार करने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। शीना बोरा हत्याकांड में उलझी पूर्व मीडिया कार्यकारी मुखर्जी पेशेवर कारणों से यूके और स्पेन की यात्रा करना चाहती हैं।

### आंध्र डिप्टी सीएम को जान से मारने की धमकी

**अमरावती @ पत्रिका.** एक अज्ञात व्यक्ति ने आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण को जान से मारने की धमकी दी है। बताया जाता है कि व्यक्ति ने कल्याण के कार्यालय में फोन करके यह धमकी दी। इस व्यक्ति ने उपमुख्यमंत्री को आपत्तिजनक संदेश भी भेजा है।

### छग विषाक्त भोजन से 27 बच्चियां बीमार

**बीजापुर @ पत्रिका.** बीजापुर जिले के माता रुक्मिणी धनोरा बालिका आश्रम में 27 बच्चियां विषाक्त भोजन खाकर बीमार हो गईं। बीजापुर के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.आर.पुजारी ने कहा कि 27 बच्चियों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है। नौ को आइसीयू में भर्ती कराया गया। मंडल संयोजक भूपति नक्का ने कहा कि खाने में कुछ गड़बड़ी होने के कारण बच्चों की तबियत खराब हो गई। जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### फिलीपींस ज्वालामुखी फटा, उठा राख का गुबार



**मनीला @ पत्रिका.** फिलीपींस में एक ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद आसमान में 3,000 मीटर तक ऊपर उठा राख का गुबार। सरकार ने छह किमी के दायरे में आने वाले सभी इलाकों को खाली कराने के आदेश दिए हैं। लोगों को निकाला जा रहा है। नेग्रोस द्वीप पर समुद्र तल से 2,400 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित कानलाओन नामक यह ज्वालामुखी फिलीपींस के 24 सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है।

### रूस कोयला खदान में आग, 120 को बचाया

**मास्को @ पत्रिका.** रूस के केमेरोवो क्षेत्र में अलारडिंस्काया कोयला खदान में आग लगने की घटना के बाद 120 लोगों को घटनास्थल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। रूसी आपातकालीन मंत्रालय ने बताया कि घटना के दौरान 44 कर्मचारी कार्यरत थे। घटना में घायलों का नजदीक के अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### हैती जादू टोने का संदेह, 110 लोगों की हत्या

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस @ पत्रिका.** हैती के साइट सोलियल स्लम में एक भीषण हत्याकांड हुआ, जिसमें लगभग 110 लोग मारे गए हैं। इलाके के विव एंसैम गैंग के लीडर मोनेल फेलिक्स को संदेह था कि इस इलाके के लोगों ने उसके बच्चे को बीमार करने के लिए जादू -टोना किया है। इसी संदेह के चलते फेलिक्स ने अपनी गैंग को इस इलाके में रहने वाले लोगों को मारने का आदेश दे दिया।

## कोर्ट न्यूज

### मौत की सजा: दया याचिकाओं के निपटारे के लिए विशेष प्रकोष्ठ बनाने के निर्देश

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाने वाले अपराधियों की दया याचिकाओं पर शीघ्र कार्यवाही के लिए सभी राज्यों में विशेष प्रकोष्ठ गठन के निर्देश दिए हैं। यह प्रकोष्ठ निर्धारित समय सीमा के भीतर दया याचिकाओं के त्वरित निपटान के लिए जिम्मेदार होगा। जस्टिस अभय एस.ओका, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि मौत की सजा की पुष्टि का आदेश मिलने के साथ ही सैशन कोर्ट को तत्काल सरकारी अभियोजक को नोटिस जारी कर लंबित अपीलों, समीक्षा/सुधारात्मक याचिका या दया याचिका के बारे में जानकारी मांगनी चाहिए। साथ ही सभी कानूनी रास्ते समाप्त हो जाने के बाद समय पर वारंट जारी करने के लिए लंबित कार्यवाही की समय-समय पर निगरानी करनी चाहिए। कोर्ट ने दया याचिकाओं के जल्दी निपटारे के लिए गाइडलाइन भी जारी की है।

### सियासी दलों पर 'पोश': कानून लागू करने की मांग चुनाव आयोग से करें - सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुझाव दिया कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून (पोश) राजनीतिक दलों पर लागू करने की मांग अदालत से पहले देश के चुनाव आयोग (ईसीआइ) के सामने रखी जानी चाहिए। यदि ईसीआइ कार्रवाई नहीं करता तो अदालत का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने सुनवाई के बाद याचिका पर आदेश दिया कि याचिका का निपटारा ईसीआइ से संपर्क करने की स्वतंत्रता के साथ किया जाता है। यदि मुद्दा हल नहीं होता है, तो वह न्यायिक मंच से संपर्क करने के लिए स्वतंत्र हैं। याचिकाकर्ता वकील योगमाया एमजी ने मांग की थी कि पोश कानून के तहत नियोक्ता और कार्यस्थल की परिभाषा की व्याख्या में राजनीतिक दलों को भी शामिल किया जाए। उनकी आपत्ति थी कि राजनीतिक दलों

**शीत सत्र:** गतिरोध से जनता के मुद्दे पीछे छूटे, कोई कामकाज नहीं

# सोरोस मुद्दे पर भाजपा, अदाणी मामले में कांग्रेस ने किया हंगामा, संसद ठप

### सभापति धनखड़ के व्यवहार से नाराज विपक्ष, अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** संसद का शीतकालीन सत्र अब पूरी तरह से सत्ताधारी भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप में बदल चुका है। संसद ठप होने के कारण जनता के मुद्दों पर चर्चा पीछे छूट गई है। अदाणी पर अभियोग मामले में कांग्रेस का हंगामा और प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। कांग्रेस के बाद भारत विरोधी अमरीकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के राहुल गांधी व कांग्रेस के संबंधों पर भाजपा भी हंगामे में कूद पड़ी।

राज्यसभा में भाजपा ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी के सोरोस के संगठनों के जरिये देश की सरकार और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। लोकसभा में इस मुद्दे पर जमकर नारेबाजी की। ऐसे में दोनों ही सदनों की कार्यवाही पूरे दिन ठप रही। उधर, विपक्ष ने राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के व्यवहार पर आपत्ति जताते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें कांग्रेस को सपा और तृणमूल कांग्रेस का भी साथ मिल रहा है।



*नई दिल्ली. राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ सोमवार को संसद भवन में सदन के नेता जेपी नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य सांसदों से मुलाकात करते हुए।*

**धनखड़ ने की गतिरोध दूर करने की पहल...** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में गतिरोध दूर करने की पहल के तहत सदन के नेता जेपी नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा विपक्षी दलों के सांसदों से मुलाकात की। आगे चर्चा के लिए उन्हें मंगलवार सुबह 10.30 बजे फिर बुलाया है।

**अविश्वास प्रस्ताव पर 60 सांसदों के हस्ताक्षर**

**राज्यसभा** में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत विपक्षी दलों के सांसद सभापति जगदीप धनखड़ पर पक्षपात का आरोप लगा रहे हैं और उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी में हैं। अदाणी के मामले में प्रदर्शनों से दूर रही टीएमसी व सपा भी अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि प्रस्ताव तैयार है, करीब 60 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर भी हो चुके हैं।

**यह है प्रक्रिया...**

**उपराष्ट्रपति** एवं राज्यसभा के पदेन सभापति को हटाने के लिए कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर के साथ प्रस्ताव को 14 दिन पहले राज्यसभा सचिवालय भेजना होता है। बहुमत से पारित होने पर यह प्रस्ताव लोकसभा भेजा जाता है। जहां से पारित होने के बाद ही उपराष्ट्रपति व सभापति को हटाया जा सकता है।

### लोकसभा: बिरला की चेतावनी पर भी नहीं माने सांसद

**लोकसभा** की कार्यवाही सोमवार को शुरू होने के कुछ सेकेंड बाद ही स्थगित हो गई। कांग्रेस सांसदों ने जमकर हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी कांग्रेस के सांसदों के साथ खड़े रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बार-बार समझाया कि प्रश्नकाल सांसदों के लिए होता है पर कांग्रेस सांसदों ने प्रश्नकाल नहीं चलने दिया। भाजपा सदस्यों ने सोरोस मामले में नारेबाजी की। कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

**राज्यसभा: नड्डा-खरगे में वार-पलटवार, आसन पर आरोप**

**राज्यसभा** में नेता सदन और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोरोस का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा जिस तरह एक पार्टी के विदेशी ताकतों से संबंध की खबरें आई हैं, उससे हमारे सदस्य उद्वेलित हैं और इस पर चर्चा चाहते हैं। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सभापति धनखड़ पर सीधे पक्षपात का आरोप लगाते हुए नड्डा के आरोपों को पूरी तरह से असत्य करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल के लोग खुद 'गद्दारी' कर रहे हैं। इस दौरान दोनों पक्ष नारेबाजी करते रहे।

**तख्तापलट:** अल-बशर होंगे सीरिया के प्रधानमंत्री

# असद के भागने के बाद इजरायल-अमरीका ने भी किए हवाई हमले



**मजदल शम्स** शहर में सोमवार को अल्फा लाइन के किनारे एक टैंक के ऊपर बैठे इजरायली सैनिक। यह लाइन इजराइल द्वारा कब्जा किए गए गोलान हाइट्स को सीरिया से अलग करती है।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दमिश्क.** सीरिया में तख्तापलट और अपदस्थ सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के रूस भाग जाने के बाद प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल-जलाली ने सोमवार को कहा कि हम पावर ट्रांसफर पर काम कर रहे हैं। हालात कल की तुलना में बेहतर हुए हैं। सोमवार को आई खबरों के अनुसार विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम के प्रमुख अधिकारी अल-बशीर को पीएम नियुक्त किया जा रहा है।

असद के भाग जाने के बाद अमरीका ने भी सीरिया में हवाई बमबारी शुरू कर दी है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इस्लामिक स्टेट के फिर से उभरने को रोकने के लिए आतंकी समूह के ठिकानों पर हमले किए गए। इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन ने सोमवार को कहा कि संदिग्ध रासायनिक हथियार स्थलों पर हमले किए ताकि इन्हें गलत हाथों में पड़ने से रोका जा सके। वहीं, तुर्की ने भी पूर्वी अलेप्पो में अमरीका समर्थित कुर्द सेना पर हमला किया।

**भारत की अपील**

### सीरिया की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखें

**नई दिल्ली.** भारत सरकार ने सोमवार को कहा कि सीरिया के घटनाक्रम पर हमारी नजर है। हमारी अपील है कि सीरिया की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हो। लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए वहां शांति के साथ राजनीतिक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। शांति और स्थिरता की बहाली के लिए सभी पक्ष कूटनीतिक और राजनीतिक उपायों पर चलें।

**रूस ने कबूला, हमने दी शरण:** रूस ने सोमवार को कबूल किया कि अपदस्थ राष्ट्रपति असद व उनके परिवार को मानवीय आधार पर शरण दी गई है। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'व्यक्तिगत रूप से' असद और उनके परिवार को मास्को में शरण दी है।

**राजस्थान:** फेस रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर से किया मिलान, तीन गिरफ्तार

# एआइ से 2.70 करोड़ की चोरी का खुलासा, ढूंढ निकाले नकाब के पीछे के असली चेहरे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर/चूरू.** राजस्थान में संभवता पहला ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीक से 2.70 करोड़ की चोरी करने वालों को गिरफ्तार किया गया है। चूरू के रतनगढ़ शहर में एक ज्वैलरी शोरूम में पांच चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने नकाब और दस्ताने पहने हुए थे।

एसपी जय यादव ने बताया कि वारदात की सूचना मिलने पर बड़ी सीसीटीवी फुटेज खंगाले। नकाब लगाए चोरों के कई एंगल से फुटेज में आंखें नजर आ रही थीं। इनमें फेस रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर से 100 से अधिक चेहरे निकाले गए, जिसमें चोरों के चेहरों से मिलती-जुलती फोटो बनाकर पहचान की और 3 लोगों को गिरफ्तार किया। अभी दो चोर फरार हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनकी गैंग ने राजस्थान, यूपी, बिहार, झारखंड, प. बंगाल सहित कई राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। गैंग में शामिल चार आरोपी यूपी के और एक राजस्थान का है। ये ज्वैलरी शोरूम से 17 लाख रुपए नकदी, 1.5 किलो सोना और 2 क्विंटल चांदी के बर्तन चुरा ले गए थे।

**सैकड़ों फुटेज जोड़ पुलिस पहुंची चोरों तक**

**पुलिस** के पास चोरों के फुटेज तो हाथ लग गए, लेकिन किसी भी फुटेज में एक भी चोर का चेहरा नहीं दिख पा रहा था। पुलिस ने एसओजी, जयपुर और दूसरे राज्यों की पुलिस की मदद ली। एआइ की एलपीएल तकनीक से फुटेज में आई आंखों से चोरों के चेहरे की फोटो निकाली। कार के भी कई एंगल के फुटेज जोड़कर एआइ से गाड़ी के असली नंबर का पता किया। चोरों ने दिल्ली की कार पर राजस्थान नंबर की प्लेट लगा दी थी।

**रूस में कार्रवाई**

### भारत में धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर्स पर मारे छापे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मास्को.** रूस की संघीय सुरक्षा सर्विस (एफएसबी) ने सोमवार को खुलासा किया कि उसने भारत सहित कई अन्य देशों के लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले एक कॉल सेंटर्स के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर छापा मारकर उसे बंद कर दिया है। कॉल सेंटर एक अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूह का हिस्सा थे, जो निवेश लेनदेन की आड़ में यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, ब्राजील, भारत, जापान के लोगों के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करते थे। 50 से अधिक देशों में रहने वाले लगभग एक लाख लोग उनकी गतिविधियों के शिकार बन चुके हैं।

**ताकत:** ब्रह्मोस जैसी कई मिसाइलों से है लैस

# भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आइएनएस 'तुशिल'



**कलिनिनग्राद.** नौसेना अधिकारियों से हाथ मिलाते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मॉस्को.** अत्याधुनिक युद्धपोत आइएनएस तुशिल सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में रूस के कलिनिनग्राद में यंतार शिपयार्ड में आइएनएस तुशील (एफ 70) का जलावतरण किया गया। इस भारत में आने पर तुशिल नौसेना की पश्चिमी कमान के अधीन काम करेगा। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में इस कमीशनिंग को भारत की बढ़ती समुद्री ताकत और भारत-रूस की दोस्ती का प्रमाण बताया।

### रोक सकता है कई तरह के हमले

**आइएनएस** तुशिल 125 मीटर लंबा और 3,900 टन वजनी है। यह समुद्र में कई तरह के हमलों को रोकने में सक्षम है। इसमें हवा, पानी की सतह, पानी के भीतर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध जैसी कई तरह की स्थितियों में लड़ने की क्षमता है। यह ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित कई अन्य हथियारों से लैस है। जहाज में आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली भी है जो दुश्मन के संचार और रडार सिस्टम को जाम कर सकती है। यह कामोव 28 और कामोव 31 जैसे हेलिकॉप्टर को ले जाने में सक्षम है। 30 समुद्री मील प्रति घंटे से तेज दौड़ सकता है

**देश में सबसे ज्यादा**

### तमिलनाडु में पैदा होता है सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा

**चेन्नई @ पत्रिका.** देश में हर साल 41.36 लाख टन प्लास्टिक कचरा पैदा हो रहा है जबकि अकेले तमिलनाडु में सालाना 7.82 लाख टन प्लास्टिक कचरा निकलता है। इस तरह यह राज्य देश में सबसे बड़ा प्रदूषक है। तेलंगाना दूसरे और दिल्ली तीसरे नंबर पर है। यह जानकारी सोमवार को संसद को दी गई। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने एक लिखित जवाब में लोकसभा को बताया कि देश में प्लास्टिक कचरे का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2022-23 में 41.36 लाख टन प्लास्टिक कचरा पैदा हुआ।

### महाकुंभ: 11 टन रंग से बन रही दुनिया की सबसे बड़ी रंगोली





**प्रयागराज.** महाकुंभ से पहले यमुना क्रिश्चियन कॉलेज में दुनिया की सबसे बड़ी रंगोली बनाई जा रही है। 55,000 वर्ग फीट क्षेत्र में फैली रंगोली में 11 टन रंग का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है।

## ट्रेंडिंग न्यूज



**एआइ से आएंगे बड़े बदलाव: जैक मा**

**अलीबाबा** के को-फाउंडर जैक मा ने कहा है कि अगले 20 वर्षों में एआइ के बदलाव कल्पना से भी परे होंगे। वर्ष 2020 में चीनी सरकार की जैक की कंपनियों पर सख्ती के बाद वह बहुत कम मौकों पर सामने आए हैं।

**अनुष्का बनीं कैम्ब्रिज सोसायटी अध्यक्ष**

**ब्रिटिश-भारतीय** छात्रा अनुष्का काले को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की दुनिया की सबसे पुरानी डिबेटिंग सोसाइटी में से एक कैम्ब्रिज यूनियन सोसायटी का अध्यक्ष चुना गया है। काले आगामी ईस्टर 2025 कार्यकाल के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं।



**मार्शल लॉ: राष्ट्रपति पर ट्रैवल बैन**

**दक्षिण** कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल पर ट्रैवल बैन लगा दिया गया है। अब वे देश छोड़कर नहीं जा सकेंगे। यह बैन मार्शल लॉ पिछले सप्ताह मार्शल लॉ लगाने के कारण लगाया गया है, वहीं विपक्ष योल पर एक और महाभियोग लाने की तैयारी में है।



**अजब** जापान में अब एक दिवसीय स्कूल पर्यटन, 17 हजार रुपए में स्कूल में दाखिला

# दिल तो बच्चा है... एक दिन के लिए विद्यार्थी बनने का मौका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**टोक्यो.** जैसे-जैसे जापान का मंगा और एनीमे कल्चर वैश्विक लोकप्रियता हासिल कर रहा है, जापान की स्कूलों के बारे में लोग अधिक से अधिक जानना चाहते हैं। इस बीच जापान की एक कंपनी 'एंदोकैया' पर्यटकों के लिए 'योर हाई स्कूल' स्कीम लाई है। मकसद विदेशी पर्यटकों को जापानी स्कूल संस्कृति का अनुभव देने के साथ स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना है।

किसी भी उम्र के पर्यटक 30,000 येन (करीब 17000 रुपए) में 'एक दिन के विद्यार्थी' बन सकते हैं, प्रति दिन 30 प्रतिभागियों को 'स्कूल में दाखिला' दिया जाता है।

**आत्मनिर्भरता व स्वच्छता के सबक**

- **आपदा अभ्यास:** भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं में सुरक्षित रहना भी कक्षाओं में सिखाया जाता है। जल्दी से डेस्क के नीचे छिप जाना जैसे आपदा अभ्यास आयोजित होते हैं।
- **पारंपरिक परिधान:** पर्यटक राष्ट्रीय पोशाक किमोनो पहन सकते हैं, जापानी 'कटाना' तलवार का उपयोग करना सीख सकते हैं या जापानी पारंपरिक नृत्य में भाग ले सकते हैं।
- **रस्साकशी जैसे खेल:** लंच के बाद विद्यार्थी इतिहास और फिजिकल एजुकेशन (पीई) की कक्षाओं में भाग लेते हैं। इनके दौरान वे रस्साकशी जैसे खेलों का आनंद ले सकते हैं।
- **कक्षा की सफाई:** साफ-सफाई के लिए विख्यात जापान के विद्यार्थी जीवन के सबक में छुट्टी होने से पहले कक्षा की सफाई करना शामिल है। उन्हें हाईस्कूल का प्रमाणपत्र भी दिया जाता है।

**साथ में करते हैं लंच, पसंद के अनुसार पहनते यूनिफार्म**



**ऐसे होती है स्कूल में पढ़ाई, शिक्षक भी दिलचस्प**

**पर्यटक** अपनी पसंद के अनुसार नाविक या सिस्टर जैसी यूनिफार्म चुन सकते हैं। अलग-अलग कक्षाओं में बैठाया जाता है और जापानी कैलीग्राफी सिखाई जाती है। अंग्रेजी भाषा में पढ़ाते हैं, ताकि पर्यटकों को आसानी हो। यहां के एक होमरूम टीचर हिदेओ ओनिशिमा, कभी अपराधी थे, जिन्होंने एक गुरु से मिलने के बाद शिक्षक बनने का फैसला लिया।

### 'शैतानियों' में साथ देने आएंगे 'यांकी'

**शारीरिक** शिक्षा की पढ़ाई के दौरान उनका सामना 'यांकी' से भी होगा। जापान का यांकी कल्चर ऐसे लोगों से जुड़ा है जो आमतौर पर हाई स्कूल के विद्रोही छात्र होते हैं। ये अपने बालों को सुनहरे या नारंगी रंग में रंग लेते हैं, गंदे कपड़े पहनते हैं। 'यांकी' शोरगुल करने और जापानी समाज के सख्त तौर-तरीकों में भाग लेने से इनकार करने के लिए प्रसिद्ध हैं। चलती कक्षा में यांकी बेसबॉल बैट लेकर आते हुए कक्षाओं में बाधा डालते हैं।

"स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।